सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 09 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 155, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 719 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 719 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 244 अंक की गिरावट आई। } 10

## देश में पिछले 12 वर्षों में आये कई परिवर्तन : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 12 वर्षों में उठाए गए विभिन्न कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत ने कई परिवर्तन देखे हैं और इन परिवर्तनों का मूल गरीबों का कल्याण है। } 12

# इजराइल-ईरान ने एक दूसरे पर किये हमले

○ पश्चिम एशिया के सामने फिर युद्ध छिड़ने की आशंका ○ तेहरान समेत कई शहरों में सुने गये धमाके

एजेंसी

दुबई। ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने के बाद जवाबी कार्रवाई में इजराइल ने सोमवार तड़के तेहरान के मध्य और पश्चिमी हिस्सों पर हवाई हमले किए। इन हमलों से पूरे पश्चिम एशिया के सामने एक बार फिर युद्ध छिड़ने की आशंका पैदा हो गई है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खबर में बताया कि इस्फहान, करज, तबरीज और तेहरान में धमाकों की आवाजें सुनी गईं। हालांकि, फिलहाल इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। तेहरान में एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि राजधानी के पश्चिमी हिस्से में कम से कम एक बड़े धमाके की आवाज सुनाई दी। इजराइली हमलों के बाद ईरान ने तेहरान के इमाम खुमैनी



अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास का हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। इजराइल की सेना ने कहा कि यमन की ओर से एक मिसाइल दागे जाने के बाद सोमवार को देश के कई हिस्सों में सायरन बज उठे। हालांकि, सेना ने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने या कहीं मिसाइल गिरने की कोई सूचना नहीं मिली है। यमन के बड़े हिस्से पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है। इससे पहले भी इजराइल-हमास युद्ध के दौरान और उसके बाद हूती विद्रोहियों ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागी थीं, लेकिन वे ईरान-इजराइल के मौजूदा संघर्ष में पूरी तरह शामिल नहीं हुए हैं। हूतियों ने अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, अतीत में कई बार उन्होंने हमलों की जिम्मेदारी देर से स्वीकार की है। ईरान के अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि किन ठिकानों को निशाना बनाया गया और न ही किसी संभावित नुकसान के बारे में जानकारी दी। ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि इजराइल ने सोमवार सुबह के हमले में बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया, लेकिन इससे अधिक विवरण नहीं दिया। ईरान में हमले शुरू करने के बाद इजराइल ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, कुछ देर पहले इजराइल की वायुसेना ...शेष पृष्ठ 10 पर

# फिलीपीन में 7.8 तीव्रता का भूकंप, 32 की मौत

○ 200 से अधिक घायल, कई इमारतें जमींदोज ○ सुनामी की तीन फुट ऊंची उठीं लहरें

एजेंसी

मनीला (फिलीपीन)। दक्षिणी फिलीपीन के मिंडानाओ क्षेत्र में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया जिससे कुछ तटीय क्षेत्रों में सुनामी की तीन फुट उंची लहरें उठीं। फिलीपीन में भूकंप के बाद बिजली गुल होने की सूचना मिली और राष्ट्रपति बोंगबोंग मार्कोस ने लोगों से ऊंचाई वाले स्थानों पर जाने का आग्रह किया। भूकंप के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 17 लोग मारे गए। इसी के साथ इस क्षेत्र में भूकंप से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 32 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सारंगानी प्रांत के आपदा प्रबंधन अधिकारी रेने पुंजालन ने डीजेडबीबी रेडियो नेटवर्क को बताया कि ग्लान के




पहाड़ी कस्बे में भूकंप के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में कई घर आ गए और इस हादसे में 13 ग्रामीणों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सारंगानी में चार अन्य ग्रामीणों की मौत के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। अधिकारी ने बताया कि इसी के साथ इस साल फिलीपीन द्वीपसमूह में आए सबसे शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 32 हो गई है। भूकंप के कारण दक्षिणी फिलीपीन में छोटी इमारतें ढह गईं और सुनामी की छोटी लहरें उठीं। इंडोनेशिया, पलाऊ और दक्षिणी जापान तक इन सुनामी लहरों का असर देखा गया। फिलीपीन ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान के अनुसार, भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप पर स्थित जनरल सैंटोस शहर से 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 37 मिनट पर आया। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने भूकंप आने के बाद कहा था कि फिलीपीन के कुछ समुद्री तटों पर सुनामी की तीन मीटर उंची लहरें आ सकती हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया के कुछ तटों पर एक मीटर तक ऊंची लहरें आने की आशंका हैं। संस्थान के प्रमुख टेरेसिटो बाकोलकोल ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा, हम लोगों को सलाह देते हैं कि वे ऊंचाई वाले स्थानों पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

## शांतिपूर्वक संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की पारदर्शी और सख्त परीक्षा व्यवस्था के बीच आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के सभी 75 जिलों के 1183 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में कराई गई। भर्ती बोर्ड ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 जून 2026 को आयोजित परीक्षा के लिए कुल 9,62,832 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था। इनमें से 7,23,540 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जो कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों का 75.15 प्रतिशत है। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर शासन, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की तैयारियां प्रभावी साबित हुईं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रही।

## अयोध्या में एक लाख का इनामी ढेर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अयोध्या जिले में हुई मुठभेड़ में हत्या, लूट, रंगदारी और सुपारी किलिंग जैसी कई संगीन वारदातों में वांछित तथा एक लाख रुपये के इनामी अपराधी भानु प्रताप सिंह उर्फ बबलू को मार गिराया। घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए बदमाश की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। एसटीएफ के अनुसार सात और आठ जून की मध्यरात्रि को अयोध्या के महाराजगंज थाना क्षेत्र में अभियान के दौरान भानु प्रताप सिंह की मौजूदगी की सूचना मिली थी। वह अपने साथियों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। सूचना के आधार पर एसटीएफ प्रयागराज इकाई ने घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की।

# पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर विकसित होंगे रजिस्ट्री ऑफिस

## तकनीक की मदद से रजिस्ट्री कार्यालयों को बनायें पारदर्शिता और जनसुविधा का आदर्श मॉडल: सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, निवेश गतिविधियों और शहरीकरण की आवश्यकताओं के अनुरूप विभाग को अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित, उत्तरदायी और जनसुविधा केंद्रित बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय आमजन के प्रत्यक्ष संपर्क वाले कार्यालय हैं, इसलिए वहां की व्यवस्थाएं आधुनिक, व्यवस्थित और नागरिक केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने उप निबंधक कार्यालयों को चरणबद्ध ढंग से पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर विकसित करने की आवश्यकता बताई।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के रजिस्ट्री कार्यालयों में प्रतिवर्ष लगभग 2.4 करोड़ लोगों का प्रत्यक्ष संपर्क होता है। इसे देखते हुए हेल्प डेस्क, टोकन एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम,




आधुनिक प्रतीक्षालय, महिला एवं शिशु कक्ष, डिजिटल सुविधाएं तथा अन्य नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए जिससे नागरिकों को अनावश्यक प्रतीक्षा और असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग राज्य की राजस्व व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2016-17 में विभाग की सकल आय 11,613.84 करोड़ रुपये थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 32,598.49 करोड़ रुपये हो गई है। इसी अवधि में पंजीकृत लेखपत्रों की संख्या 28.25 लाख से बढ़कर 49.34 लाख से अधिक हो गई। मुख्यमंत्री ने इस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए राजस्व वृद्धि के साथ सेवा गुणवत्ता और नागरिक संतुष्टि को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस विभागीय सुधारों का प्रमुख आधार बनना चाहिए। संपत्ति एवं विवाह पंजीकरण में आधार प्रमाणीकरण, बायोमेट्रिक और आईरिस आधारित सत्यापन, ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन तथा खतौनी आधारित डिजिटल जांच जैसी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जाए। पेपरलेस रजिस्ट्रेशन प्रणाली, अभिलेखों के डिजिटाइजेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कार्यप्रणाली तथा जियो-टैगिंग व्यवस्था को तेजी से लागू करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी में 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन होंगे स्थापित : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम पूवार्नुमान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में किए गए कार्यों के परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना से उत्तर प्रदेश को विशेष लाभ मिलेगा। यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। महज 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि में यूपी देश का 21 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन करता है। समय पर मौसम, बारिश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि या ओलावृष्टि की जानकारी नहीं मिलेगी तो हम किसानों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना मौसम की और सटीक जानकारी प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रदेश में बनेंगे पांच नये आयुष चिकित्सालय व महाविद्यालय

लखनऊ। प्रदेश में आयुष चिकित्सा प्रणाली को मजबूत बनाने और प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में सरकार ने पांच नए एकीकृत आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया है। ये आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालय गोंडा, मीरजापुर, मेरठ, आगरा और बस्ती मंडल में स्थापित किए जाएंगे, जहां विद्यार्थियों को आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान की शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार के निर्णय से न केवल प्रदेश में आयुष शिक्षा का दायरा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। नए महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र में हादसा, नौ की मौत

## क्रेन से 1600 डिग्री सेल्सियस गर्म पिघला लोहा गिरा

एजेंसी

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में हुए एक बड़े हादसे में आठ श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में बड़ी मात्रा में पिघले हुए स्टील के रिसाव के कारण हुई। हादसा उस समय हुआ जब क्रेन के जरिये ले जाए जा रहे पिघले लोहे से भरी बाल्टी से गर्म धातु नीचे गिर गई। अधिकारियों के अनुसार, अब तक पांच शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि राहत एवं बचाव कार्य जारी है। पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए पीड़ितों की मदद का एलान किया है। विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में पिघला हुआ लोहा गिरने से कम से कम



नौ मजदूरों की मौत हो गई। इस हादसे में छह अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायल मजदूरों को तुरंत नजदीकी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राजग का समर्थन करेंगे टीएमसी के 20 सांसद

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस का अंदरूनी संकट सोमवार को उस समय और गहरा गया जब पार्टी की वरिष्ठ सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने दावा किया कि पार्टी के करीब 20 सांसदों ने केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का समर्थन करने का फैसला किया है और इसकी औपचारिक जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर दी जाएगी।

इसी के साथ पार्टी की संसदीय इकाई में फूट सार्वजनिक हो गई है और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद पार्टी पर ममता बनर्जी का नियंत्रण और कमजोर हो गया है। यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व को मिली करारी हार के कुछ ही दिनों बाद सामने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रख, विकास को दी रफ्तार

## जौनसार बावर की पहचान अद्वितीय लोक-संस्कृति व सामाजिक एकता से : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जौनसार-बावर की पहचान उसकी अद्वितीय लोक संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता से है। यह क्षेत्र उत्तराखंड की सांस्कृतिक विविधता का महत्वपूर्ण केंद्र होने के साथ-साथ अपनी विशिष्ट जीवनशैली और लोक मूल्यों के लिए भी जाना जाता है। राज्य सरकार इस क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नागथात में आयोजित जौनसार-बावर लोक सांस्कृतिक महोत्सव एवं क्रीड़ा समारोह-2026 के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम



नहीं होते, बल्कि समाज को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जौनसार-बावर सांस्कृतिक पुनरुत्थान समिति द्वारा वर्षों से किए जा रहे प्रयास स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय केदार सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके त्याग और संघर्ष की गाथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे महान व्यक्तित्वों के योगदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जौनसार-बावर की लोक कलाएं, पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य शैलियां और सामाजिक परंपराएं प्रदेश की सांस्कृतिक संपदा हैं। इन परंपराओं में प्रकृति के प्रति सम्मान, सामुदायिक सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का जो स्वरूप दिखाई देता है, वह आज के समय में भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय और पर्वतीय क्षेत्रों ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


○ योगी सरकार ने 11.68 लाख को बनाया साक्षर (पृष्ठ-02)
○ देश में पोषण सुधार का अग्रणी मॉडल बना यूपी (पृष्ठ-02)
○ सोने का भाव 1,100 गिरा, चांदी 5,000 टूटी (पृष्ठ-10)
○ लोगों की किफायती वाहनों व ईवी में बढ़ी दिलचस्पी (पृष्ठ-10)
○ चालू खाता अधिशेष 7.1 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-10)


विशेष खबर

गर्मी और मानसून में लंबे समय तक चलने वाला असहनीय हीट स्ट्रेस जलवायु के लिए खड़ी कर सकता है बड़ी चुनौतियां

# गर्मी व उमस से बढ़ सकता है असहनीय ताप का प्रकोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। अगर वैश्विक तापमान दो डिग्री सेल्सियस और बढ़ा, तो भारत में मानसून के समय पड़ने वाली भारी उमस और गर्मी के कारण लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। इससे गर्मियों के मौसम में होने वाली जानलेवा एवं असहनीय गर्मी का असर और अधिक समय तक बना रहेगा। इसे अनकंपेन्सबल हीट स्ट्रेस (ओएचएस) कहा जाता है। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गयी है।

अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन (एजीयू) एडवांसेज नामक पत्रिका में छपे निष्कर्षों में मानसून के मौसम (जुलाई-अक्टूबर) में असहनीय ताप के प्रकोप पर जोर दिया गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर और अमेरिका के स्टैनफोर्ड और पर्ड्यू विश्वविद्यालयों के अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि दोनों मौसमों गर्मी और मानसून- में लंबे समय तक चलने वाला



असहनीय हीट स्ट्रेस घनी आबादी वाले और संवेदनशील इलाकों में सार्वजनिक स्वास्थ्य, श्रम उत्पादकता और जलवायु लचीलेपन के लिए बड़ी चुनौतियां खड़ी कर सकता है। यूएचएस तब होता है जब बहुत ज्यादा गर्मी और नमी के कारण किसी का शरीर पसीने या दूसरे तरीकों से ठंडा नहीं हो पाता। लगातार गर्मी होने से इंसान के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है, जिसमें गर्मी से जुड़ी बीमारियां, अंगों के निष्क्रय होने का खतरा और मौत शामिल हैं। अध्ययन से पता चलता है कि 1979-2021 की अवधि में, असंतुलित स्तर पर ओएचएस की घटना कई बार हुई है और यह देशभर के अधिकतर इलाकों को प्रभावित कर रहा है। यूएचएस की स्थिति मार्च-जून के गर्मियों के महीनों में जूयादा पाई गई, जिससे भारत का आठ प्रतिशत हिस्सा प्रभावित हुआ और यह सालाना गर्मी से होने वाली मौत के मामलों से भी जुड़ा हुआ था। अनुसंधानकर्ताओं ने लिखा, हालांकि, उमस वाली खतरनाक गर्मी बहुत तेजी से बढ़ेगी। अगर दुनिया का तापमान औद्योगिक काल से पहले के मुकाबले दो डिग्री और बढ़ा, तो मानसून की यह गर्मी देश के लगभग उतने ही बड़े हिस्से को परेशान करेगी, जितना गर्मियों के मौसम में असर होता है। उस वक्त देश का 60 प्रतिशत हिस्सा गर्मियों में और 53 प्रतिशत हिस्सा मानसून में इस खतरनाक गर्मी की चपेट में होगा।

# वकीलों की हड़ताल पर हाईकोर्ट सख्त बार मेम्बर समेत तीन को भेजा नोटिस

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने न्यायिक कार्य के बहिष्कार और वकीलों की हड़ताल को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए सेंट्रल बार एसोसिएशन व लखनऊ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों समेत तीन अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पूछा है कि उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए तथा उनके आचरण की शिकायत बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को क्यों न भेजी जाए। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की अवकाशकालीन पीठ ने यह आदेश अनुराधा सिंह व अन्य की ओर से दाखिल एक केस की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है। सुनवाई के दौरान जिला जज लखनऊ की रिपोर्ट और वीडियो फुटेज भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। इसमें एक अधिवक्ता द्वारा बैठक के दौरान वकीलों में प्लास्टिक की लाठियां बांटने तथा प्रशासन और पुलिस के खिलाफ उत्तेजक टिप्पणियां किए जाने का उल्लेख किया गया है। कोर्ट ने इस घटना को गंभीरता से लिया। पीठ ने अधिवक्ता उत्तम त्रिपाठी, हिमांशु मिश्रा और बृजेश कुमार यादव को भी नोटिस ...शेष पृष्ठ 10 पर

○ 27 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

# वस्त्रोद्योग के लिए नयी कौशल विकास व्यवस्था तैयार हो : सीएम

## ग्रामोद्योग और माटीकला क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को मिले नयी गति

- पारंपरिक कौशल और आधुनिक तकनीक से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था
- उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार होगा कुशल मानव संसाधन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वस्त्र क्षेत्र की वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप व्यापक कौशल विकास कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में निवेश, उत्पादन और रोजगार की दृष्टि से देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उद्योगों को समय पर प्रशिक्षित और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रमों का लक्ष्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित न होकर युवाओं को रोजगार और आजीविका से जोड़ना होना चाहिए।

बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार समर्थ योजना के अंतर्गत अब तक 2.28 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जबकि 1.60 लाख से अधिक प्रशिक्षार्थियों को रोजगार से जोड़ा गया है। महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है और कुल प्रशिक्षार्थियों में उनका हिस्सा 87 प्रतिशत से अधिक है। वहीं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से भी बड़ी संख्या में युवाओं को वस्त्र क्षेत्र से संबंधित विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्त्र क्षेत्र में तकनीकी बदलाव अत्यंत तेजी से हो रहे हैं। ऑटोमेशन, आधुनिक मशीनरी तथा टेक्निकल टेक्सटाइल्स जैसे नए क्षेत्रों के विस्तार को देखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समयानुकूल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक उपयोगी और रोजगारपरक बनाया जाए। बैठक में अधिकारियों ने वस्त्र क्षेत्र के लिए प्रस्तावित कौशल विकास व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसमें उद्योगों, प्रशिक्षण संस्थानों तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रशिक्षण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। प्रौद्योगिकी आधारित व्यवसायों के विकास पर भी चर्चा हुई। माटीकला क्षेत्र की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण रोजगार से सीधे जुड़ा हुआ है।

मिट्टी से निर्मित उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ बड़ी संख्या में कारीगर परिवारों की आजीविका का आधार भी हैं। उन्होंने माटीकला उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने, कारीगरों को आधुनिक डिजाइन, सोलर चाक उपलब्ध कराने, नई तकनीक, बेहतर उपकरण, वित्तीय सहायता और विपणन सुविधाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 तक 1,331 इकाइयों की स्थापना की गई है। इन इकाइयों में 3,302.37 लाख रुपये का पूंजी निवेश हुआ है तथा 557.18 लाख रुपये की मार्जिन मनी सहायता उपलब्ध कराई गई है। माटीकला महोत्सवों, प्रदर्शनियों और मेलों के माध्यम से कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

वर्ष 2025-26 में 300 इकाइयों की स्थापना के लक्ष्य के सापेक्ष बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक उद्योगों को केवल संरक्षण की नहीं, बल्कि नवाचार, ब्रांडिंग, डिजिटलीकरण और आधुनिक बाजार से जुड़ाव की आवश्यकता है। माटीकला के उत्पादों को ई-कॉमर्स, डिजाइन विकास और आधुनिक विपणन प्रणालियों से जोड़कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान दिलाई जा सकती है।

# जरूरतमंदों की शिक्षा बाधित नहीं होने देगी सरकारः योगी

- मुख्यमंत्री से मिलकर बूढ़ी मां संग आई बेटी, खुश होकर लौटी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए लोगों से उन्होंने व्यक्तिगत मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। एक बच्ची ने मुख्यमंत्री से उच्च शिक्षा के लिए मदद की गुहार लगाई, जिस पर उन्होंने लखनऊ के किसी संस्थान में प्रवेश दिलाने का आदेश दिया। पुलिस की अनसुनी व अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर सख्त सीएम योगी ने अफसरों को मॉनीटरिंग कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का आदेश दिया।

लखनऊ की एक बच्ची अपनी बूढ़ी मां के साथ पहुंची। उसने बताया कि इंटरमीडिएट अच्छे अंक से उत्तीर्ण किया है। वह आगे बीटेक करना चाहती है, लेकिन धन के अभाव में दिक्कत हो रही है। सीएम योगी ने उसकी मार्कशीट देखी, फिर कहा कि पढ़ाई पर ध्यान दो। आपका प्रवेश किसी अच्छे संस्थान में कराया जाएगा। सरकार किसी भी निर्धन या जरूरतमंद की शिक्षा को बाधित नहीं होने देगी। सकारात्मक संदेश पाकर प्रफुल्लित बेटी व मां ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों ने मुख्यमंत्री से पुलिस की हीलाहवाली व अवैध कब्जे को लेकर उचित कार्रवाई न होने की शिकायत करते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री ने हर प्रकरण को सुना, फिर शासन के अफसरों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि इन मामलों की मॉनीटरिंग करिए। पीड़ित को न्याय और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराइए। सीएम ने पीड़ितों को जल्द ही समाधान के लिए आश्वस्त किया। कुछ फरियादी ऐसे भी आए, जो सीधे जनता दर्शन में पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा कि आपने जनपद के किस अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर कुछ फरियादियों ने कहा कि हम सीधे यहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गर्मी बेतहाशा पड़ रही है। आप सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और सबसे पहले अपनी शिकायतें जनपद, मंडल स्तर के अधिकारियों से करें। कई समस्याओं का समाधान वहीं से हो जाएगा।

# देश में पोषण सुधार का अग्रणी मॉडल बना यूपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई में देश के लिए एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है। महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की सक्रिय कार्यशैली के चलते प्रदेश में संचालित टेक होम राशन योजना मातृ एवं शिशु पोषण को नई मजबूती प्रदान कर रही है। पोषण, तकनीक, पारदर्शिता और महिला सशक्तीकरण को एक साथ जोड़ने वाली यह व्यवस्था अब राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त कर रही है। सरकार ने भारत सरकार की सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 गाइडलाइन तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2023 के अनुरूप रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने इस नई प्रणाली को बड़े पैमाने पर धरातल पर उतारा है। वर्तमान में प्रदेश में हर महीने लगभग 1.56 करोड़ लाभार्थियों तक पौष्टिक आहार पहुंचाया जा रहा है। इनमें छह माह से छह वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं तथा अतिकुपोषित बच्चे शामिल हैं। सीएम योगी के मार्गदर्शन में यह पहल केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सकारात्मक असर स्वास्थ्य संकेतकों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2019-21 के दौरान प्रदेश में बच्चों में स्टंटिंग यानी नाटेपन की दर 39.7 प्रतिशत से घटकर 31.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। इसके अलावा अल्पवजन और दुबलापन जैसी समस्याओं में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि दशार्ती है कि योगी सरकार की पोषण नीति जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम दे रही है। सरकार में इस योजना के तहत विभिन्न आयु वर्गों के लिए विशेष पोषण उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। शिशु अमृत, शिशु आहार, बाल पुष्टिकर और संपूर्ण मातृ आहार जैसे उत्पाद बच्चों और महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड और ओटीपी आधारित सत्यापन प्रणाली के माध्यम से हर पैकेट की डिजिटल निगरानी की जा रही है।

# इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल हुए लोद अध्यक्ष




**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की सोमवार को आयोजित बैठक में लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने भाग लिया। बैठक में देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक बदहाली, नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियों तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विपक्षी दल इन जनसरोकार के मुद्दों को देशभर में उठाएंगे और केंद्र सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए संयुक्त अभियान चलाएंगे। विशेष रूप से नीट पेपर लीक और अन्य भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं को लेकर युवाओं के साथ हुए अन्याय को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इंडिया गठबंधन ने मतदान अधिकारों से जुड़े मुद्दों एवं चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर भी चिंता व्यक्त की। इन विषयों पर मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर आवश्यक हस्तक्षेप और निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग किए जाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में यह भी तय किया गया कि इंडिया गठबंधन की बैठकें प्रत्येक दो महीने के अंतराल पर आयोजित की जाएंगी।

# पीडब्ल्यूडी में 30 जून तक होगा तबादला

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग में अब अभियंताओं और कर्मचारियों को तबादला 30 जून तक हो सकेगा। इस सम्बन्ध में शासन की ओर से निर्देश जारी हो गये है। यह निर्देश विशेष सचिव प्रभुनाथ ने जारी किया है। बता दें कि कार्य योजना तैयार किये जाने के कारण विभाग के अभियंताओं और कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं हो पाया था। इस दौरान कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा था और यदि तबादला किये जाते तो कार्य प्रभावित होने की संभावना जतायी जा रही थी। फिलहाल तबादला 31 मई तक होना था।

# यात्रियों के लिए खुल गया संजय सेतु, एनएचएआई ने समय से पहले पूरा किया मरम्मत कार्य



**लखनऊ।** लखनऊ और बाराबंकी को बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा तथा बलरामपुर जिलों से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण संजय सेतु पुल को मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद सोमवार को सुबह लगभग 9:30 बजे यातायात के लिए खोल दिया गया। खास बात यह है कि पुल की मरम्मत निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली गई, जबकि कार्य को 15 जून 2026 तक पूरा किया जाना था। मरम्मत कार्य को तेजी और सुरक्षित तरीके से पूरा करने के लिए 16 अप्रैल 2026 से पुल पर यातायात बंद कर दिया गया था। अब पुल के दोबारा शुरू होने से क्षेत्र के लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित, सुगम और निर्बाध हो सकेगा।

संजय सेतु पुल इस क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण संपर्क कड़ी है, जो न केवल रोजमर्रा के आवागमन को आसान बनाता है, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, सामाजिक गतिविधियों एवं आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मरम्मत कार्य के दौरान पुल की संरचनात्मक सुरक्षा एवं उपयोगिता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधार किए गए हैं। पुल के फिर से चालू होने से लखनऊ, बाराबंकी, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा एवं बलरामपुर के बीच संपर्क और अधिक मजबूत होगा तथा यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगा।

इससे यात्रा समय में कमी आने के साथ-साथ परिवहन व्यवस्था भी बेहतर होगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय सड़क अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्यरत है। संजय सेतु पुल का पुनः संचालन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# योगी सरकार ने 11.68 लाख लोगों को बनाया साक्षर

- वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक 13.81 लाख प्रतिभागियों ने दी साक्षरता परीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में संचालित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रहा है। 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से संचालित इस अभियान के तहत वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक प्रदेश में 11.68 लाख से अधिक लोगों को साक्षर बनाया जा चुका है। यह अभियान शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भरता, जागरूकता और सामाजिक सशक्तीकरण को नई मजबूती दे रहा है।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों को चिह्नित कर वालंटियर्स और प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के सहयोग से साक्षर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभार्थियों को पढ़ना, लिखना और गणना करना सिखाने के साथ-साथ दैनिक जीवन में उपयोगी बुनियादी ज्ञान से भी जोड़ा जा रहा है, जिससे वे सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में अधिक प्रभावी भागीदारी कर सकें। लाखों लोगों को साक्षर बनाकर सरकार न केवल निरक्षरता के खिलाफ लड़ाई को मजबूती दे रही है, बल्कि आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

अभियान के अंतर्गत चिह्नित वालंटियर्स को प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके बाद वालंटियर्स ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से साक्षरता कक्षाओं का संचालन करते हैं। प्रदेशभर में संचालित ये कक्षाएं हजारों लोगों के जीवन में नया आत्मविश्वास पैदा कर रही हैं। सरकार का उद्देश्य केवल अक्षर ज्ञान उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को जागरूक, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना भी है।

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में अब तक सात साक्षरता मूल्यांकन परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं। इन परीक्षाओं में कुल 13,81,530 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 11,68,292 प्रतिभागी सफल घोषित हुए। वर्ष 2022-23 में आयोजित परीक्षा में 1.46 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि वर्ष 2025-26 में आयोजित नवीनतम परीक्षा में 4.01 लाख से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता दर्ज की गई।

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के सभी जिलों को 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को चिह्नित कर उन्हें साक्षर बनाने का लक्ष्य सौंपा गया है। इसके अंतर्गत चिह्नित असाक्षरों को वालंटियर्स से जोड़ा जाएगा, जिन्हें प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष में दो बार साक्षरता मूल्यांकन परीक्षाएं आयोजित कर नव साक्षरों की उपलब्धियों का आकलन किया जाएगा।

# स्वतंत्र देव सिंह ने जल जीवन मिशन से लाभान्वित ग्रामीणों से किया संवाद

- 251.04 लाख की पाइप पेयजल योजना से 569 परिवारों को मिल रहा स्वच्छजल

**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को ग्राम पंचायत सरथुआ में आयोजित कार्यक्रम में वृहद पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन का संकल्प दिलाया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत जल शक्ति मंत्री ने तीन बच्चों और उनकी माताओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और पौधरोपण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जो हमारे समृद्ध और सतत भविष्य की आधारशिला हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। पेयजल योजना से बदल रहा ग्रामीणों का जीवन कार्यक्रम के दौरान सरथुआ ग्रामीण पाइप पेयजल योजना की उपलब्धियों को सराहा गया। 251.04 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस योजना के माध्यम से सरथुआ एवं मोहिद्दीनपुर के 569 परिवारों को नियमित, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से ग्रामीणों को नियमित जल आपूर्ति मिल रही है और हाल ही में 5-6 नए घरेलू नल कनेक्शन भी जोड़े गए हैं।

जल शक्ति मंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि अब उन्हें प्रतिदिन तीन बार नियमित जलापूर्ति प्राप्त होती है। इससे उनके समय और श्रम की भारी बचत हुई है। साथ ही परिवारों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में बड़ा सुधार आया है। ग्रामीणों ने घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।

# डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को मिला न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड




**लखनऊ।** शिक्षा, खेल एवं खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) एवं एसएनआई स्पोर्ट्स कॉरपोरेशन के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड-2026' से सम्मानित किया गया। जिमखाना क्लब, लखनऊ में आयोजित 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड्स-2026' समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया।

समारोह में शिक्षा एवं खेल क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख व्यक्तित्वों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अनएडेड स्कूल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल, मॉडर्न ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक राजीव तुली और सुनील तुली, अवध ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन ऋषि गोयल एवं अन्य को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए खेलों को विद्यालयी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। डॉ. पाण्डेय पिछले 25 वर्षों से खेल प्रशासन और खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वर्तमान में वे स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) एवं एसएनआई स्पोर्ट्स कॉरपोरेशन के माध्यम से देश के अनेक प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं खेल संस्थानों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा वे पिछले लगभग 12 वर्षों से भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) समूह की विभिन्न परियोजनाओं और खेल परिसरों से भी जुड़े हुए हैं। खेलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2019 में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया था।

# भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। मंहगाई बढ़ने से किसानों के सामने खेती का संकट पैदा हो गया है। डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि के बाद अब उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोत्तरी से किसान हलकान है। भाजपा सरकार में किसान परेशानी में है। खाद, बीज और डीजल की कीमतों के बढ़ने से खेती करना मुश्किल हो गया है। भाजपा सरकार में पहले से किसान परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का लागत मूल्य नहीं मिल पाता है। खेती घाटे का कार्य हो गया है। अब खाद के दामों में वृद्धि ने किसानों के सामने बड़ी चुनौती पैदा कर दी है। भाजपा सरकार में महंगाई ने आग लगा दी है। इससे देश की आम जनता और किसान झुलस रहे है। सरकार को किसानों और आम जनता के जीवन यापन की चिंता नहीं है। भाजपा अपने उद्योगपति मित्रों और अपने मुनाफे के लिए मंहगाई बढ़ाती जा रही है। बिजली और खाद की मार झेल रहे किसानों के सामने अब सिर्फ दिक्कतें और परेशानी ही रह गई है। फसलों के बेहतर विकास के लिए नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटेशियम यानी एनपीके उर्वरक की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसका ज्यादातर उपयोग होता है। इस पर ज्यादा पैसे खर्च करने से किसानों का मौसमी बजट भी बिगड़ रहा है। उनकी जेब भी ज्यादा ढीली होनी तय है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन भाजपा के 12 साल के शासन के बाद आय दोगुनी के बजाय आधी भी नही रह गयी है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण कृषि कार्य से किसानों का मोहभंग हो रहा है। भाजपा साजिश करके किसानों को उनकी खेती और जमीन से दूर कर रही है।

# ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट के विरोध में हस्ताक्षर अभियान शुरू

- कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राहुल गांधी के अंडमान-निकोबार संरक्षण अभियान का किया समर्थन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अंडमान-निकोबार (ग्रेट निकोबार) संरक्षण अभियान का पूर्ण समर्थन किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने सोमवार को ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट के विरोध में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की।

अंडमान निकोबार के जंगल और पर्यावरण को बचाने को लेकर सोमवार से उप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे प्रदेश में जागरूकता और हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा ग्रेट निकोबार को कार्पोरेट लूट से बचाने एवं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य एवं प्रकृति के संरक्षण के अभियान के समर्थन में उप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

अजय राय ने आज कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार में प्रस्तावित मेगा प्रोजेक्ट के विरुद्ध उठाया गया। सवाल देश की प्राकृतिक धरोहर, पर्यावरण और आदिवासी समुदायों की रक्षा का सवाल है। हम इस अभियान को हरियाली बनाम लालच का अभियान मानते हैं और इसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस पूर्ण रूप से शामिल है।

केंद्र सरकार द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप पर लगभग 92000 करोड़ रुपये की लागत से एक विशाल विकास परियोजना चलाई जा रही है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, एयरपोर्ट, पावर प्लांट और टूरिस्ट टाउनशिप शामिल है जबकि देश की सुरक्षा के लिए जरूरी आईएनएस बाज जो एकमात्र तीनों सेनाओं के संयुक्त अड्डा है उसके विस्तार की योजना की स्वीकृति केंद्र सरकार के पास पांच वर्ष से लंबित है। नेवल जेटी की योजना भी पांच वर्ष से लंबित है लेकिन एक पूंजीपति के विकास और प्रकृति के विनाश की योजना तुरंत स्वीकृति कर दी गयी। उन्होंने कहा कि आईएनएस बाज योजना का विस्तार चीन के हिन्द महासागर में गतिविधियों के लिए भी जरूरी है। आईएनएस बाज योजना का विस्तार होगा तो सुरक्षा व्यवस्था का विस्तार होगा जबकि अडानी के होटल और कैसिनो से सुरक्षा को खतरा पैदा होगा। अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी की हालिया यात्रा और स्थानीय आदिवासियों (शोम्पेन और निकोबरी समुदाय) तथा सेटलर्स से मुलाकात के बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह परियोजना लगभग 1.5 करोड़ पेड़ों की कटाई करेगी, 160 वर्ग किलोमीटर के प्राचीन वर्षा वनों और कोरल रीफ्स को नष्ट करेगी।

# देश में 50 करोड़ पौधे तुरंत लगाये जाने की जरूरत : अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को जारी बयान में कहा है कि ताजा रिसर्च के अनुसार आज हमारे देश में 50 करोड़ पौधे तुरन्त लगाये जाने की आवश्यकता है। अजय राय ने कहा कि पूरी दुनिया में गर्म शहरों की एक सूची उसमें 90 शहर भारत में है उसमें 25 शहर उप्र के हैं जो सबसे गर्म शहर हैं और यह पेड़ों की कटान और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ का ही दुष्परिणाम है।

उन्होंने कहा कि आखिर में प्लान्टेशन क्यों आवश्यक है। इसका सीधा जवाब यह है कि पेड़-पौधे कार्बन डाई आक्साइड (परिवहन, पाल्यूशन, फैक्ट्री इत्यादि द्वारा जनित) के उत्सर्जन को सोखने का काम करता है और वायु की शुद्धता को बढ़ाते हैं तथा वायुमण्डल में आक्सीजन की मात्रा बढ़ाते है जो सांस के द्वारा हमें प्राप्त होती है। इसके अलावा भूजल के गिरते स्तर में सुधार करता है। बाढ़ की स्थिति में मिट्टी की कटान रोकता है जिससे बाढ़ से आम जनता को बचाता है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में सहायक हैं। आज जो हाई टेम्परेचर से पूरी दुनिया पीड़ित है उसका सबसे बड़ा कारण पेड़ों की भारी संख्या में काटा जाना है और उस अनुपात में पौधरोपरण नहीं हो रहा है सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि ताजा रिसर्च के अनुसार भारत में पेड़ों की कटान पिछले 10 वर्षों में आवश्यकता से अधिक हुई है जिसकी वजह से बड़े बड़े शहर जैसे दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद गैस चैम्बर में परिवर्तित हो गये हैं इन बड़े शहरों को चारों तरॅफ से कंक्रीट से लाद दिया गया है।

इसी वजह से पेड़ों की कटान कई गुना अधिक हुई है जिससे बड़े शहरों में वर्षा का पैटर्न बदल गया है, कभी ज्यादा बारिश, कभी बिल्कुल बारिश नहीं हो रही है। अजय राय ने कहा कि व्यापक जनहित में अधिक से अधिक पेड़ लगाये जाने की आवश्यकता है। विकास की अंधी दौड़ में पेड़ों की कटान को रोकने की जरूरत है।

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी, सुरक्षित पेयजल को मिलेगी नयी गतिः ओपी राजभर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को विधानसभा के मुख्य भवन के कक्ष कार्यालय में पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास से जुड़ी सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा डिजिटल सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक में मंत्री ने ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) की स्थापना की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ग्रामीण बच्चों और युवाओं को आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। डिजिटल लाइब्रेरी न केवल विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएगी, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा और डिजिटल ज्ञान से भी जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, वहां शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही पूर्ण की जाए।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। उन्होंने सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों की भागीदारी बढ़ाई जाए। साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) की स्थापना एवं संचालन कार्यों में तेजी लाने को कहा। मंत्री ओपी राजभर ने गंगा एक्शन प्लान से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।

संक्षेप

## बाइक की टक्कर से घायल किशोरी की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। बाइक की टक्कर से घायल किशोरी की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अवदर जेवई गांव निवासी जियालाल विश्वकर्मा की सत्रह वर्षीया पुत्री रूबी विश्वकर्मा रविवार की शाम करीब सात बजे दवा लेकर साइकिल से घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में गांव के ही एक बाइक सवार ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए किशोरी की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने रूबी को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतका रूबी बीएससी की छात्रा थी। वह छः बहनों व दो भाईयों में सबसे छोटी थी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। उप निरीक्षक आदित्य पाण्डेय सोमवार की सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर देउम चौराहा के पास आरोपी कुलदीप मिश्र पुत्र राजेन्द्र मिश्र उर्फ विजय कुमार निवासी भैरवन को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जून को सुबह करीब नौ बजे उसकी सोलह वर्षीया पुत्री को गांव का ही आरोपी कपिल पुत्र शंकर लाल वर्मा बहला फुसलाकर कही भगा ले गया। अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## मारपीट की घटना में आधा दर्जन पर दर्ज हुआ मुकदमा

प्रतापगढ़। मारपीट धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के लतीफपुर निवासी धर्मराज पुत्र मुन्ना मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात जून की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका भाई मनोज मौर्य अपनी लालगंज कोतवाली के भटनी स्थित फास्ट फूड की दुकान से घर जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच भटनी निवासी अनिल निर्मल पुत्र रामराज निर्मल उसे जबरन रोक कर गाली देने लगा। मना करने पर आरोपी ने अपने भाई सुनील, सुशील व मां तथा पत्नी एवं बहन के साथ मिलकर मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। आरोपियों ने बचाव में पहुंचे पीड़ित के बुआ के पुत्र मुकुल मौर्य व मनीष मौर्य को भी मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अनिल समेत छः आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पुलिस की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के आरक्षी जाहिद हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जून की शाम करीब छः बजे बरीबोझ गांव में खेत में मेड़ काटने के विवाद को लेकर एक पक्ष के चन्द्रेश सरोज व उसकी पत्नी अनीता एवं तीन अज्ञात तथा दूसरे पक्ष के राजेन्द्र सरोज, पवन सरोज, मनोज व तीन अज्ञात के बीच गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी की घटना की सूचना जांच में सही पायी गयी। आरक्षी की तहरीर पर ग्यारह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

# विधायक निधि से बनेगा राजगुरु-सुखदेव सभागार

## विधायक श्यामधनी राही ने किया शिलान्यास



**सिद्धार्थनगर**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को दीवानी न्यायालय परिसर स्थित सिविल बार एसोसिएशन में विधायक निधि से बनने वाले ह्यराजगुरु-सुखदेव सभागार का शिलान्यास कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने किया। करीब 24.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाला यह सभागार अधिवक्ताओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। वहीं बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभागार निर्माण को अधिवक्ता समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। समारोह में अधिवक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

## जमीनी विवाद में महिला को पीटा, दी तहरीर

प्रतापगढ़। आबादी की जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर हुए विवाद में आरोपियो ने महिला व उसके परिवार को मारपीट कर चोटिल कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित महिला व उसकी पुत्री के साथ अभद्रता भी की। घटना को लेकर पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के मादामई गांव की गुड़िया देवी पत्नी अमरनाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ जून को सुबह करीब ग्यारह बजे वह अपने पैतृक आबादी की जमीन पर निर्माण कार्य के लिए नींव खुदवा रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस के ही आरोपीगण लाठी डंडा लेकर पहुंचे और गाली देते हुए निर्माण कार्य को बंद करा दिया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता व उसके पति, पुत्री तथा भाई को जमकर मारापीटा।

## डीएम ने पोषण योजनाओं की समीक्षा की, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश



राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कैम्प कार्यालय पर जिला स्तरीय पोषण समिति एवं जिला कन्वर्जेंस समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पोषण योजनाओं, टीएचआर वितरण, वीएचएनडी कार्यक्रम, पोषण ट्रैकर और ई-कवच पोर्टल की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत फेस वेरिफिकेशन, डाटा फीडिंग और पोषण ट्रैकर अपडेट सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वीएचएनडी एवं बीएचएनडी दिवस पर सैम और मैम बच्चों की पहचान कर स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाए। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन और टेक होम राशन का वितरण नियमित रूप से कराया जाए। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका, सूक्ष्म मरम्मत, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले सुपरवाइजरों और संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीसी मनरेगा संदीप सिंह, डीसी एनआरएलएम देवनंदन दुबे, डीपीआरओ वाचस्पति झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव समेत सीडीपीओ अभय सिंह सीडीपीओ निलम वर्मा सीडीपीओ अरशद खान सहित सभी सीडीपीओ, सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में एसएसपी ने सुनीं 21 फरियादियों की शिकायतें




सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं। 8 जून 2026 को आयोजित जनसुनवाई में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 7 भूमि विवाद, 3 मारपीट तथा 11 अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। एसएसपी ने सभी शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

## पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 की प्रथम पाली को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेइया तथा जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज का जायजा लिया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान ड्यूटी में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा को पूरी सतर्कता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

## पुलिस भर्ती परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद



बांसी, सिद्धार्थनगर। पुलिस भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए कोतवाली बांसी के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रखी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। शनिवार को आयोजित परीक्षा के दौरान बांसी के प्रमुख परीक्षा केंद्र तिलक इंटर कॉलेज एवं राजा रतन सेन इंटर कॉलेज में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक स्वयं सरकारी वाहन से भ्रमण कर केंद्रों की निगरानी करते रहे तथा पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। उनके नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मुस्तैदी, सतर्कता और अनुशासन का परिचय देते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया। इस दौरान इंस्पेक्टर आर.एन. द्विवेदी, उपनिरीक्षकों एवं अन्य पुलिसकर्मियों की सक्रिय भूमिका भी सराहनीय रही। परीक्षा के शेष चरणों को भी सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों ने कोतवाल मृत्युंजय पाठक की कार्यशैली, सक्रियता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बांसी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सजग और जिम्मेदार नजर आ रही है। पुलिस भर्ती परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में उनकी प्रभावी निगरानी और बेहतर समन्वय व्यवस्था ने सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक मजबूत बनाया है।

## डायरिया रोकने में निजी अस्पताल निभायें बड़ी भूमिका : सीएमओ



श्रावस्ती। डायरिया रोकथाम और प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पब्लिक प्राइवेट इंटरफेस) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने की। सीएमओ ने निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम संचालकों से अपील की कि वे अपने-अपने संस्थानों में जल्द से जल्द ओआरएस कॉर्नर स्थापित करें, ताकि डायरिया से पीड़ित मरीजों को समय पर सही उपचार और जागरूकता मिल सके। बैठक में जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर राकेश गुप्ता ने डायरिया रोको अभियान की कार्ययोजना की जानकारी दी। वहीं पीएसआई इंडिया के पंकज पाठक ने ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अपर शोध अधिकारी (एआरओ) सुरेश यादव ने निजी स्वास्थ्य संस्थानों से आंकड़ों के नियमित संकलन और रिपोर्टिंग व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि डाटा साझा करने के लिए व्हाट्सएप समूह का उपयोग किया जाए। बैठक में आईईसी सामग्री के प्रदर्शन, ओआरएस कॉर्नर की स्थापना तथा डायरिया रोको अभियान में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भागीदारी पर चर्चा हुई। सभी निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं ने पीएसआई इंडिया के सहयोग से अपने संस्थानों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित करने पर सहमति जताई। अंत में सभी प्रतिभागियों ने डायरिया रोको अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र और कंट्रोल रूम का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



श्रावस्ती। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग और पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने सोमवार को परीक्षा केंद्र श्री अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज, भिनगा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी कैमरों तथा कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के साथ केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और सतर्कता के साथ संपन्न कराया जाए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा कंट्रोल रूम में पहुंचकर विभिन्न कक्षों की लाइव मॉनिटरिंग देखी। उन्होंने परीक्षा के दौरान व्यापक निगरानी बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन भिनगा में स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को परीक्षा समाप्त होने तक लगातार निगरानी रखने तथा परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## पूंजीपतियों की तिजोरी भर रही है मोदी सरकार : प्रमोद तिवारी

जिला संवाददाता



**प्रतापगढ़**। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने घरेलू गैस सिलेंडर के दामों मे बढोत्तरी को मोदी सरकार द्वारा मंहगाई में भारी इजाफे के जरिए पूंजीपतियों की तिजोरी भरने का तीखा हमला बोला है। उन्होने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जनता की जेब पर डांका डालने का कार्य अनवरत जारी है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल मे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह असंतुलित हो गयी है। सोमवार को लालगंज में पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि या तो पीएम मोदी को अर्थव्यवस्था को लेकर समझ नही है अथवा वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी दबाव मे वित्तीय क्षेत्र में राष्ट्रहित की अनदेखी करने को मजबूर हो गये हैं। उन्होने कहा कि घरेलू गैस सिलेण्डर के जरिए गृहणियां खाना बनाया करती हैं। ऐसे मे सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि एक बार फिर केंद्र सरकार ने एलपीजी घरेलू गैस सिलेण्डर में उन्तीस रुपए प्रति सिलेण्डर की कीमत में भारी बढ़ोत्तरी की है। उन्होनें कहा कि बीती सात मार्च को ही गैस सिलेण्डर की कीमत साठ रुपए प्रति सिलेण्डर बढ़ाई गयी थी। दाम बढोत्तरी का आंकडा रखते हुए उन्होने कहा कि इसी वर्ष तीन महीने के भीतर ही घरेलू गैस की कीमत उन्यासी रुपए प्रति सिलेण्डर बढ़ाई गयी है। उन्होने कहा कि मंहगाई में रोज इजाफा के चलते जनता के सब्र का बांध टूट रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के राज में मंहगाई तथा बेरोजगारी को लेकर जनता असहनीय बोझ से परेशान हो उठी है। उन्होने कहा कि मंहगाई की मार की पीडा झेल रही देश की जनता को किसी भी प्रकार की राहत मोदी सरकार नही दे पा रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह सरकार दिन प्रतिदिन जनता को और अधिक मंहगाई के दलदल में ढ़केलती जा रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की अदूरदर्शिता के कारण राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था भी बद से बदतर होती जा रही है। उन्होने कहा कि एक सप्ताह पूर्व कामर्शियल गैस सिलेण्डर में भी बयालिस रुपए प्रति सिलेण्डर तथा पांच किलो के छोटे गैस सिलेण्डर की कीमत भी ग्यारह रुपए बढ़ाई गयी थी।

## रात में होगा रक्त सर्वे, फाइलेरिया रोकथाम की बनेगी नई रणनीति

श्रावस्ती। जनपद में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को मजबूत बनाने के लिए 9 से 17 जून तक नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) चलाया जाएगा। इसके तहत चार विकास खंडों के 12 चयनित गांवों में रात के समय लोगों के रक्त नमूने लेकर फाइलेरिया संक्रमण की जांच की जाएगी। सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में भिनगा स्थित सीएमओ कार्यालय सभागार में लैब टेक्नीशियनों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में रक्त नमूना लेने, स्लाइड बनाने और जांच प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सीएमओ ने बताया कि इकौना, हरिहरपुर रानी, सिरसिया और जमुनहा ब्लॉक के 12 गांवों में सर्वे होगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों की उंगली से रक्त की बूंद लेकर जांच के लिए नमूने तैयार करेंगी।

## जनसंपर्क व जन-जागरूकता अभियान की तैयारी बैठक संपन्न

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर होंगे विविध आयोजन




जिला संवाददाता

श्रावस्ती। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, श्रावस्ती में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार, पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने, जनसहभागिता बढ़ाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अभियान के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन श्रावस्ती के अध्यक्ष सुरेश तिवारी, पूर्व बार अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, महामंत्री सतीश मौर्य, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता संजय कैराती पटेल, वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं शासकीय अधिवक्ता प्रवीण, शासकीय अधिवक्ता के.पी. सिंह, अपर जिलाधिकारी सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, अधिवक्तागण, अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक में अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।


## लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेलः nnlko@up.nice.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213(बी-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

### जोन–2

| क्रम सं0 | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 223/145, रस्तोगी टोला | मनु रस्तोगी, रोमिल रस्तोगी | रूपाली रस्तोगी व प्रशांत रस्तोगी | पंजीकृत बैनामा, शपथ-पत्र |
| 02 | 258/125 क नादान महल रोड | शकील अहमद | कुरैशा बानो | रजिस्ट्री शपथ-पत्र |
| 03 | 268/641/048/1, तिलक नगर | श्रीमती तारावती पाण्डेय पत्नी स्व0 श्री कृष्णकान्त पाण्डेय | गणेश पाण्डेय | पारिवारिक शपथ-पत्र मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 04 | डी-186 ए0बी0सी0 एण्ड डी0ब्लॉक राजाजीपुरम | श्रीमती नर्मता इसरानी व श्रीमती वीना इसरानी | श्रीमती सुची श्रीवास्तव पत्नी श्री नवीन कुमार श्रीवास्तव | रजिस्ट्री शपथ-पत्र |
| 05 | एम/एम0आई0जी/206, राम नगर | श्रीमती सीमा अग्रवाल | अभिषेक तिवारी | रजिस्ट्री शपथ-पत्र |
| 06 | 256/641/040(33) तिलक नगर | हरि गोपाल | रोमा गुप्ता | रजिस्ट्री शपथ-पत्र |
| 07 | 257/017 खजुआ | किरन सिंह, भरत सिंह | तनवीर खान व मो0 फैसल | पारिवारिक शपथ पत्र पंजीकृत बैनामा |
| 08 | सी0190/1ए0बी0सी0 एण्ड डी0 ब्लॉक राजाजीपुरम | उमा शंकर शुक्ला | सुन्दर भाई व श्रीमती ललिता बेन | रजिस्ट्री शपथ पत्र |
| 09 | एस0एफ0-012 ए0बी0सी0 एण्ड डी ब्लॉक राजाजीपरुम | कमलेश चन्द्र शुक्ला | श्रीमती योगिता श्रीवास्तव | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 10 | सी0-2360 सी0 ब्लॉक राजाजीपुरम | राजकुमार जायसवाल | श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 राज कुमार जायसवाल | पारिवारिक सिजरा, मृत्यु प्रमाण-पत्र शपथ-पत्र |
| 11 | ई0-3712 राजाजीपुरम | श्रीमती नसिहा फिरदौस | श्री गोविन्द प्रसाद सिंह गौर | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 12 | ए0-82 राजाजीपुरम | ईश्वर प्रसाद सिंह | मेसर्स बाम्बे इन्ट्रीगेटेड सेक्योरिटी (इण्डिया) लि. | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 13 | 252/177 रकाबगंज कदीम | विनोद प्रकाश अग्रवाल | अनुपम अग्रवाल | शपथ-पत्र, पंजीकृत वसीयत |
| 14 | 255/062 कुण्डरी रकाबगंज | मालती मिश्रा | गिरीश चन्द्र शर्मा | पंजीकृत बैनामा, शपथ-पत्र |
| 15 | 266/252 (134) बिलौचपुरा | अब्दुल रसीद | मो0 दानिश | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 16 | सी0/649 राजाजीपुरम न्यू सी0बी0एल0 विषम 4 डी0 | नीतू विश्नोई, शशांक विश्नाई | सुर्पना सेठी | पंजीकृत बैनामा शपथ-पत्र |
| 17 | बी-153 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | सुधीर मोहन बाजपेई | श्रीमती रंजना सिसौदिया | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 18 | बी-110 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | श्रीमती उषा खरे | श्रीमती प्रतिमा यादव व मानवेन्द्र कुमार यादव | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 19 | बी0-533 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | श्रीमती रोमा खन्ना | श्रीमती शिखा सिंह | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 20 | बी0-647 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | श्री कमलाकर द्विवेदी | सुश्री दीपिका श्रीवास्तव व सत्य प्रकाश | शपथ-पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 21 | डी0-552 सेक्टर ए0बी0सी0 एण्ड डी0 राजाजीपुरम | श्री कृष्ण मुरारी खरे | मनोज कुमार खरे | मृत्यु प्रमाण-पत्र शपथ-पत्र |
| 22 | 215/355ख/01 सुभाष मार्ग, राजेन्द्र नगर | राम औतार शुक्ला | अध्यासी मनोज मेहरोत्रा | आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र |

जोनल अधिकारी, जोन–2

संक्षेप

## संदिग्ध घटना में शिक्षकों पर धावा बोलने का आरोप

नवाबगंज, उन्नाव। नवाबगंज में सोमवार सुबह दस बजे नवाबगंज बाजार स्थित दीपांशु राठौर की दुकान पर पंचशिला पब्लिक स्कूल सोहरामऊ उन्नाव की तीन टीचरों ने फीस को लेकर अपमानित किया। अभिभावक ने कहा जब स्कूल खुलेगा तब जमा करेंगे। मामला तब बिगड़ा जब कुछ देर बाद वो टीचर आठ से दस लोगों को लेकर उसके घर पर धावा बोल दिया। ये देख कर मोहल्ले के सभी लोग जमा हो गए। पीडित ने 112 पर काल कर दिया। भीड़ को देख वो लोग और स्कूल के लोग स्कूल की गाड़ी से भाग गए। पुलिस ने कहा कि दोबारा आए तो मुझे काल करना और बोले उनके स्कूल में शिकायत कर दो। स्कूल के चेयरमैन बद्री विशाल तिवारी को घटना अवगत कराया गया उन्होंने बोला हम देखते है अभी मेरे संज्ञान में नहीं है। उसके कुछ देर बाद पीडित अभिभावक से बात हुई तो कहा मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है ना ही अभिभावक ने हमसे शिकायत किया है। साफ इनकार कर दिया।

## घटनाओं में आधा दर्जन घायल

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना थानाक्षेत्र के नैकामऊ मजरा लालाखेड़ा गांव में रविवार रात पुरानी रंजिश के चलते हुई। पीड़ित अंकित कुमार यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दूध खरीदने-बेचने का काम करता है। रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह मोटरसाइकिल से दूध लेने रघुवीर खेड़ा गांव जा रहा था। आरोप है कि गांव के बाहर खड़ंजे के पास पहले से घात लगाए बैठे लकी, प्रिंस, अनुराग, मोनू समेत अन्य लोगों ने उसे रोक लिया और हॉकी व लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। राहगीरो को आता देख हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। दूसरी घटना मलौना गांव में बिजली के तार हटाने को लेकर हुई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। बीच-बचाव करने पहुंची पुत्री नीतू देवी, दमाद अमित, रामदेवी, राजेश तथा दूसरे पक्ष के राहुल घायल हो गए। दोनों पक्षों ने नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं मारपीट की तीसरी घटना नरीखेड़ा गांव में बकरी को लेकर हुए विवाद में रामश्री और रानी पक्ष के बीच मारपीट हो गई, जिसमें रामश्री तथा रानी की पुत्री को चोटें आयी है। थानाध्यक्ष राहुल सिंह गौर ने बताया कि प्राप्त तहरीरों के आधार पर मामलों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## किशोरी को घर में बुला किया छेड़छाड़, केस दर्ज

सरहरी ,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली अल्प ब्यस्क किशोरी जो घर से दुकान सामान लेने जा रही थी घर के बगल का ही युवक धोखे से घर में बुला छेड़छाड़ करने लगा किसी तरह भाग कर घर पहुच आपबीती बहन को बताई किशोरी के पिता के लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। तेरह वर्षिय अल्पव्यस्क किशोरी के पिता ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि सोमवार को लगभग इग्यारह बजे के आसपास मेरी तेरह वर्षिय बेटी दूकान पर सामान लेने जा रही थी घर के बगल का ही रहने वाला युवक किशोरी को बुला कर कहा कि मेरी माँ तुझे घर में बुला रही है किशोरी अभी मुख्य गेट के अन्दर घुसी ही थी कि युवक जवरजस्ती टांग कर कमरे की तरफ ले जाने लगा साथ ही उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा किसी तरह किशोरी छुड़ा कर घर पहुच आपबीती अपनी बड़ी बहन को बताई बड़ी बहन यथा स्थिती अपने पिता को बताई किशोरी के पिता गाँव के ही कृष्णा चौहान पुत्र जनार्दन चौहान निवासी बरगदवा के खिलाफ लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत कराया तहरीर के आधार पर पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर युवक की तलास कर रही है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सलमा नसीम था जिसे बदलकर मैने सलमा इशराक कर लिया है। भविष्य में मुझे सलमा इशराक नाम से जाना पहचाना जाए।
सलमा इशराक पत्नी इशराक बेग
पता : 401 मिर्जा अपार्टमेन्ट अबरार नगर, लखनऊ।

# कार चालक पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के तेनुआ टोल प्लाजा के पास कार चालक पर लोहे के रॉड से पीटकर जानलेवा हमला करने के मामले में संलिप्त तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार खजनी थाना क्षेत्र के बरडाड़ निवासी अंकुर यादव पेशे से चालक हैं। रविवार रात को वह अपनी अर्टिगा कार से कुछ सवारियों को गीडा के नगवा गांव छोड़ने गए थे। सवारियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने के बाद वह अपनी कार से वापस अपने घर लौट रहे थे। सोमवार तड़के करीब 01:35 बजे जैसे ही पीड़ित की कार तेनुआ टोल प्लाजा से थोड़ा आगे बढ़ी तभी पीछे से आ रही दो मोटर साईकलों पर सवार करीब छह अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार को जबरन ओवरटेक कर रुकवा लिया।

सड़क पर अचानक कार रुकते ही मोटरसाइकिलों से उतरे युवकों ने कार चालक के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने अचानक हुए इस दुर्व्यवहार का विरोध किया और कारण जानना चाहा तो बदमाश उग्र हो गए। बदमाशों ने अपने पास रखी लोहे की रॉड से अंकुर पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। हमलावरों ने उनके सिर और माथे को निशाना बनाकर कई वार किए। इस जानलेवा हमले में उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक खून बह जाने के कारण वह अचेत होकर मौके पर ही गिर पड़े। कार चालक को लहूलुहान देखकर सभी हमलावर अपनी बाइकों पर सवार होकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। सड़क किनारे लहूलुहान हालत में पड़े चालक को देखकर वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने तत्काल स्थानीय गीडा थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल चालक को इलाज के लिए नजदीकी सीएचसी पिपरौली भिजवाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और गाड़ियों के नंबरों के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों शिवम पाण्डेय पुत्र जनार्दन पाण्डेय, शिवम पाण्डेय पुत्र स्व. कृष्णानन्द और अमन पाण्डेय पुत्र स्व. शत्रुघन पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस ने सभी छह आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक व वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी अभी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। शेष बचे आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस ने तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया

इटावा। पुलिस ने 3 बाल अपचारी को किया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी का मोबाइल व मोटर साइकिल बरामद। क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। पकड़े गये 3 बाल अपचारियों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि 6 अप्रैल को मोटर साइकिल व 6 जून को एंड्रायड मोबाइल फोन हमारे द्वारा ही लूटा गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना बकेवर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक, उ.नि. कौशल कुमार, उ.नि. दीपक सिंह भाटी रहे।

## आज मनायेंगे व्यापारी सेवा संकल्प दिवस

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाप्रवक्ता, मीडिया प्रभारी इकरार अहमद ने बताया कि 9 जून दिन मंगलवार को पक्का तालाब स्थित साईं मंदिर पर समय सायं 4 बजे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री संदीप बंसल का जन्मदिन व्यापारी सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाएंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईपीएस युक्ति पांडेय की माता पूनम पांडेय के करकमलों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा व्यापारियों से समय पर सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# पुरानी रंजिश में बुजुर्ग पर जानलेवा हमला, घर में घुसकर की मारपीट

जिला संवाददाता

**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के बेलादार गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दरवाजे पर सो रहे एक बुजुर्ग पर आधा दर्जन लोगों द्वारा लाठी-डंडों एवं धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल पक्ष ने गगहा थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित लौहर पुत्र गुदरी के अनुसार सोमवार तड़के करीब तीन बजे वह अपने दरवाजे पर सो रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर पहुंचे और उन पर हमला बोल दिया। आरोप है कि रामानंद पुत्र चन्देव, राजू पुत्र रामानंद, इंद्रासनी पत्नी रामानंद, सुधा पुत्री रामानंद समेत दो अज्ञात लोगों ने मिलकर उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी तरह जान बचाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों ने पकड़कर फिर मारपीट की। मौके का फायदा उठाकर वह अपने घर में घुस गए, किन्तु आरोपित वहां भी पहुंच गए और घर में घुसकर मारपीट करने लगे। शोर-शराबा सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद हमलावर वहां से भाग निकले।

आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी और कहा कि यदि पुलिस में शिकायत की गई तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

घटना के बाद घायल पक्ष ने गगहा थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी गगहा राजकुमार सरोज ने कहा की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सीमेंट गोदाम का टीन शेड ध्वस्त, हुआ नुकसान

इटावा। बीते दिनों जिले में आए तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन के साथ-साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी प्रभावित किया। बसरेहर रोड स्थित एमपी बिल्डर्स के सीमेंट गोदाम को भी प्राकृतिक आपदा की मार झेलनी पड़ी। तेज हवाओं और तूफान के चलते गोदाम पर लगा टीन शेड उखड़कर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। गोदाम स्वामी राहुल गुप्ता ने बताया कि अचानक आई तेज आंधी और तूफान के कारण टीन शेड हवा के तेज दबाव को सहन नहीं कर सका और क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। इस घटना से गोदाम को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, आंधी-तूफान इतना तेज था कि कई स्थानों पर पेड़, होर्डिंग और टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गए।

## सीएससी में डिलीवरी से पहले बच्चे व महिला की हुई मौत



बसरेहर, इटावा।। चैबिया थाना क्षेत्र गांव बिहारीपुरा निवासी विपिन कुमार की पत्नी राधना देवी की डिलीवरी के समय डॉक्टरों की लापरवाही से महिला व बच्चे की मौत हो गयी। विपिन कुमारी ने बताया कि उनकी पत्नी राधना देवी उम्र 35 वर्ष निवासी बिहारीपुरा थाना चैबिया बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डिलीवरी के लिए आए हुए थे उनकी पत्नी राधना देवी का 9 माह चल रहा था वह प्रेग्नेंट थी जिसको आज डिलीवरी के लिए बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लेकर आए हुए थे। वहीं स्टाफ ने इंजेक्शन बाहर का लिख दिया। तो मैं बाहर से इंजेक्शन लेकर अंदर गया उन्होंने जैसी इंजेक्शन मेरी पत्नी को लगाया तो उसकी हालत बिगड़ने लगी और देखते देखते हालत खराब हो गई जब तक कुछ समझ पाते डॉक्टर ने तुरंत उसे सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। जैसे ही मैं इटावा के एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर गया तो वहां से जिला अस्पताल के लिए ले गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं मृतक के पति विपिन कुमार ने डाक्टरो पर आरोप लगाते हुए कहा है कि अगर समय से हमारी पत्नी को दवाइयां मिल जाती तो शायद हमारी पत्नी की व उसके पेट में पल रहे मासूम बच्चे की मौत नहीं होतीवहीं परिवार वालों ने शव बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रखकर लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ विरोध करते हुए चीखने चिल्लाने लगे जिसकी सूचना बसरेहर थाना प्रभारी सौरभ सिंह को हुई मौके पर पहुंचे पुलिस फोर्स के साथ परिवार वालों को काफी समझाया गया और उन्होंने कहा लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं परिवार वालों का कहना है कि लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए वही बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर विकास सचान ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक महिला का पीएम करा कर और जो भी इसमें दोषी होगा उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ठंडा पानी पीने से लोगों को राहत मिली ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत



इटावा। जनपद क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ खेड़ा नन्दगवां में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के भंडारे में उस समय सेवा की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जब राठौर सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने वहाँ पहुँचकर अपनी जल सेवा प्याऊ शुरू की। भीषण गर्मी के बीच संस्थान द्वारा दी गई इस जल सेवा से भंडारे में आए सैकड़ों श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली। संस्थान के इस पुनीत कार्य और सेवा भावना से खुश होकर क्षेत्रीय गणमान्य लोगों व ग्रामीणों ने संस्था के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को भागवत वाली पट्टीका पहनाकर जोरदार स्वागत व सम्मान किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. संतोष राठौर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को जहाँ भी और जब भी संस्था के सहयोग की आवश्यकता होगी, वहाँ संस्था के पदाधिकारी और सदस्य पूरी निष्ठा के साथ पहुँचकर हर संभव मदद करते रहेंगे। जल सेवा और सम्मान समारोह के दौरान कोषाध्यक्ष दिनेश राठौर, महामंत्री विपिन राठौर, संगठन मंत्री अतुल राठौर, शिशुपाल राठौर, प्रदीप राठौर, प्रमोद राठौर, अमित कुमार और ग्राम प्रधान मुरारी सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## नहर में मिला युवक का शव



जसवंतनगर, इटावा। कचैरा मार्ग स्थित भोगनीपुर गंग नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सोमवार को क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर के गहरे पानी में बह रहे शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। बाद में परिजनों द्वारा शव की पहचान कर ली गई। उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि कचैरा नहर पुल के पास नहर की झाड़ियों में फंसा करीब 25 से 30 वर्षीय युवक का शव मिला था। शव के शरीर पर केवल नीले रंग का अंडरवियर था। प्रथम दृष्टया शव करीब तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। आशंका जताई गई कि शव शिकोहाबाद की ओर से बहते हुए यहां तक पहुंचा और झाड़ियों में फंस गया। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त का प्रयास किया तथा मोर्चरी भिजवा दिया। बाद में परिजनों ने शव की पहचान गुल मोहम्मद पुत्र सलीम खान निवासी मियां बाजार दक्षिणी मोहगंज, थाना सिरसागंज, जिला फिरोजाबाद के रूप में की। पहचान होने के बाद परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। इसके आधार पर पुलिस ने गुल मोहम्मद के नाम-पते से पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तहसील परिसर में गश खाकर गिरे सेवानिवृत्त सैनिक की मौत

जसवंतनगर, इटावा। नगर के मोहल्ला रेलमंडी निवासी 68 वर्षीय सेवानिवृत्त सैनिक इंद्रपाल सिंह की सोमवार को तहसील परिसर में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। वह अपनी रायफल के रिन्यूवल संबंधी कार्य के लिए मॉडल तहसील पहुंचे थे। घटना के बाद तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

इंद्रपाल सिंह तहसील कार्यालय में एक वकील के बस्ते पर रायफल रिन्यूवल हेतु फार्म भरवा रहे थे। इसी दौरान भीषण गर्मी के बीच अचानक उन्हें चक्कर आया और वह गश खाकर तखत पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही तहसीलदार अभिजीत गौरव और नायब तहसीलदार नेहा सचान मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए अपनी सरकारी गाड़ी से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सक डॉ. विकास अग्निहोत्री ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। इंद्रपाल सिंह की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। वह अपने पीछे पत्नी रामकांति, बड़े पुत्र अखिलेश कुमार, छोटे पुत्र मुकेश कुमार तथा विवाहित पुत्री उमा को छोड़ गए हैं।

## नाबालिग किशोरी को भगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। थाना जसवंतनगर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के न्यायालय में दर्ज कराए गए बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव से पाँच दिन पूर्व एक नाबालिग किशोरी के लापता होने के मामले में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान आरोपी आशीष तोमर पुत्र रमन सिंह उर्फ मुन्ना तोमर निवासी नगला उदय सिंह को सोमवार की सुबह उसके गाँव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की उम्र करीब 29 वर्ष बताई गई है।पुलिस ने आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय में दर्ज बयानों का अवलोकन करने के बाद मामले में आवश्यकतानुसार संबंधित धाराओं की वृद्धि की जाएगी।

# अश्लील हरकत का प्रतिरोध करने पर मनबढ़ दे रहे जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला में रह रही महिला एवं उसके परिजनो से अश्लील हरकत करने का बिरोध करने पर मनबढ़ो द्वारा जान से मारने की धमकी देने पर पीड़िता के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है।

मानबेला निवासी संगीता देबी पत्नी संजय कुमार द्वारा लिखित तहरीर देकर बताया गया कि मेरे पति आई टी बी पी सेना में रह कर देश की सेवा कर रहे हैं मै अपनी बृद्ध सास तीन बेटियो व एक बेटे के साथ रह कर बच्चो के शिक्षा दिक्षा व सास की घर रह कर सेवा करती हूँ मेरे गाँव के झुनझुन पुत्र स्व० बृजलाल , टीपू , रबी पंकज पुत्र गण स्व० सरोज आये दिन मेरी पुत्रियो से अश्लील हरकत करते हुये गन्दे गन्दे मनोभाव से इसारा करते हैं। जिसका बिरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये कहते हैं कि यदि तुम लोग मेरी बात नही मानोगी तो तेजाब फेक कर जीवन बर्वाद कर देंगे तथा तुम्हारे इकलौते भाई को काट कर चिलुआताल में फेक देगे बात असह्य होने पर जब मेरी बच्चियो द्वारा पूरी बात बताया गया तो मै उनके घर उलाहना लेकर गयी तो सभी लोग गाली गुप्ता देते हुये दौड़ा लिये मैने किसी तरह दरवाजे का चैनल बन्द कर जान बचाई इसी बीच झुनझुन अपना गुप्तांग बाहर निकाल कर अस्लील हरकत करने लगा जो मेरे मोबाइल कैमरे में कैद है 112 की सूचना पर पुलिस के पहुचने पर लोग धमकी देते हुये चले गये तहरीर के आधार पर पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## बार अध्यक्ष ने सीएचसी को दो-दो व्हीलचेयर प्रदान की




पुरवा, उन्नाव। स्थानीय बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने गरीब व वृद्ध मरीजों को ईलाज में बेहतर सुविधा मिलने को सीएचसी पुरवा व हिलौली प्रभारी को दो-दो व्हील चेयर दान किया। सीएचसी प्रभारियों ने आभार जताया। स्थानीय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामलाल सोनी ने सोमवार को मां शिवकली सोनी की तरफ से सीएचसी हिलौली व पत्नी सरिता सोनी की तरफ से स्थानीय सीएचसी को दो-दो व्हील चेयर दान किया। उन्होंने कहा कि गरीब व वृद्ध महिलाओं को बेहतर ईलाज की बाबत सीएचसी में व्हील चेयर की खासी जरुरत थी। जिस पर उन्होंने मां व पत्नी की तरफ से मरीजों की सहायता करने का प्रयास किया है। मौके पर मौजूद सीएचसी प्रभारी डा प्रमोद कुमार व डा दीपक व समस्त स्टाफ ने आभार जताया।

## रोमांचक मुकाबले में कलाकारों ने मंत्रमुग्ध कर दिया



पाटन उन्नाव। सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के खरौली गांव के देवकली माता मंदिर प्रांगण में विशाल जवाबी कीर्तन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने मातारानी के दरबार में दर्शन पूजन करके समस्त देशवासियो की तरक्की खुशहाली की प्रार्थना की। भव्य कार्यक्रम में शंभू हलचल कानपुर व रिंकी तिवारी हमीरपुर के बींच बहुत ही रोमांचक मुकाबले में सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आम जनमानस से एकजुट होकर प्रेम से रहने आपस में मदद की भावना विकसित करने व मातृशक्ति का सम्मान करने की अपील की व कहा कि जिस घर में बहनों का सम्मान नहीं होता है वह घर कभी तरक्की नहीं कर सकता। समाज में हमें प्रेम से रहना है उपस्थिति समस्त मात्रशक्ति ( बहनों )को अगामी 30 अगस्त को होने वाले रक्षाबंधन में महोत्सव में आमंत्रित किया है। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आयोजन समिति व दोनों कीर्तन मंडली को अंगवस्त्र व आर्थिक सहयोग दिया, आयोजन समिति ने भी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का माला पहनाकर अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मान किया इस मौके पर मुख्य रूप से राघवेंद्र सिंह प्रधान,रामजी द्विवेदी, गोपाल जी द्विवेदी इकब, बचनु शुक्ला रविकांत शुक्ला, रिशू शुक्ला, अरुण सिंह वरन सिंह राघवेंद्र सिंह प्रधान, प्रेमू सिंह, बेबू सिंह,शैलेन्द्र सिंह, किसान नेता ज्ञान सिंह, गोलू सिंह, बीरेंद्र कुमार, फूलचंद्र यादव आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# महानिदेशक स्कूल शिक्षा का 12 जून को घेराव करेगी मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन

## यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियलऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश वर्चुअल बैठक संपन्न

चरगांवा, गोरखपुर । यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियलऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा शासन स्तर पर लंम्बीत 24 सूत्रीय एवं निदेशालय स्तर पर लंम्बीत 22 सूत्रीय मांगों को लेकर 12 जून 2026 को महानिदेशक स्कूल शिक्षा , निशातगंज लखनऊ के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। प्रारम्भिक विरोध प्रदर्शन के तहत पूरे प्रदेश के लिपिक सम्बर्गीय कर्मचारी 8 से 11 जून के मध्य काली पट्टी बांधकर अपने कार्यालयों में कार्य करेंगे। इस आशय की जानकारी प्रांतीय अध्यक्ष विवेक यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

उन्होंने बताया कि विगत वर्ष भी निजी व्यय के स्थानांतरण नहीं हुए थे। इस वर्ष भी 12 दिन लखनऊ में निदेशालय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहने के बावजूद एक भी स्थानांतरण आदेश निर्गत नहीं किए गए। इसके लिए दोषी अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही कराई जाए तथा निजी व्यय के स्थानांतरण कराया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधान सहायक के लगभग 195 पद, प्रशासनिक अधिकारी के 57 पद वर्तमान में रिक्त हैं। रिक्त पदों को तत्काल पदोन्नति के माध्यम से भरवाने की कार्रवाई करायी जाए। कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर तत्काल प्रदेश में पदोन्नतियां कराई जाए। शासन स्तर पर लंम्बीत 24 सुत्रीय एवं निदेशालय स्तर पर लंबित 22 सूत्रीय मांग पत्रों पर 5 माह से अधिक समय व्यतीत होने के बावजूद अभी तक एक भी प्रकरण का निस्तारण न करने वाले दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई कराई जाए। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष विवेक यादव व संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा किया गया। बैठक को ओंकारनाथ प्रांतीय उपाध्यक्ष, राजेश चंद्र श्रीवास्तव ,महामंत्री, मोहम्मद नाजिम प्रान्तीय संयुक्त मंत्री, पूर्व प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल ल्यूक, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष कुन्दन सिन्हा, नवनीत पाठक मंडलीय सचिव मेरठ, निवर्तमान मडलीय सचिव बस्ती राजेश वर्मा ने भी सम्बोधित किया।

बैठक में मंडलीय सचिव गोरखपुर विजय कुमार यादव, मंडलीय सचिव प्रयागराज रत्नेश कुमार पांडेय, मंडलीय सचिव वाराणसी महर्षि राज, मंडलीय सचिव बस्ती रमाकांत, मंडलीय सचिव सहारनपुर श्री नितिन कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# मौरावां पहुंचे बीसीसीआई पिच क्यूरेटर

मौरावां। कस्बे में क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक नई उम्मीद बन रही टर्फ विकेट को देखने और उसका निरीक्षण करने के लिए बीसीसीआई/यूपीसीए से जुड़े ग्रीन पार्क कानपुर के पिच क्यूरेटर भूपेंद्र सिंह मौरावां पहुंचे। यहां उन्होंने मेला मैदान में बन रही टर्फ विकेट का बारीकी से निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा। इस दौरान उन्होंने मैदान एवं पिच निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। मौरावां के मेला मैदान में तैयार की जा रही टर्फ विकेट क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं मानी जा रही है। लंबे समय से स्थानीय खिलाड़ियों की मांग थी कि क्षेत्र में भी



उच्च स्तरीय क्रिकेट सुविधाएं विकसित हों ताकि उन्हें अभ्यास के लिए बड़े शहरों की ओर रुख न करना पड़े। अब टर्फ विकेट बनने से खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं के बीच अभ्यास करने का अवसर मिलेगा और उनकी प्रतिभा को नया मंच मिल सकेगा। मौरावां पहुंचने पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीसीसीआई पिच क्यूरेटर भूपेंद्र सिंह का भव्य स्वागत किया गया। उन्नाव जनपद के पिच क्यूरेटर राजेश चैधरी, स्थानीय खिलाड़ियों और अभिभावकों ने उन्हें 21 किलो की फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। स्वागत समारोह के दौरान खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके बाद भूपेंद्र सिंह ने मेला मैदान पहुंचकर निमार्णाधीन टर्फ विकेट का गहन निरीक्षण किया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा दोनों पालियों में सम्पन्न



इटावा। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 का पहला दिन सोमवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों और प्रशासनिक निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरे दिन सक्रिय रहा। परीक्षा प्रथम पाली 10 बजे से 12 बजे तक व दूसरी पाली परीक्षा तीन से 5 बजे तक सम्पन्न हुई। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराई गई। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव ने देर रात से ही सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी शुरू कर दी थी जिसमें रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड व शास्त्री चैराहा समेत प्रमुख स्थानों व सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया व परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था व संदिग्ध गतिविधि को रोका जा सके। परीक्षार्थियों ने सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा दी तथा जनसेवा केन्द्रों और फोटो स्टेट मशीनों के संचालन पर तीनों दिनों के लिए रोक लगा दी गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए सीओ सिटी अभय नारायन राय, सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, शहर कोतवाल यशवंत सिंह ने विभिन्न चैराहों का निरीक्षण किया तथा अतिक्रमण करने वालों दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी इसके बावजूद बल्देव चैराहा, नगर पालिका चैराहा, साबितगंज मार्ग, चैधरी पेट्रोल पंप क्षेत्र में जाम की समस्या न हो जिससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने व वापस लौटने में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

संक्षेप

## खेत की मेड़ जोत कब्जे के प्रयास का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटा बरगदिया निवासी एक महिला ने पड़ोसियों पर खेत की मेड़ जोतकर भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बेहटा बरगदिया निवासी ममता देवी पत्नी राजेश कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी कृषि भूमि गांव में स्थित है। उन्होंने कहा कि 2 जून को तहसील प्रशासन के लेखपाल और कानूनगो द्वारा भूमि की पैमाइश कर मेड़ निर्धारित कर दी गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद पड़ोसियों ने उनकी गैरमौजूदगी में खेत की मेड़ समेत भूमि को जोत दिया और कब्जा करने का प्रयास किया। 7 जून को खेत पर पहुंचने पर उन्हें इसकी जानकारी हुई। ममता देवी का कहना है कि विरोध करने पर विपक्षी पक्ष ने गाली-गलौज की और मारपीट पर आमादा हो गया। साथ ही खेत पर कब्जा न छोड़ने की धमकी भी दी।

## कल से शुरू होगा छतौनियां क्रिकेट टूर्नामेंट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ग्राम पंचायत छतौनियां में 10 जून से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं और विभिन्न टीमों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। टूर्नामेंट के कार्यक्रम अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने क्षेत्रवासियों, खेल प्रेमियों और युवा साथियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। आयोजकों के अनुसार यह प्रतियोगिता स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगी और ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

## बंद घर से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

सिधौली (सीतापुर)। कस्बा के मोहल्ला नरोत्तम नगर दक्षिणी में एक बंद मकान के घर से अज्ञात चोरों ने दो अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए की जेवरात व नगदी चोरी कर ले गये। गृह स्वामी अपने परिवार के साथ दूसरे मकान में सो रहे थे। अगली रात जब वह लोग घर आए तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। ग्रह स्वामी कैलाश शंकर अवस्थी ने बताया कि वह अपने बहु पोती के साथ मोहल्ला गांधी नगर स्थित दूसरे घर पर गए हुए थे। देर रात जब वह वापस आए घर का ताला खोलकर अंदर गए तो कमरे में सामान बिखरा हुआ पड़ा देखा। दो अलमारी के ताले टूटे हुए थे। जिसमें से जेवरात वह नगदी गायब थी। उन्होंने बताया कि उनके मकान के दोनों तरफ सड़क है। दोनों दरवाजों पर ताले लगे हुए थे चोर छत के रास्ते से आए और आंगन का जाल तोड़कर नीचे उतर गए और घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार 30 हजार नगद व झुमकी, मांग बेदी, नथुनी, टाप्स, पाजेब, पायल, बिछिया, कमर बन्द, अंगूठी, मंगलसूत्र पीड़ित ने बताया कि उन्होंने घटना की जानकारी सिधौली कोतवाली पुलिस को दे दी है। पीड़ित के अनुसार लगभग 10 लाख रुपये के जेवर चोरी हुए है। कस्बा इंचार्ज हरिश्चंद्र यादव ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। जान पड़ताल कर की जा रही है। जल्दी चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# सख्त पहरे में हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा

जिला संवाददाता(vol)



- डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा
- प्रथम सत्र में 4847, द्वितीय सत्र में 4884 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

लखीमपुर खीरी। उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा खीरी जिले के 16 केंद्रों पर संचालित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा सोमवार को अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 13248 में से 9731 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3517 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम (न्यायिक) समेत नोडल अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे।

वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने एडीएम ब्रजपाल सिंह दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (जीआईसी, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, आर्यकन्या इंटर कॉलेज, कृषक समाज इंटर कॉलेज, धर्मसभा इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया। बताते चले कि जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 6624 के सापेक्ष पहली पाली में 4847 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1777 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 4884 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1740 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 09 जून और 10 जून को भी 16 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी। पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु आज डीएम अंजनी कुमार सिंह व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने भ्रमणशील रहकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर उउळश कैमरों को चौक किया और जरूरी निर्देश दिए।

## आपसी विवाद में पति-पत्नी घायल

सीतापुर। मछरेहटा थाना क्षेत्र के परसदा गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक पति ने अपनी पत्नी पर बांके से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से नाराज बेटों ने पिता की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह भी लहूलुहान हो गया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार परसदा गांव निवासी 45 वर्षीय राकेश मिश्रा का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी कुंती मिश्रा से विवाद हो गया। बताया जाता है कि विवाद बढ़ने पर राकेश ने गुस्से में आकर बांके से पत्नी पर हमला कर दिया। हमले में कुंती गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंच गए। मां पर हुए हमले से नाराज बेटों करन और कन्हैया ने पिता राकेश मिश्रा की पिटाई कर दी। मारपीट में राकेश भी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के एक पोते ने तत्काल पहल करते हुए दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें निगरानी में रखा गया है।

## विद्या मंदिर के पूर्व छात्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं में पायी सफलता



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र अमन गुप्ता ने एसएससी (सीजीएल) तथा भारतीय रेलवे की स्टेशन मास्टर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार कनौजिया ने बताया कि अमन गुप्ता, रामचन्द्र गुप्ता के पुत्र हैं तथा नगर के वार्ड संख्या 22 के निवासी हैं। वह वर्ष 2019 इंटरमीडिएट बैच के छात्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमन प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है और छात्रों की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। अमन गुप्ता के चयन पर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ. आदित्य कुमार पुरवार, उपाध्यक्ष रामदयाल वर्मा, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा तथा सह-प्रबंधक बृजेश राठी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भुइयां माता मंदिर में हनुमान जी का मुकुट चोरी

लखीमपुर खीरी। चौकी मिश्राना क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला भुइफोरवा नाथ स्थित भुइयां माता मंदिर से हनुमान जी का मुकुट चोरी हो गया। जानकारी के अनुसार चोरों ने मंदिर में स्थापित हनुमान जी का मुकुट चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि मुकुट की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि चोरी की यह वारदात सुबह करीब 9 बजे हुई, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार दिनदहाड़े मंदिर से मुकुट चोरी होना बेहद चिंताजनक है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस घटना की जाँच कर रही है।

## आरक्षी पुलिस परीक्षा केन्द्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



सीतापुर। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी डॉ० राजागणपति आर० एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आज आर०एम०पी० इंटर कॉलेज तथा पी०एम० राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा के साथ किया जाए। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सके।

## स्वास्थ्य विभाग ने गिनायीं सरकार की उपलब्धियां



महोली (सीतापुर)। केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के 12 साल पूरे होने पर ब्लाक के सभागार में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जहां उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी तथा सीएचसी अधीक्षक दीपांशु शुक्ला की प्रमुख उपस्थिति रही, वहीं स्वास्थ विभाग द्वारा जनहित में जारी सरकार की 12 सालों की नीतियां बताई गई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने सराहनीय कार्य करने वाले दस अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया तो मौजूद आशा और एएनएम को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचानें व जागरूक करने के निर्देश दिए गये है। इस मौके पर डा दीपक तिवारी, अखिलेश शुक्ल, एलटी अशोक यादव, स्टाफ नर्स गरिमा मिश्रा व शिल्पी श्रीवास्तव, रंजीता श्रीवास्तव ज्ञाना सिंह आशा संगिनी रेनू सिंह, एएनएम सर्वेश कुमारी डार्क रूम सहायक रामप्रताप राणा, बसंती देवी काउंसलर, रंजीत श्रीवास्तव, धीरेन्द्र वर्मा आदि को उनके उत्कृष्ट कार्यओं के लिए सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा सरकार महिलाओं के प्रति काफी सजग है और स्वास्थ्य सेवाएं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है। सरकार के 10 साल पूरे होने पर जनहित में चलाई जा रही योजनाओं और स्वास्थ विभाग के कियान्वयन के साथ, तमाम उपलब्धियां गिनाई। इस मौके पर ब्लाक तथा स्वास्थ्य विभाग के लोगों सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 वांछित वारंटी गिरफ्तार




पहला (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं वांछित वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रामपुर कलां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 10 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई 08 जून 2026 को की गई। अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा दबिश देकर वांछित व्यक्तियों को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे। गिरफ्तार वारंटियों में ललित पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम श्यामपुर थाना रामपुर कला, सोनलाल पुत्र जयराम निवासी ग्राम वाजिदनगर थाना रामपुर कला, नरेंद्र यादव पुत्र नन्हकऊ निवासी ग्राम भौरी थाना रामपुर कला, महेश वर्मा पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम लुधौरी थाना रामपुर कला, राम सिंह पुत्र मेवा निवासी ग्राम बबुआपुर मजरा कम्हा थाना रामपुर कला शैलेन्द्र पुत्र भगवानदीन निवासी ग्राम बालापुर थाना रामपुर कला, रामौतार पुत्र चुनू निवासी ग्राम तिवारीपुर थाना रामपुर कला, सुरजीत पुत्र प्रेमशंकर निवासी ग्राम छिपुलिया कोठी थाना रामपुर कला, सरवन पुत्र परसराम निवासी ग्राम तिवारीपुर थाना रामपुर कला, ब्रजेश कुमार पुत्र रामनाथ शुक्ल निवासी ग्राम दहवा थाना रामपुर कला थे। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। अभियान के दौरान पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली व अर्टिगा कार में भिड़ंत



लखीमपुर खीरी लखीमपुर-सीतापुर नेशनल हाईवे मार्ग पर जिंदबाबा मजार के पास एक भीषण सड़क हादसा होने का मामला सामने आया है। यहाँ एक बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली और अर्टिगा कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अर्टिगा कार में सवार यात्री गौरीफंटा से लखनऊ के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार ओयल क्षेत्र के अंतर्गत जिंदबाबा मजार के पास पहुँची, तभी बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी भीषण टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार में बैठा एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। चौकी इंचार्ज डिंपल सिंह ने पेश की मानवता की मिसाल, जनता ने की सराहना हादसे की सूचना मिलते ही ओयल पुलिस चौकी इंचार्ज डिंपल सिंह बिना कोई समय गंवाए तत्काल मय फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने स्थिति को संभालते हुए आनन-फानन में सरकारी एम्बुलेंस बुलाई और घायल व्यक्ति को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल (मोतीपुर, ओयल) भिजवाया।

# डीएम ने बाढ़ कार्यों का लिया जायजा

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अफसरो संग तहसील, ब्लॉक निघासन के अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर के मजरा चन्दनपुरवा में चल रहे बन्धा मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि 70 मीटर की लम्बाई में ग्राम पंचायत की ओर से बन्धा मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। ग्रामवासियों ने अवगत कराया कि बन्धा निर्माण कार्य विगत वर्ष में कराया गया था, जोकि बाढ के समय तीन स्थानों पर कट गया था, जिसे पुनः मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। ग्रामवासियों ने डीएम से बन्धे की ऊंचाई बढ़ाने हेतु आग्रह किया। डीएम ने बीडीओ निघासन को बन्धे की ऊंचाई के साथ-साथ मजबूती से गुणवत्तापरक व ससमय कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

साथ ही डीएम ने ग्राम पंचायत बैलहा के मजरा ठाकुरपुरवा में चल रहे रपटा पुल के दोनो तरफ बहतिया नाला में सिल्ट सफाई कार्य का निरीक्षण किया। डीएम ने ग्रामवासियों के आग्रह पर बीडीओ निघासन को निर्देशित किया कि सिल्ट सफाई का कार्य रपटा के दोनो तरफ और अधिक लम्बाई में कराया जाय, जिससे बाढ के समय पानी सुगमतापूर्वक रपटा पुल से निष्कासित हो सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सफाई के दौरान जो भी सिल्ट/मिटटी निकल रही है, उसे बहतिया नाले के दोनो तरफ बन्धे के रुप में विकसित किया जाए। इस मौके पर बीजेपी नेता राज राजेश्वर सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी अनिल कुमार, एसडीएम राजीव कुमार निगम, बीडीओ जयेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

## जनपद में स्वच्छता व जन-जागरूकता अभियान तेज




लखीमपुर खीरी। सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में 05 जून से 21 जून तक चलाए जा रहे समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत रविवार को नगरीय निकायों में व्यापक स्वच्छता -जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, पलियाकला, मोहम्मदी सहित नगर पंचायत खीरी टाउन, ओयल, मैलानी, बरबर, निघासन, भीरा एवं धौरहरा समेत सभी निकायों में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।

इस दौरान सर्वाधिक अस्वच्छ सार्वजनिक स्थलों की पहचान कर वहां सफाई एवं प्लास्टिक अपशिष्ट निस्तारण का कार्य कराया गया। इस दौरान डोर-टू-डोर अभियान चलाकर नागरिकों को सूखा कचरा, गीला कचरा एवं सेनेटरी वेस्ट को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित कर निर्धारित वाहनों को देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जूट बैगों का वितरण भी किया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। अभियान के दौरान नागरिकों से अपील की गई कि वे नियमित रूप से कचरे का पृथक्करण करें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। कार्यक्रम के तहत पूरे जनपद में स्वच्छता, जन-जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त उद्योग रूपेश कुमार ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदाय की महिलाओं को पारंपरिक शिल्प एवं हस्तकला के क्षेत्र में सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। टूलकिट वितरण से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित लाभार्थी महिलाओं ने योजना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्राइबल क्राफ्ट टूलकिट से जनजातीय महिलाओं की आत्मनिर्भरता को मिली नयी उड़ान

सुशासन को समर्पित पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में विकास एवं आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सदर ब्लॉक लखीमपुर में उपायुक्त उद्योग रूपेश कुमार ने ओडीओपी ट्राइबल क्राफ्ट योजना के अंतर्गत जनजातीय महिलाओं को टूलकिट का वितरण किया।

## मृत्युंजय, पैंथर्स और बिलाल क्लब की शानदार जीत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्टेडियम पीआईसी में आयोजित 19वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार रात खेले गए मुकाबलों में मृत्युंजय क्लब, पैंथर्स क्लब और बिलाल क्लब ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। देर रात तक दर्शकों ने रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया।

पहले मैच में ईवा इवेंट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अंकुश के 27 और रोहित के 20 रन की मदद से 72 रन बनाए। जवाब में मृत्युंजय क्लब ने अनुज के 26 और दिव्य के 16 रन की बदौलत लक्ष्य हासिल कर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। दूसरे मुकाबले में पैंथर्स क्लब ने डीजे वारियर्स को 31 रन से पराजित किया। पैंथर्स की ओर से शुभ और आयुष ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई, जिससे टीम ने 134 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में डीजे वारियर्स की ओर से शिवा ने 34 और आदर्श ने 20 रन बनाए, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। तीसरे मैच में बिलाल क्लब ने आमिर के 28 और फैज के 18 रन की मदद से 78 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भवानीगंज की टीम निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे रह गई और 42 रन से मुकाबला हार गई। बेहतर प्रदर्शन के लिए लकी, शुभ और आयान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैचों से पूर्व खिलाड़ियों का परिचय चिल्ड्रेन एकेडमी के डायरेक्टर अनुभव गुप्त, केबीसी विजेता चांद खान और पूर्व सभासद इमरान ने प्राप्त किया। इस अवसर पर राजेश्वर सिंह, शोभित सिंह, रामू, राम गुलाम पाण्डेय, सुभाष मिश्र, आशुतोष गिरी सहित टूनार्मेंट कमेटी के पदाधिकारी, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## आशा कार्यकत्रियों के सम्मान व संवाद कार्यक्रम का आयोजन



सीतापुर। केन्द्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं में हुए ऐतिहासिक सुधारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भूभिजा हाल, खैराबाद में चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं आशा कार्यकर्त्रियों के सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर चर्चा की तथा जनसेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम तथा गैर संचारी रोगों की रोकथाम से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई।

इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ एवं प्रख्यात चिकित्सक तथा समाजसेवी डॉ. राजकिशोर टंडन एवं प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ0 रेखा गोयल को स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों, एएनएम एवं आशा कार्यकर्त्रियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित व्यक्तियों के कार्यों की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज के स्वस्थ निर्माण में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने संबोधन में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि देश एवं प्रदेश के विकास की आधारशिला स्वस्थ समाज है और इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में आशा कार्यकर्त्रियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सांसद मिश्रिख अशोक कुमार रावत ने कहा कि केन्द्र सरकार के पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिले हैं। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद के कृषि वैज्ञानिकों ने खेत बचाओ अभियान के तहत सोमवार को विकास खंड बांकेगंज के ग्राम बैठिया में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने, हरी खाद एवं जैव उर्वरकों के प्रयोग पर जोर दिया। डॉ. मोहम्मद सुहेल ने संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी। वहीं डॉ. जिया लाल गुप्ता ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व और फसल अवशेष प्रबंधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने पराली जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति भी किसानों को जागरूक किया। डॉ. नागेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पशुपालन खेती का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो किसानों की आय बढ़ाने के साथ मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने में भी सहायक है। कार्यक्रम में 30 से अधिक किसानों ने भाग लेकर कृषि विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। अंत में एडीओ कृषि ने सभी किसानों एवं वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया।

## दवा व्यापारी दीपक जैन के निधन से क्षेत्र में शोक

सिधौली (सीतापुर)। कस्बे के प्रमुख दवा व्यवसायी दीपक कुमार जैन का सोमवार सुबह कार्डियक अरेस्ट से असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही व्यापारियों और नगरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। विवेक नगर स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। तहसील रोड स्थित जैन मेडिकोज के संचालक दीपक जैन सुबह मंदिर जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा तत्काल उपचार का प्रयास किया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। मात्र 42 वर्ष की आयु में उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वह अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। दीपक जैन के निधन पर व्यापारिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया। कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्र के लोगों ने उनके सरल स्वभाव और सामाजिक व्यवहार को याद करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया।

संक्षेप

## रायबरेली के साईं हॉस्टल में दम दिखायेंगे शिवांश विक्रम



सुलतानपुर। जिले के बल्दीराय तहसील के ग्राम पूरे शिवदीन तिवारी मखदूमपुर पोस्ट अतौला निवासी शिवांश विक्रम त्रिपाठी का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण साई रायबरेली के ट्रेनिंग सेंटर में हुआ। शुरू से वॉलीबॉल में रुचि रखने वाले शिवांश के पिता प्रदीप तिवारी निजी व्यवसाय करते हैं इनकी माता नीलम तिवारी गृहिणी हैं इनकी प्रारंभिक शिक्षा कुमारगंज के ब्लूमिंगबड पब्लिक स्कूल से हुई जहां से इन्होंने दसवीं तक शिक्षा ग्रहण की। इनकी इस सफलता पर क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव एसएन सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी राम शिरोमणि वर्मा, खेल शिक्षक राणा उदय सिंह, वॉलीबॉल कोच प्रदीप यादव, प्रोफेसर संजय सिंह, मुनेंद्र मिश्र, राजेश कन्नौजिया, राजकुमार शुक्ला, परमानंद तिवारी, रामसुंदर तिवारी, प्रमोद, संदीप, श्रीकांत मिश्रा, इंद्रमणि मिश्रा, सहित खिलाड़ियों एवं क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई।

## कादीपुर के पूर्व सपा विधायक पर दर्ज केस में बहस टली

सुलतानपुर। कादीपुर के पूर्व सपा विधायक रामचन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के खिलाफ दर्ज केस में सोमवार को फाइनल बहस नहीं हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कोर्ट को जानकारी दी कि शासन ने मुकदमा वापस ले लिया है। इसके लिए अभियोजन पक्ष की ओर से दी गई अर्जी का अभी निस्तारण नहीं हुआ है। एमपी-एमएलए कोर्ट के एडीजे राकेश ने अर्जी के निस्तारण के लिए 29 जून की तिथि तय कर दी है। 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। इससे नाराज लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। इसमें कई पुलिस कर्मियों को चोटें आई थी। मामले में पुलिस ने पूर्व सपा विधायक राम चन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या, बेटे पर संदेह

कन्नौज। जिले के सकरावा थाना क्षेत्र के देवपुर गांव में रविवार रात घर के बाहर सो रहे 75 वर्षीय एक बुजुर्ग की धारदार हथियार से हमला करके कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक श्रीकृष्ण बाथम अपने घर के बाहर खाट पर सो रहे थे, तभी अज्ञात परिस्थिति में उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह उनके पोते रजनीश ने बाथम का खून से लथपथ शव देखा और शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करके साक्ष्य जुटाए। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक के बेटे अशोक ने रविवार शाम शराब के नशे में अपने पिता से झगड़ा किया था, जिसे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर शांत कराया था।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो रही है परीक्षा



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आयोजित की जा रही उत्तर प्रदेष पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु चन्द्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज, केबी सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर 8, 9 व 10 जून, 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबंध किए गए है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2768 अभ्यर्थी उपस्थित व 976 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2733 अभ्यर्थी उपस्थित व 1011 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 7488 अभ्यर्थियों में से 5501 अभ्यर्थी उपस्थित व 1987 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## आलमपुर गांव में अदालत लगाकर तहसीलदार ने 32 मुकदमों का किया निस्तारण



लालगंज रायबरेली। जिलाधिकारी के निर्देश और उप जिलाधिकारी राजेश श्रीवास्तव की पहल पर ग्राम सभा में अदालत लगना शुरू हो गई हैं। न्याय चला गांव की ओर योजना की पहल शुरू हो गई है। सरकार की मंशा के अनुरूप काम कर रहे लालगंज तहसीलदार शिवम राठौड़ ने आलमपुर पंचायत भवन में अदालत लगाकर ग्रामीण वादकारियों को न्याय दिलाना शुरू कर दिया है। तहसीलदार ने जहां 25 दाखिल खारिज के मामलो का निस्तारण किया है, वहीं सात अन्य मुकदमों का भी निस्तारण किया है। उल्लेखनीय बात यह रही कि ग्राम अदालत में अधिवक्ता सुंदर बाजपेई, सुशील बाजपेई, धर्मेंद्र मिश्रा, शैलेश द्विवेदी, संजय सिंह ने अपने वादकारियों के लिए मुकदमो में बहस भी की। आलमपुर में लगी अदालत में कई वर्षों से लटके विरासत के एक मामले को तहसीलदार ने निपटा कर फरियादियों को बड़ी राहत दी है। वादकारी कैलाश और गिरीश ने बताया कि उनका एक विरासत का मुकदमा लटका हुआ था जिसके चलते गंगा एक्सप्रेसवे से मुआवजा नहीं मिल पा रहा था। अब मामले का निस्तारण होने से करीब डेढ़ करोड़ रुपए मुआवजा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। आलमपुर की अदालत में ग्राम पंचायत आलमपुर ,उतरा गौरी ,धनाभाद उगाभाद आदि गांवो के मामले निस्तारण किए गए। बहुत से मामले तो 15- 20 वर्षों से चल रहे थे जिनका भी निस्तारण हो गयाहै। तहसीलदार शिवम राठौड़ ने बताया कि इन गांवों के पेंडिंग मुकदमों के संबंध में सभी को सूचना दे दी गई थी।

## ग्रामीणों ने प्रधान पर जिलाधिकारी के प्रति अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने का लगाया आरोप

सलोन, रायबरेली। विकास खंड सलोन की ग्राम सभा रेवली के प्रधान पर गंभीर आरोप लगे हैं। इस संबंध में विशाल पासी का सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो वीडियो में ग्रामीणों ने प्रधान पर जिलाधिकारी के प्रति अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने तथा गरीब एवं पात्र लोगों से आवासीय पट्टे दिलाने के नाम पर धनराशि वसूलने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान द्वारा सरकारी व्यवस्था और प्रशासनिक गरिमा के विपरीत जिलाधिकारी के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे लोगों में नाराजगी है। वहीं, आरोप यह भी है कि ग्राम सभा के 50 से अधिक गरीब और जरूरतमंद परिवारों से आवासीय पट्टा दिलाने का भरोसा देकर कथित रूप से मोटी रकम वसूली गई। ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने अपने सीमित संसाधनों से धनराशि दी, लेकिन उन्हें अब तक कोई लाभ नहीं मिल सका। ग्रामीणों के अनुसार, मामले की शिकायतें विभिन्न स्तरों पर किए जाने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। कुछ ग्रामीणों का यह भी दावा है कि प्रधान की क्षेत्रीय विधायक से निकटता के चलते शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीण विशाल पासी ने जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा आरोप सही पाए जाने पर कड़ी विधिक कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग जांच के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। समाचार ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों और शिकायत के आधार पर तैयार किया गया है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। संबंधित पक्ष का पक्ष प्राप्त नहीं हो पाया।

## शीघ्र ही मुख्यमंत्री और डीएम से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं का कराया जायेगा निस्तारण : विवेक शर्मा



लालगंज रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के लालगंज नगर अध्यक्ष और जिला प्रभारी विवेक शर्मा ने संगठन की बैठक करते हुए व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की और कहा कि शीघ्र ही व्यापारियों की समस्याओं को लेकर प्रदेश संगठन के जरिए जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से मिला जाएगा। अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि वर्तमान में व्यापारियों की विभिन्न समस्याएं हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा किया जाये। जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की दुकान जलने का एक करोड़ का बीमा कराया जाये। विभागों की बकाया रकम लेट जमा करने अथवा रिटर्न लेट जमा करने पर ब्याज 18 प्रतिशत से घटाकर 9 प्रतिशत किया जाये। सभी विभागों के लाइसेंस आजीवन बनाये जाये। सभी विभागों के सर्वे-छापों का कानून समाप्त किया जाये। बिजली बिल मीटर रीडिग के आधार पर लिया जाता है, बिल में लगने वाले फिक्स चार्जेज एवं मिनीमम चार्जेज समाप्त किये जाये। जिला अध्यक्ष रोहित सोनी और जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ,नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि व्यापारियों को शस्त्र लाईसेंस प्राथमिकता के आधार पर दिए जाये। इस अवसर पर कौशलेंद्र कंचन ,दीपू गुप्ता, महेश सोनी, श्रवन मौर्य, पुष्कर गुप्ता सहित संगठन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब



कूरेभार, सुलतानपुर। कूरेभार क्षेत्र के शहरी गांव स्थित पंडित रतीराम शुक्ल शिवकुमारी इंटर कॉलेज के प्रबंधक संतराम शुक्ला के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में शाम से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और देर रात तक भक्तिभाव का वातावरण बना रहा। कथा व्यास पंडित रामचंद्र मिश्र रामायणी ने श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान कराते हुए भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, माखन चोरी, गोप-गोपियों के साथ बाल क्रीड़ाओं तथा गोकुल-वृंदावन की दिव्य लीलाओं का ऐसा सजीव चित्रण प्रस्तुत किया कि श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। व्यास जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन का विषय नहीं हैं, बल्कि वे प्रेम, करुणा, सरलता और भक्ति का अमूल्य संदेश देती हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है तथा उसे धर्म, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करता है। कथा के दौरान जब नंदलाल की बाल छवि, यशोदा मैया का वात्सल्य और माखन चोरी की रमणीय लीलाओं का वर्णन हुआ तो पूरा पंडाल राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते नजर आए। कथा स्थल का आध्यात्मिक वातावरण उपस्थित जनसमूह को दिव्य अनुभूति प्रदान कर रहा था।

## ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स की मनमानी छूट पर भड़के रेस्टोरेंट संचालक



रायबरेली। रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ रायबरेली द्वारा सोमवार को में एक महत्वपूर्ण प्रेस मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स द्वारा अपनाई जा रही अनधिकृत डिस्काउंट, अत्यधिक प्रचारात्मक ऑफर्स तथा अन्य कथित अनुचित व्यापारिक गतिविधियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रेस वार्ता में उपस्थित रेस्टोरेंट संचालकों ने कहा कि ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनियों की वर्तमान कार्यप्रणाली स्थानीय होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। उनका आरोप है कि कई मामलों में प्लेटफॉर्म्स रेस्टोरेंट्स की स्पष्ट सहमति के बिना ही ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की छूट और ऑफर प्रदर्शित करते हैं, जिससे न केवल व्यवसायिक पारदर्शिता प्रभावित होती है बल्कि बाजार में असंतुलित प्रतिस्पर्धा की स्थिति भी पैदा हो जाती है। एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने बताया कि इन अनियंत्रित छूट अभियानों का सबसे अधिक प्रभाव छोटे और मध्यम स्तर के रेस्टोरेंट्स पर पड़ रहा है। सीमित संसाधनों और कम मार्जिन पर संचालित होने वाले प्रतिष्ठानों के लिए लगातार छूट की प्रतिस्पर्धा में बने रहना कठिन होता जा रहा है। इससे उनकी लाभप्रदता प्रभावित हो रही है और व्यवसाय की दीर्घकालिक स्थिरता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय रेस्टोरेंट्स ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी प्रदान करते हैं। यदि इन संस्थानों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है तो इसका असर स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। प्रेस मीट में एसोषियेषन ने ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स से मांग की कि किसी भी प्रकार की छूट, ऑफर या प्रचार अभियान चलाने से पहले संबंधित रेस्टोरेंट की स्पष्ट और लिखित सहमति प्राप्त की जाए। एसोसिएशन ने व्यावसायिक प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा सभी पक्षों के लिए निष्पक्ष और संतुलित कारोबारी वातावरण विकसित करने पर जोर दिया।

एसोसिएशन का कहना है कि रेस्टोरेंट उद्योग स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और कर राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देता है। ऐसे में इस क्षेत्र के हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। रेस्टोरेंट एसोसिएशन के महामंत्री बलदीप अरोड़ा, कोषाध्यक्ष ऋषभ सिंह, मीडिया प्रभारी एस श्रीवास्तव साहित्य कई रेस्टोरेंट संचालक मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में युवक का शव फंदे से लटका मिला, परिवार में मचा कोहराम



गोसाईंगंज, सुलतानपुर। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के बसौंहा गांव में रविवार देर रात एक युवक का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। बसौंहा गांव निवासी रंजीत कुमार (30) पुत्र छोटेलाल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बताया जाता है कि रविवार को किसी बात को लेकर घर में विवाद हुआ था, जिसके बाद वह अपने पांच वर्षीय पुत्र आर्यांस के साथ कमरे में सोने चले गए। रात में आर्यांस की आंख खुलने पर वह किसी तरह कमरे का दरवाजा खोलकर बाहर आया और अपने चाचा संदीप से पानी मांगा। संदीप जब बच्चे को पानी देने के बाद कमरे में पहुंचे तो रंजीत का शव साड़ी के सहारे छत के हुक से लटकता देख उनके होश उड़ गए। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और फंदा काटकर युवक को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर सुनील सिंह एवं थानाध्यक्ष अखंडदेव मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक अपने पीछे पत्नी किरन, पुत्र आर्यांस, मां गेना देवी तथा तीन भाइयों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। थानाध्यक्ष अखंडदेव मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मोहर्रम को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



दोस्तपुर, सुलतानपुर। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को दोस्तपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी मंजुल मयंक एवं क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम ने की। इस अवसर पर थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव और शांति बनाए रखते हुए मोहर्रम मनाने की अपील की। क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने ताजियादारों को जुलूस के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि जिन मार्गों से हाई वोल्टेज विद्युत तार गुजरते हैं, वहां अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने ताजियों की ऊंचाई नियंत्रित रखने का सुझाव भी दिया, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक सामग्री साझा न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। साथ ही विवादित झंडों और प्रतीकों के प्रदर्शन से परहेज करने की अपील की गई। बैठक के दौरान स्थानीय नागरिकों ने नई बाजार क्षेत्र में जलभराव, सड़क पर बहते नाली के पानी तथा बिजली के तारों की समस्या उठाई। इस पर उपजिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने कहा कि त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

# 34 साल बाद भी नहीं तय हुआ आरोप

- कोर्ट ने अपनाया सख्त रुख
- गिरफ्तारी वारंट जारी करने की दी चेतावनी
- 24 जून को आरोपितों को हाजिर होने का दिया आदेश

सुलतानपुर। 1992 में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान डाकखाना कुड़वार में तोड़फोड़ करने के आरोप में छात्रों पर दर्ज मुकदमे में 34 साल बीत जाने के बाद भी आरोप (चार्ज) नहीं तय हो पाया है। सोमवार को आरोपित नंद कुमार सिंह व मनोज तिवारी कोर्ट में हाजिर हुए लेकिन अन्य आरोपित गैर हाजिर रहे। बचाव पक्ष के अधिवक्ता विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि एसीजेएम पंचम मयूरेश श्रीवास्तव ने कड़ा रुख अपनाते हुए अभी आरोपितों को अगली तिथि 24 जून को हाजिर होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि आरोपितों के हाजिर नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाएगा। 19 नवंबर 1992 को आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान वीपी इंटर कॉलेज कुड़वार के छात्रों पर पोस्ट ऑफिस कुड़वार में तोड़फोड़ करने का आरोप लगा है। पोस्ट ऑफिस के उप डाकपाल आरपी राय ने छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में नंद कुमार सिंह, विनोद सिंह, मनोज तिवारी, संतोष सिंह, रमेश मिश्र, उमेश तिवारी, कौशलेंद्र, रामकरन, ओम प्रकाश समेत कई छात्रों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। 34 साल से विचाराधीन मुकदमे में अभी तक आरोप नहीं तय हो पाया है।

## एनसीसी बटालियन ने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शुरू



रायबरेली। 66 यूपी बटालियन एनसीसी ने एसडी पांडे मेमोरियल इंटर कॉलेज, डीघा में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-217) शुरू किया। अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति के मूल मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस 10 दिवसीय शिविर में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों के 600 से अधिक सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। यह शिविर 7 जून से 16 जून 2026 तक चलेगा। शिविर के पहले दिन पंजीकरण और बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रक्रिया से शुरूआत हुई। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर कैडेटों को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी कर्नल उदय भानु, सेना मेडल ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अनुशासन की भावना विकसित करना और उन्हें भविष्य के लिए जिम्मेदार और अच्छा नागरिक बनाना है, ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन कर सकें। कमांडिंग ऑफिसर ने अनुशासन और कठोर प्रशिक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिविर का संचालन एनसीसी के नए पाठ्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। छात्रों को हथियार प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, युद्ध कौशल, मानचित्र पठन, ड्रोन प्रशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि पहलुओं की शिक्षा दी जाएगी।

# दोषी बुजुर्ग को मिली कोर्ट उठने तक खड़े रहने की सजा

बागपत। स्थानीय अदालत ने करीब 27 वर्ष पुराने आपराधिक मामले का निस्तारण करते हुए 65 वर्षीय दोषी को अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक वहां खड़े रहने की सजा सुनाई और उस पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन अधिकारी अभिराम गौतम ने सोमवार को बताया कि सरूरपुर कलां गांव निवासी धारा सिंह ने 26 जून 1999 को गांव के ही राजेंद्र समेत तीन लोगों के खिलाफ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए बागपत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र अदालत में दाखिल कर दिया था। राजेंद्र के खिलाफ मामला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीन्द्रपाल सिंह की अदालत में विचाराधीन था। लंबे समय तक अदालत में पेश नहीं होने पर उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। बाद में कुर्की नोटिस और कुर्की वारंट भी जारी किए गए। शनिवार को राजेंद्र ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। उसने अदालत को बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है तथा वृद्धावस्था और बीमारी के कारण नियमित रूप से अदालत में उपस्थित नहीं हो सका। आरोपी ने स्वेच्छा से अपना अपराध स्वीकार करते हुए मामले का निस्तारण कम से कम जुर्माने के साथ करने का अनुरोध किया। सुनवाई के बाद अदालत ने राजेंद्र को उस दिन की कार्यवाही समाप्त होते तक अदालत में उपस्थित रहने की सजा सुनाई और कुल एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसमें गाली-गलौज के जुर्म में 300 रुपये तथा धमकी देने के जुर्म में 700 रुपये का जुर्माना शामिल है। अदालत ने आदेश दिया कि जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में दोषी को 10 दिन का कारावास भुगतना होगा। अभियोजन अधिकारी के अनुसार, राजेंद्र ने निर्धारित जुर्माना जमा कर दिया और सजा की अवधि पूरी होने के बाद अपने घर लौट गया।

## शिक्षामित्र शिक्षक पात्रता एसोसिएशन की मंडलीय बैठक संपन्न



मोतिगरपुर, सुलतानपुर। शिक्षामित्र शिक्षक पात्रता (यूपीटेट/सीटेट) एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की मंडलीय बैठक सोमवार को सुलतानपुर स्थित सीताकुंड घाट पर आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में टेट/सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्रों एवं संगठन पदाधिकारियों ने भाग लेकर संगठन की मजबूती और भावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री मुनरा देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय तथा प्रदेश संगठन मंत्री शैलेंद्र सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। प्रदेश अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन का उद्देश्य टेट/सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्रों को पूर्ण शिक्षक का दर्जा दिलाने के लिए सरकार से प्रभावी समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने सदस्यता अभियान को तेज करने और संगठन के विस्तार में सभी पदाधिकारियों से सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। प्रदेश नेतृत्व ने शिक्षामित्रों के सहायक अध्यापक पद पर नियमितीकरण के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान सुल्तानपुर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नीतू द्विवेदी को जिलाध्यक्ष, रमेश यादव को जिला उपाध्यक्ष, भूमिका सिंह को जिला महामंत्री तथा वंदना पांडेय को कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा अमेठी जिला कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। बैठक के अंत में शिक्षामित्रों ने मानदेय वृद्धि एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए नियमितीकरण संबंधी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा व्यक्त की।

## मंदिर में पुजारी संदिग्ध परिस्थिति में मृत मिला

हाथरस। जिले के सहपऊकस्बे के एक हनुमान मंदिर के परिसर में 51 वर्षीय एक पुजारी सोमवार को संदिग्ध परिस्थिति में मृत पाया गया। पुलिस के मुताबिक, दिलीप उर्फ चंदू लाला का शव सोमवार सुबह सहपऊ कस्बे के हनुमान टीला मंदिर के बरामदे में पड़ा मिला। पुलिस के मुताबिक, मृतक अविवाहित था और दिव्यांग था। पुलिस ने बताया कि पुजारी दिलीप नगला सुखराम गांव का मूल निवासी था, वह पिछले सात महीनों से मंदिर में रह रहा था और वहां पूजा पाठ करता था। अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि अज्ञात हमलावरों ने पुजारी के सिर पर हमला किया होगा। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि सबूत इकट्ठा करने के लिए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है।

## धसान नदी में डूबने से दो भाइयों कीमौत

महोबा। महोबा जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र में धसान नदी में नहाते समय दो सगे भाइयों की डूबकर मौत हो गई। पनवाड़ी थाने के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम धसान नदी में नहाने के दौरान फतेहपुर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी दो सगे भाइयों जितेंद्र कुमार (33) और राजा (30) की डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, जितेंद्र पनवाड़ी क्षेत्र के नैपुरा गांव स्थित परिषदीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत था। उसका छोटा भाई राजा सोमवार को पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाला था।

पुलिस के अनुसार, जितेंद्र अपने परिवार के साथ किराए के मकान में पनवाड़ी कस्बे में रह रहा था। रविवार शाम वह अपने भाइयों रंजीत, राजा, पुत्र सिद्धांत और साले दिलीप के साथ झारखंड धाम घूमने गया था। वहां सभी लोग धसान नदी में नहाने लगे।

संक्षेप

## भीषण गर्मी में शिव भक्तों के लिए भण्डारे का आयोजन

देवरिया। पूर्वांचल में छोटी काशी के नाम से मशहूर बाबा बुद्धेश्वर नाथ की नगरी रुद्रपुर में अधिमास के तीसरे सोमवार को उमडी भक्तों की भारी भीड़ के बीच श्री दुग्धेश्वर नाथ जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भीषण गर्मी में राहत की सांस ली। बाबा दुग्धेश्वरनाथ मन्दिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिवास के तीसरे सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भगवान भोले की पूजा अर्चना करने दूर दराज से पहुंची में महिलाओं, बच्चों बुजुर्गों, सहित ठेले खोमचे, छोटे दुकानदारों ने इस भीषण गर्मी में प्रसाद पाकर समिति के कार्यों की सराहना की। भण्डारे का शुभारंभ रुद्रपुर के कोतवाल कल्याण सिंह सागर द्वारा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण कर किया गया ।समिति के अध्यक्ष शिवहरि तिवारी, महामंत्री शंकर प्रसाद जायसवाल, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# सदर तहसील में लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र और सहायक उपकरण

जिला संवाददाता



देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार कल्याण सेक्टर (जिला समाज कल्याण, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण, जिला प्रोबेशन एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग), जनपद देवरिया द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की समस्त तहसीलों में ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ की मूल भावना के साथ कल्याणकारी शिविर के माध्यम से विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित कराए जाने हेतु विभिन्न तिथियों को तहसील परिसर में शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त के क्रम में आज सदर तहसील सभागार, देवरिया में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विधायक, सदर को प्रियंका चौधरी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, देवरिया एवं मनोज कुमार राय, मुख्य वक्फ निरीक्षक, अल्पसंख्यक कल्याण, देवरिया द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित एवं अभिनंदित किया गया।

तदुपरांत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, देवरिया द्वारा सदर विधायक के माध्यम से उपस्थित 10 दिव्यांग लाभार्थियों को कान की मशीन, ट्राइसाइकिल, छड़ी एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इसी क्रम में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ₹ओ₹ लेवल कंप्यूटर कोर्स में 30 चयनित/प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र सदर विधायक के माध्यम से उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रदान किए गए तथा जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत 10 पेंशन लाभार्थियों एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना व निराश्रित विधवा पेंशन की 10 लाभार्थियों को सदर विधायक द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 15 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्रों का सदर विधायक के कर-कमलों द्वारा वितरण किया गया।

विधायक, सदर द्वारा वितरण के पश्चात राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में संक्षेप में जानकारी प्रदान करते हुए अवगत कराया गया कि सरकार गरीब, पिछड़े, मजलूम एवं बेसहारा व्यक्तियों के साथ पूरे मनोयोग के साथ खड़ी है। सदर विधायक द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराए जाने हेतु अपने स्तर से किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी उपस्थित जनसामान्य को अवगत कराया गया तथा उपस्थित समस्त कल्याण सेक्टर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की गई कि अपने स्तर से जनसामान्य हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गाँव-गाँव, घर-घर तक पहुँचाया जाए, ताकि कोई भी गरीब एवं बेसहारा व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रह पाए। कार्यक्रम के अंत में प्रियंका चौधरी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, देवरिया द्वारा मुख्य अतिथि विधायक, सदर का पुनः अभिनंदन करते हुए उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लाभार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा शिविर सधन्यवाद संपन्न हुआ।

## मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए 28 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

देवरिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए विभागीय पोर्टल उपलब्ध करा दिया गया है, जिस पर 28 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक आवेदकों को योजनावार पृथक-पृथक आवेदन करना होगा योजनाओं से संबंधित परियोजना विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक अभिलेखों की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने बताया कि योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी मत्स्य विभाग के जनपदीय, मंडलीय अथवा मत्स्य निदेशालय के कार्यालयों से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

## अदालत में सदस्य के 01 पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

देवरिया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण /सिविल जज (एस0डी0) देवरिया अर्चना-क्कने बताया है कि उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देश एवं मा0जनपद न्यायाधीश के आदेश के अनुपालन में जनपद देवरिया में गठित स्थायी लोक अदालत में सदस्य के 01 पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इन पदों पर सार्वजनिक उपयोगिता सेवा में पर्याप्त अनुभव रखने वाले व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। चयनित सदस्य को प्रति बैठक रु0 2000/- मानदेय तथा रु0 5000/- प्रति माह यात्रा भत्ता देय होगा। यह नियुक्ति साक्षात्कार के आधार पर अधिकतम 05 वर्ष या 65 वर्ष की उम्र तक जो भी पहले हो, के लिए होगी। स्थायी लोक अदालत में सदस्य के रूप में कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति, दिनांक 04 जुलाई 2026 को सायं 5.00 बजे तक नियत प्रारूप पर स्पष्ट शब्दों में भर कर शैक्षिक योग्यता, अन्य कोई विशेष योग्यता/उपलब्धि एवं सार्वजनिक उपयोगिता सेवा मे पर्याप्त अनुभव / कानूनी सेवा संस्थान प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, मय नवीन फोटो पासपोर्ट साईज सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया में प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 04 जुलाई 2026 को सायं 5.00 बजे के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के द्वारा किया जायेगा। साक्षात्कार तिथि की सूचना पृथक से दी जायेगी।

## माटीकला कौशल विकास योजना के लिए आवेदन 10 जून तक

देवरिया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एल.बी. सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित ₹माटीकला कौशल विकास योजना₹ के अंतर्गत जनपद देवरिया को 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु 15 प्रशिक्षार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत माटीकला से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पियों को कौशल उन्नयन एवं प्रोत्साहन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण कार्यक्रम में माटीकला से संबंधित दैनिक उपयोग की वस्तुएं, सजावटी सामग्री, खिलौने, मूर्तियां तथा मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग, चित्रकारी, नक्काशी एवं अन्य शिल्प कलाओं का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक तथा साक्षर होना अनिवार्य है। प्रशिक्षार्थियों का चयन उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा गठित जिला स्तरीय त्रि-सदस्यीय चयन समिति के माध्यम से प्रथम आवत-प्रथम पावत के आधार पर किया जाएगा योजना हेतु आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ४स्रे्३ ुँ्रँ.्ल्ल पर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन से संबंधित सहायता के लिए जिला पंचायत भवन (प्रथम तल), देवरिया स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 जून तक आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

# किसान सभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश किसान सभा जिला कमेटी कुशीनगर द्वारा जिलाधिकारी कुशीनगर को ज्ञापन सौंपकर नील गाय / वनरोज एवं छुट्टा पशुओं से फसलों की रक्षा की मांग की ।सोमवार को जिला मुख्यालय रविन्द्र नगर घूस स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर किसान सभा के जिला मंत्री कामरेड अयोध्यालाल ।श्रीवास्तव ने डीएम महेंद्र सिंह तंवर को ज्ञापन सौंपा और बताया कि महंगी लागत से किसानों की बोई फसल को नीलगाय और अन्य छुट्टा पशु नुकसान पहुंचा रहे हैं।

कभी कभी ये पशु झुंड के झुंड खेत में खड़ी फसल नुकसान करते हैं ।सब्जी, दलहन आदि की खेती करना अभी छोड़ दिया है। खेती किसान की आय का एकमात्र साधन है जो फसल खराब होने से किसान बर्बाद हो जाता है ।फसल की रखवाली करते समय या रास्ते को राह चलते समय दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। अभी इसी जिले के ओमप्रकाश यादव, होमगार्ड, ग्राम भैंसही, बुन्ना गुप्ता, ग्राम-रसौनी मुकुन्दपुर सहित कई लोग अपनी से जान गवां चुके हैं और दर्जनों लोग घायल अवस्था में अपने घर पड़े हैं। लिहाजा किसानों की फसलों को बचाने एवं दुर्घटना से लोगों को बचाने के लिए नील गाय एवं छुट्टा पशुओं को प्रतिबंधित करने का कड़ा उपाय किया जाए। साथ ही बर्बाद फसलों का मुआवजा एवं दुर्घटना में पीड़ित/मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए। इस दौरान जवाहर शर्मा, बीपी गुप्ता, दुर्गा प्रसाद यादव, रामेश्वर सिंह, रामनरेश यादव, गेंदा सिंह, राम बहाल सिंह, एडवोकेट विजय कुमार श्रीवास्तव, कैलाश गिरि, दिनेश ओझा आदि मौजूद रहे।

# फील्ड विजिट टूर पर आये 18 प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर को एडीएम ने किया सम्मानित



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रबंधन अकादमी लखनऊ सिविल सेवा के 18 प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर कुशीनगर में दो दिवसीय फील्ड विजिट टूर के तहत आए हुए थे। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने उप जिलाधिकारी कसया से उनके शेड्यूल के तहत यथा तमकुहीराज हाटा कसया कुशीनगर में फील्ड विजिट कराया। सोमवार को उप जिलाधिकारी गण ने भगवान महात्मा बुद्ध की निर्वाण स्थली महापरिनिर्वाण मंदिर जाकर दर्शन भी किया। सभी प्रशिक्षु को यहां से सप्रेम विदा किया गया भगवान बुद्ध की धरती पर उन्हें फूल, पंचशील, अंगवस्त्र कैलेंडर, मूर्ति देखकर खुशी-खुशी विदा किया गया न केवल प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। वरन प्रबंधन अकादमी के प्रमुख एम देवराज आईएएस के लिए भी बुद्ध की मूर्ति भेंट किया गया कि उन्होंने प्रशिक्षुओं को जनपद कुशीनगर में भेजा हैं। सभी प्रशिक्षु बुद्ध भगवान की धरती कुशीनगर की शांति को देखकर खुश थे। सभी प्रशिक्षुओं ने होटल पथिक निवास में विश्राम किया। भ्रमण पर आए डिप्टी कलेक्टर राजकुमार, करम सिंह, विपिन कुमर द्विवेदी, राजू कुमार, आशीष कुमार सिंह, पुष्पक रण, विजय सिंह शशि, बिंदू कुमार द्विवेदी, राम शंकर, मिथिलेश कुमार, विपिन कुमार, ब्रह्मानंद, प्रसून कश्यप, अवधेश कुमार, रमेश चंद्र पांडेय, अनुराग सिंह, बलराम गुप्ता, कमल कुमार सिंह शामिल थे। प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी गण को उप जिलाधिकारी डॉ0 संतराज सिंह बघेल, भंते महेंद्र, प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्रा, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार संदीप कुमार, नायब तहसीलदार राहुल खरवार, टूरिज्म ऑफिसर प्राण रंजन, राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि, लेखपाल निलेश रंजन राव, शमशेर राणा, वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।=

# ग्रेट निकोबार की वन संपदा बचाने के लिए कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान, सैकड़ों लोगों ने दिया समर्थन

जिला संवाददाता




देवरिया। भीषण गर्मी और कड़ी धूप के बावजूद कांग्रेस कार्यकताओं ने आज शहर के सुभाष चौक पर टेंट डालकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कैम्प लगाकर ग्रेट निकोबार द्वीप समूह की वन संपदा बचाओ जन-जागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान के दौरान आमजन से हस्ताक्षर कराकर पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ग्रेट निकोबार की बहुमूल्य वन संपदा और प्राकृतिक संसाधनों को बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हित में सौंपने का कार्य कर रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि विकास के नाम पर पर्यावरणीय संतुलन, जैव विविधता तथा वहां निवास करने वाले आदिवासी समुदायों के हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए ।कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र सरकार ने जनता से किए गए अनेक वादों को पूरा करने के बजाय ऐसी नीतियों को बढ़ावा दिया है, जिनसे चुनिंदा बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की प्राकृतिक संपदा, सार्वजनिक परिसंपत्तियों एवं संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने की कोशिश की जा रही है, जिसका कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से विरोध करेगी ।श्री मल्ल ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। इसी उद्देश्य से जनपद भर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम जनता को इस मुद्दे से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

अभियान के दौरान सैकड़ों नागरिकों ने हस्ताक्षर कर ग्रेट निकोबार की वन संपदा और पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई तथा अभियान को अपना समर्थन प्रदान किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', रामजी गिरी, आनन्ददेव गिरी चुन्नू, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी, भरत मणि त्रिपाठी, जयप्रकाश धनगर, अब्दुल जब्बार, अरविन्द शाही, रामअशीष साहनी, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, जिला महासचिव मार्कण्डेय मिश्रा, रत्नेश मल्ल पिंटू, मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, रमाशंकर यादव आदि उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए अधिकारियों ने राजकीय पॉलिटेक्निक तथा लाला करमचंद थापर इंटर कॉलेज, बैतालपुर स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा की शुचिता, पवित्रता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सतर्कता एवं निष्पक्षता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाए तथा प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जाए।

## दक्ष यज्ञ प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

कुशीनगर। फाजिलनगर कस्बे के हरैया ब्रह्मास्थान परिसर में आयोजित श्री श्री 108 हरिहर महायज्ञ के दौरान श्रीधाम अयोध्या से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित आनंद भारद्वाज जी ने श्रद्धालुओं को दक्ष यज्ञ का मार्मिक प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि माता सती अपने पिता राजा दक्ष के यहां बिना निमंत्रण के पहुंची थीं ।जहां राजा दक्ष और उनके गणों द्वारा भगवान शिव का अपमान किया गया। इस अपमान से व्यथित होकर माता सती ने योगाग्नि में स्वयं को भस्म कर लिया। बताया कि माता सती के देहत्याग से क्रोधित भगवान शिव के गणों ने राजा दक्ष का शिरोच्छेदन कर दिया तथा उनके यज्ञ का विध्वंस कर दिया। पंडित आनंद भारद्वाज ने कहा कि जब यज्ञ जगत कल्याण, लोकमंगल और समाज के उत्थान की भावना से किया जाता है, तब भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। वहीं अहंकार, अपमान या व्यक्तिगत स्वार्थ की भावना से किए गए यज्ञ का कोई आध्यात्मिक महत्व नहीं रह जाता और वह उपहास का विषय बन जाता है। महायज्ञ का संचालन यज्ञकर्ता आचार्य पंडित शिव जी महाराज द्वारा वैदिक रीति-रिवाज एवं विधि-विधान के साथ कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तथा प्रतिष्ठित व्यवसायी मुकेश जायसवाल ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर कथा का शुभारंभ कराया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि महायज्ञ और धार्मिक कथाएं हमारी सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं तथा सामाजिक चेतना को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस अवसर पर ब्रह्मास्थान हरैया के महंत कमलेश राय, श्रीमती पद्मावती शाही, डा. कमलेश शाही, मुन्ना शाही, जेडी राव, जटाधारी सिंह, अनिल जायसवाल, राजेश जायसवाल, हीरालाल गुप्ता, पतिराज प्रसाद, रामाशीष सिंह, दिलीप सिंह, सिकंदर गुप्ता, मदन बरनवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अभियंताओं ने खोला मोर्चा, साहब पर मढ़ा गंभीर आरोप

### वेतन रोका, संवाद छोड़ा, अब आंदोलन भड़का, पीडब्ल्यूडी में हंगामे के बीच घिरे अधिशासी अभियंता



कुशीनगर। जिस विभाग के कंधों पर सड़क, पुल और विकास कार्यों की जिम्मेदारी है, वहां इन दिनों विरोध की गूंज सुनाई दे रही है। बात कर रहे है लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड की जहा कर्मचारियों और अभियंताओं का गुस्सा आखिरकार सोमवार को फूट पड़ा है। डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने अधिशासी अभियंता के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। आरोप इतने गंभीर है कि विभागीय व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही दोनों कटघरे में खड़ी दिखाई दे रही हैं।आंदोलनकारी अभियंताओं का आरोप है कि समस्याओं का समाधान करने के बजाय अधिशासी अभियंता राजेश निगम ने ऐसा रवैया अपना लिया है जिससे पूरे कार्यालय में भय, असुरक्षा और तनाव का माहौल कायम हो गया है। हालात यहां तक पहुंच गए कि कर्मचारियों को अपने ही विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ा है।

**धरना शुरू, लेकिन वार्ता के लिए नहीं पहुंचे साहबः**-आरोप यह है कि आंदोलन की पूर्व सूचना और मुख्य अभियंता, गोरखपुर क्षेत्र के स्पष्ट निर्देश के बावजूद अधिशासी अभियंता राजेश निगम कर्मचारियों से बातचीत करने नहीं पहुंचे। संघ का दावा है कि जब कर्मचारी अपनी समस्याओं को लेकर आंदोलन शुरू कर रहे थे, उसी समय अधिशासी अभियंता बिना अनुमति मुख्यालय छोड़कर फरार हो गए।इसके बाद कर्मचारियों का गुस्सा भड़क उठा।आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि अधिकारी संवाद से भागेंगे तो विवाद सुलझेगा कैसे?

**वेतन रोको और चुप कराओ**

डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का आरोप है कि निर्माण खंड के पांच अभियंताओं का मई माह का वेतन बिना किसी लिखित आदेश के रोक दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि यह प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि दबाव बनाने की कोशिश है ।सरकारी सेवा में वेतन केवल आय का साधन नहीं बल्कि कर्मचारियों का अधिकार माना जाता है। ऐसे में बिना स्पष्ट आदेश वेतन रोके जाने के कारण कर्मचारियों की नराजगी आग मे घई डालने का कार्य कर दिया है।

**कार्यालय में काम कम, खौफ ज्यादा**

संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि अधिशासी अभियंता द्वारा आए दिन किसी न किसी कर्मचारी को निशाना बनाया जाता है। कभी नोटिस, कभी दबाव और कभी प्रशासनिक कार्रवाई की धमकी से कर्मचारियों का मनोबल तोड़ा जा रहा है। उनका कहना है कि कार्यालय का माहौल इतना तनावपूर्ण हो चुका है कि कर्मचारी खुलकर अपनी बात रखने से भी डरते हैं। यही वजह है कि अब व्यक्तिगत विरोध नहीं, बल्कि सामूहिक आंदोलन का रास्ता चुना गया है।

**मुख्य अभियंता का आदेश भी बेअसर**

कहना ना होगा कि मुख्य अभियंता द्वारा कर्मचारियों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान करने का निर्देश अधिशासी अभियंता राजेश निगम को दिया गया था। इसके बावजूद यदि बातचीत नहीं हुई और आंदोलन शुरू हो गया, तो सवाल अधिशासी अभियंता की मनबढई व कार्यशैली पर उठना स्वभाविक है ।विभागीय गलियारों मे इस बात की चर्चा जोरो पर है कि अधिशासी अभियंता राजेश निगम को कौन-सा प्रशासनिक व राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है जिसके भरोसे वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शों को ठेगा दिखने से खौफ नही खाते।

**लडाई आर-पार के मूड में**

संघ भवन में हुई बैठक में अभियंताओं ने तल्ख शब्दों में कहा कि अब यह लड़ाई अधिकार और आत्मसम्मान से जुड गयी है, जब तक समस्याओं का समाधान व मांग पूरी नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ ने रोके गए पांच अभियंताओं का वेतन तत्काल जारी करने, जनपद सचिव इं. संजीव कुमार श्रीवास्तव के संबंध में जारी आदेश लागू करने, कार्यालय में भयमुक्त, सम्मानजनक और स्वस्थ वातावरण मे कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है।

**आखिर जिम्मेदार कौन**

जानकारो की माने तो जब कर्मचारी धरने पर हों, अभियंताओं का वेतन रुका हो, मुख्य अभियंता के निदेर्शों के पालन पर सवाल उठ रहे हों और विभाग का मुखिया बताए जा रहे अधिकारी मुख्यालय छोडकर गायब हों, तब यह विवाद साधारण कार्यालयी मतभेद नहीं रह जाता। बल्कि यह मामला अब सीधे-सीधे प्रशासनिक संवेदनशीलता, नेतृत्व क्षमता और विभागीय जवाबदेही का गंभीर सवाल बन गया है।

## उर्वरक लेने के लिये किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन समाप्त करने की मांग

देवरिया। भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार एवं भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही के नेतृत्व में जिले के किसानों को डीएपी एवं यूरिया लेने में फॉर्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता को समाप्त कर सभी गरीब, छोटे, मध्यम, बड़े किसान जो बंधक लेकर, बटाई, होन्डा लेकर खेती कर रहे हैं।

या जो एक दम छोटे गरीब किसान हैं जो फुटकर में खाद लेते हैं उनको दुकानदार खाद नहीं दे रहे। सरकार ने किसानों के साथ ये बहुत ही गलत नीतियों को बनाया हैं। जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान मांग की गई कि गन्ने की फसल में यूरिया तथा फास्फेटिक खाद की बहुत बड़ी मांग है एवं आने वाले समय में धान की रोपाई में फास्फेटिक खाद व यूरिया की बहुत ही जरूरत होती हैं।

डीजल महंगा होने के कारण किसानों का झुकाव निजी नलकूप(मोटर कनेक्शन) के प्रति बढ़ा है मगर बिजली कर्मियों द्वारा अधिक पैसे की डिमांड के वजह से नलकूप कनेक्शन नहीं हो पा रहा हैं।

## आचार्यों को संस्कृति, अध्यात्म, नवाचार शिक्षण के बारे में दी गई जानकारी




कुशीनगर। जिले के कसया नगर स्थित महर्षि अरविन्द विद्या मन्दिर में आयोजित नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के सातवें दिन प्रतिभागी आचार्य गणों को भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, नवाचार शिक्षण, सेवा, त्याग, कर्तव्य और राष्ट्र निर्माण, दर्शन के बारे में जागरूक किया गया।

सोमवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर मुख्यअतिथि दिनेश कुमार सिंह, अध्यक्षता कर रहे रामाश्रय, जियालाल, फणीन्द्रनाथ ओझा, दिवाकर राम त्रिपाठी तथा रणजीत उपाध्याय ने माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्यअतिथि दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य बालक के भीतर निहित शक्तियों एवं क्षमताओं का विकास करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए केवल परिश्रम ही नहीं, बल्कि स्मार्ट वर्क की भी आवश्यकता है। साथ ही हुनर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना समय की मांग है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। संचालन दिवाकर राम त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर अतिथियों का अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान राजन राव, अमित राव, अमित तिवारी, दिवाकर राव, रोशनी शर्मा, ओमप्रकाश भारती, धर्मेन्द्र साहू, अरुण पाण्डेय, धीरज पाण्डेय, तपनारायण कुशवाहा सहित प्रशिक्षु आचार्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

## वृद्ध का शव मिलने से मचा हड़कंप

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत ललित टॉकीज के पास सोमवार को एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। शव को सड़क किनारे पड़े देख स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और वृद्ध की पहचान तथा घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्ध काफी समय से मौके पर पड़ा हुआ था, लेकिन किसी ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और वृद्ध को तत्काल मेडिकल कॉलेज ललितपुर भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पहचान और परिजनों के आने तक मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान रज्जन प्रसाद जोशी निवासी जिला दतिया (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई है तथा मृत्यु के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी व्यक्ति के असहाय अवस्था में मिलने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिससे ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## धसान नदी में डूबने से दो भाइयों की मौत

**महोबा।** पनवाड़ी थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित झारखंड धाम के पास धसान नदी में नहाने गए दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। जिससे गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैपुरा गांव के निवासी जितेंद्र अपने बेटे के साथ नदी में नहा रहे थे। इसी दौरान बच्चा गहरे पानी में फंसकर डूबने लगा। बेटे की जान बचाने के लिए जितेंद्र ने उसे किसी तरह किनारे की ओर उछाल दिया। यह देखकर उनके छोटे भाई राजकुमार उर्फ राजा भी मदद के लिए नदी में कूद पड़ा। परंतु धसान नदी के तेज बहाव और गहराई ने दोनों भाइयों को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास मौजूद लोगों ने बच्चे को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन दोनों भाइयों को नहीं बचाया जा सका। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड ने बताया कि सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी व थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों व्यक्तियों को नदी से बाहर निकाला गया तथा तत्काल सीएचसी पनवाड़ी भेजा गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूछताछ के दौरान जानकारी हुई कि दोनों आपस में सगे भाई थे, जो अपने परिजनों के साथ नदी में नहाने गये थे, उसी दौरान यह घटना घटित हुई। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुत्र ने पिता पर किया ईंट से प्रहार, मौत

**महोबा।** थाना श्रीनगर के ग्राम सिजहरी निवासी हरिहर उम्र लगभग 60 वर्ष को उनके पुत्र महेश द्वारा किसी विवाद के चलते दिनांक 7 जून 2026 को सिर में ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। परिजनों द्वारा उन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय महोबा लाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रकरण के समस्त पहलुओं पर गहनता से जांच करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## स्कूटी सवार महिला से चेन स्नेचिंग, गिरकर हुई घायल

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के देवकाली क्षेत्र में एक स्कूटी सवार महिला से चेन स्नेचिंग की वारदात हुई। वारदात के दौरान महिला स्कूटी से गिरने के कारण घायल हो गई। उसका प्राथमिक उपचार कराया गया है। मामले की सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल और आरोपियों की सुरागरसी शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हैदरगंज की रहने वाली महिला अमिता श्रीवास्तव रविवार की रात अपनी स्कूटी से वापस घर आ रही थी। इसी दौरान देवकाली-रीडगंज संपर्क मार्ग पर मद्रास हैंडलूम के पास एक बाइक सवार युवकों ने झपट्टा मार उसके गले से सोने की चैन छीन ली और मौके से भाग निकले। अचानक झपट्टा मारने और चेन स्नेचिंग की वारदात से महिला घबड़ा गई और स्कूटी अनियंत्रित होने के कारण महिला सड़क पर गिर पड़ी। जिसके कारण उसके सिर, आंख, हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।

# डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने आज उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत फतेहपुर के दो प्रमुख परीक्षा केंद्रोंपोलिटेक्निक कॉलेज फतेहपुर व राजकीय इण्टर कॉलेज फतेहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा की निष्पक्षता, सुरक्षा व व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करना था जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दोनों केन्द्रों में प्रवेश प्रक्रिया, कक्ष व्यवस्था, पेपर के संवेदनशील भंडारण हेतु स्ट्रांग रूम व सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह सुनिश्चित किया गया कि सभी सीसीटीवी कैमरे कार्यरत हैं और परीक्षा कक्षों तथा प्रवेश-निकास मार्गों का कवरेज पर्याप्त है ताकि किसी तरह की अनियमितता न हो।

स्ट्रांग रूम में पेपर के भंडारण व हैंडलिंग के नियमों का पालन देखा गया तथा लॉकिंग अनलॉकिंग प्रक्रिया पर भी नियंत्रण अधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा संचालन से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं जैसे कि पर्यवेक्षकों की उपस्थिति, समयपालन, अभ्यर्थियों के पहचान-पत्रों की जाँच, बैठने की सही व्यवस्था और सामाजिक दूरी व शांति बनाए रखने के उपायों का भी जायजा लिया। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पानी तथा चिकित्सा आपातकालीन सुविधा की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में परीक्षा दो पालियों में व्यवस्थित रूप से कराई जा रही है और सभी के सहयोग से परीक्षा शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने भी अभिभाषण में कहा कि सुरक्षा व निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों को सख्त निर्देश दिए कि वे नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।जनपद प्रशासन व पुलिस ने परीक्षा केंद्रों के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी है ताकि पेपर की सुरक्षा व अभ्यर्थियों की शांति बनी रहे। सुनिश्चित किया गया कि केंद्रों पर आने-जाने वाले व्यक्तियों की आवश्यक जाँच व मॉनिटरिंग निरंतर चलती रहे।अन्य जानकारी में बताया गया कि परीक्षा के दौरान किसी अप्रिय घटना या आपात स्थिति के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन व मोबाइल टीमें तैनात की गई हैं। परीक्षा नियंत्रण कक्ष से समन्वय स्थापित कर सभी केन्द्रों पर समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा।फतेहपुर जिला प्रशासन ने आम नागरिकों व अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे परीक्षा संचालन में सहयोग दें और किसी भी संदिग्ध सूचना के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## केमिकल से पकाये जा रहे आम लोगों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा



**ललितपुर।** गर्मी के मौसम में आम की बढ़ती मांग के बीच बाजार में केमिकल से पकाए गए आमों की बिक्री धड़ल्ले से होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। जानकारों के अनुसार कई व्यापारियों द्वारा कच्चे आमों को कृत्रिम रूप से जल्दी पकाने के लिए रासायनिक पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की सेहत पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। बताया जाता है कि आम की प्रत्येक क्रेट के साथ चार से छह केमिकल

● हर क्रेट के साथ मिल रहे केमिकल पाउच
● खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

पाउच दिए जा रहे हैं। इन रसायनों के प्रभाव से कच्चे आम कुछ ही घंटों में पीले होकर पके हुए दिखाई देने लगते हैं। हालांकि बाहरी रूप से आकर्षक दिखने वाले ये फल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि केमिकल से पकाए गए फलों के लगातार सेवन से पेट संबंधी समस्याएं, एलर्जी, उल्टी, दस्त, सिरदर्द तथा अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके बावजूद बाजार में ऐसे आमों की बिक्री खुलेआम जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाद्य सामग्री, फल-फ्रूट तथा फलों के रस की दुकानों पर नियमित जांच नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि मानव स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर विषय पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को विशेष अभियान चलाकर जांच करनी चाहिए, ताकि मिलावटी व केमिकलयुक्त फलों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

नागरिकों ने मांग की है कि बाजार में बिक रहे आमों और अन्य फलों के नमूने लेकर उनकी जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को भी जागरूक किया जाए कि वह प्राकृतिक रूप से पके हुए फलों की पहचान कर सकें और अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रख सकें। बाजार में रोजाना बिक रहे खाद्य सामग्री, फल-फ्रूट और फलों के रस की गुणवत्ता की निगरानी किस प्रकार की जा रही है? यदि केमिकलयुक्त फलों की बिक्री हो रही है तो संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दे रही? यह सवाल आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मिट्टी का खनन करने पर मारा छापा, जेसीबी और डंपर जब्त, पुलिस चौकी की सुपुर्दगी में सौंपे गये वाहन

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खितवांस में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरे डंपर को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान खनन में संलिप्त लोग टीम को देखकर मौके से फरार हो गए। जिला खनन अधिकारी अमितोष वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खितवांस गांव में दिनदहाड़े अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही खनन विभाग की टीम ने मौके पर छापामार कार्रवाई की। छापे के दौरान टीम ने एक खेत में जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी की खुदाई होते हुए पाई। मौके से अवैध खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरा एक डंपर बरामद किया गया। हालांकि विभागीय टीम को देखकर खनन में शामिल लोग मौके से भाग निकले। खनन विभाग की जांच में मौके पर बड़े पैमाने पर खुदाई के निशान मिले, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। कार्रवाई के बाद जब्त किए गए दोनों वाहनों को खितवांस पुलिस चौकी की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया तथा उन्हें सीज कर दिया गया है। जिला खनन अधिकारी अमितोष वर्मा ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में लगातार निगरानी रखकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। खनन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में भी अवैध खनन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## राजघाट बांध की मत्स्य आखेट नीलामी में अनियमितता का आरोप

**ललितपुर।** राजघाट बांध के डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में मत्स्य आखेट की नीलामी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय मछुआरों एवं छोटे ठेकेदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2026-27 की नीलामी प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्ष 1999 से राजघाट बांध के डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में मत्स्य आखेट की नीलामी प्रतिवर्ष विधिवत विज्ञप्ति जारी कर कराई जाती रही है। आरोप है कि वर्ष 2026-27 के लिए अब तक कोई सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है, जबकि संबंधित क्षेत्र को कथित रूप से बिना नीलामी के ही शामिल कर लिया गया है। शिकायतकताओं का कहना है कि इस प्रक्रिया में बेतवा रिवर बोर्ड के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत होने की आशंका है। उनका आरोप है कि बिना पारदर्शी नीलामी के कार्य आवंटित किए जाने से छोटे ठेकेदारों और मछुआरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। इससे उनके परिवारों के भरण-पोषण तथा बच्चों की शिक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा नियमों के अनुसार सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए। ज्ञापन पर मोहसिन खान, मोनू राजा, विनय विश्वकर्मा आदि के हस्ताक्षर हैं।

## ससुर-दामाद पर दबंगों का हमला

ललितपुर। सड़क पर थूकने का विरोध करना एक बुजुर्ग और उनके दामाद को भारी पड़ गया। मामूली कहासुनी के बाद दो युवकों ने ससुर-दामाद के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना में बुजुर्ग घायल हो गए, जबकि उनके दामाद ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बार क्षेत्र

**दो नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

के ग्राम मथुराडाँग निवासी वीरसिंह (55) पुत्र हरलाल लोधी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार 6 जून 2026 की रात लगभग 9.30 बजे वह अपने दामाद ऋषिकेश पुत्र ध्यान सिंह के साथ मोटरसाइकिल से बस्तगुवा से अपने गांव मथुराडाँग लौट रहे थे। जब वे गांव के समीप स्थित नाले के पास पहुंचे, तभी रास्ते में गांव के ही गुरू यादव पुत्र रत्न यादव तथा नीतेश यादव पुत्र गुलाब सिंह यादव मिल गए। आरोप है कि चलती मोटरसाइकिल से थूकने और उसके छींटे पड ? को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। वीरसिंह ने जब युवकों को सड़क पर थूकने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने से मना किया, तो दोनों आरोपी भड़क उठे। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उन्हें मोटरसाइकिल से नीचे खींच लिया और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से वह संभल भी नहीं पाए। शोर-शराबा सुनकर उनके दामाद ऋषिकेश ने बीच-बचाव किया और किसी तरह उन्हें आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घटना में वीरसिंह को चोटें आई हैं, जबकि ऋषिकेश बाल-बाल बच गए। मारपीट के बाद आरोपी दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घटना देर रात की होने और कोई साधन उपलब्ध न होने के कारण वह उसी समय थाने नहीं पहुंच सके। अगले दिन रविवार को उन्होंने थाना बार पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर बार थाना पुलिस ने गुरू यादव और नीतेश यादव के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# खनन कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुकारी स्थित रंज नदी क्षेत्र में खनन कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद खनन की वैधता और संबंधित विभागों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से जेसीबी और पोकलैंड

● पुलिस जांच में जुटी जिम्मेदार कौन

मशीनों के माध्यम से खनन एवं लोडिंग का कार्य चल रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कार्य पंकज सिंह एवं रईस खान के नेतृत्व में कराया जा रहा था। हालांकि खनन वैध था या अवैध, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नरैनी प्रवीण कुमार ने बताया कि एक मजदूर की मृत्यु हुई है। उनके अनुसार खनन किसान की निजी भूमि में हो रहा था, जबकि यह वैध था या अवैध, इसका पता जांच के बाद ही चल सकेगा। मृतक की पहचान दिनेश त्रिवेदी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह महोबा जनपद के कबरई क्षेत्र का



निवासी था। खदान में चैकीदारी का कार्य करता था। ग्रामीणों का दावा है कि उसकी मौत पोकलैंड मशीन की चपेट में आने से हुई। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद ठेकेदार पक्ष के लोग रात में ही उसे गुप्त रूप से बांदा ले गए। वहीं, कोतवाली प्रभारी भास्कर मिश्रा के अनुसार घायल को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि क्षेत्र में खनन कार्य चल रहा था, तो उसकी निगरानी कौन कर रहा था? क्या संबंधित विभागों को इसकी जानकारी थी? यदि थी तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई, और यदि नहीं थी तो यह उनकी कार्यकुशलता पर गंभीर सवाल है। एक मजदूर की मौत के बाद भी खनिज विभाग और राजस्व प्रशासन की चुप्पी लोगों के आक्रोश को बढ़ा रही है। जनमानस यह जानना चाहता है कि आखिर इस मौत का जिम्मेदार कौन है और जांच पूरी होने के बाद दोषियों पर क्या कार्रवाई होगी। वहीं खनन की वैधता और घटना के कारणों की अंतिम पुष्टि प्रशासनिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

## किसानों को विभिन्न फसलों के बीज मिनीकिटं 50 प्रतिशत अनुदान पर

**बांदा।** खरीफ सीजन के लिए सामान्य, संकर एवं बीज मिनीकिट की बुकिंग कृषि विभाग की वेबसाइट पर 10 जून तक की जा रही है। उप कृषि निदेशक डा.एकेएस यादव ने बताया कि इसके तहत दलहन (उर्द, मूंग, अरहर) तिलहनी फसल, धान, मक्का, श्री अन्न फसलों के मिनीकिट (ज्वार, बाजरा, सावां, कोदो, रागी, काकुन, कुटकी), सामान्य एवं संकर बीजों की बुकिंग कर सकते है। बुकिंग करने को किसान का कृषि विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है। लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

## स्वास्थ्य समिति की बैठक में आशा चयन के निर्देश

**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आशाओं का चयन प्राथमिकता से सभी पीएचसी में रिक्त पदों में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। समस्त खंड विकास अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस माह के अंत तक सभी रिक्त आशा की नियुक्ति पूर्ण की जाए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि आभा आईडी बनाये जाने के कार्य में तेजी लाते हुए कार्य पूर्ण करें। मेडिकल कॉलेज के सहयोग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक ब्लड डोनेड कैम्प आयोजित किये जाने के निर्देश दिये। मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल से कितने केस रेफर किये गये हैं की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जन औषधि केंद्रों को सक्रिय किये जाने, मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में फ्रंट पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालित करने के निर्देश दिये। ई कवच पोर्टल में कार्यों में कमी पाए जाने पर सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। आभा आईडी बनाये जाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि एएनएम द्वारा बनायी जा रही आभा आईडी की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रगति लायें। आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। सभी गर्भवती महिलाओं की चारों एएनसी की जांच कराये जाने तथा गर्भवती महिलाओं का रजिस्टेज्शन कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय सुनीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चोरी, टप्पेबाजी के तीन आरोपित गिरफ्तार

**बांदा।** बबेरु पुलिस ने चोरी, टप्पेबाजी जैसी आदि घटनाओं को अंजाम देने वाले संगठित गिरोह के तीन सदस्यों कैलाश पुत्र छंगू निवासी ओझा नगर थाना कमासिन, राजकुमार पुत्र रामराज निवासी ओझा नगर थाना कमासिन, अनुराग पुत्र शिवप्रसाद निवासी ओझा नगर थाना कमासिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना बबेरु क्षेत्र के ग्राम कौहारा के रहने वाले रामचंद्र उर्फ मुंशी ने चार जून को थाना बबेरु पर सूचना दी थी कि तीन जून को जब वह अपने घर कौहारा जा रहे थे तो ओरन रोड पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने रुपए चोरी कर लिये। बबेरु के रहने वाले विनय प्रताप ने सात को सूचना दी कि 25 मई को रुपए लेकर पोस्ट ऑफिस में जमा करने जा रहा था तभी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति रुपए दोगुना करने लालच देकर उनके रुपए लेकर भाग गए थे।



इसके संबन्ध में थाना बबेरु पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोपतिों की पहचान व गिरफ्तारी को टीमों का गठन करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए आस-पास के सीसीटीवी कैमरो व अन्य साक्ष्यों के साथ तीनों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई। उनके कब्जे से 14100 रुपए नकद प्राप्त हुए। रुपये के बारे कड़ाई से पूछताछ की गई तो तीनों ने बताया कि वे सभी एक संगठित गिरोह बनाकर रुपयों की चोरी व टप्पेबाजी करते है। रुपए दोगुनी करने जैसी आकर्षक एवं भ्रामक योजनाओं का लालच देकर अपने झांसे में लेकर उनके रुपए भी हड़प लेते है, साथ ही अपना जुर्म स्वीकार करते हुए विगत कुछ दिनों में विभिन्न थाना क्षेत्रों में किए गए घटनाओं को भी स्वीकार किया। मौके से बरामद बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर अनुराग पुत्र शिव प्रसाद ने बताया कि उक्त मोटरसाइकिल उसी के नाम पर पंजीकृत है, जिसे उसने चोरी एवं टप्पेबाजी से प्राप्त रुपए से किश्तों पर खरीदा है। उसकी मासिक किश्तों का भुगतान भी इसी अवैध तरीके से प्राप्त रुपए से करता है। गहनता से जांच करने पर पाया गया कि अभियुक्तों द्वारा चोरी, टप्पेबाजी जैसी आपराधिक घटनाओं से प्राप्त धनराशि को ये अपने बैंक खातों में जमा करते थे जिन्हे चिह्नित करते हुए अभियुक्तों के बैंक खातों में जमा कुल 02 लाख 84 हजार रुपए की धनराशि को नियमानुसार फ्रीज कराया गया है। इस सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा और गहनता से पूछताछ कर जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और किन-किन स्थानों और कितने से लोगों के साथ इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। आरोपी कैलाश पुत्र छंगू एक शातिर अपराधी और इस पर एक दर्जन से भी अधिक मामलें दर्ज है।

## बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड डंपर, शहर की सड़कों पर मंडरा रहा हादसों का खतरा



**ललितपुर।** मुख्यालय की सड़कों पर इन दिनों गिट्टी और बजरी से भरे ओवरलोड डंपरों का संचालन आम बात हो गया है। दिन हो या रात, शहर के व्यस्त और घनी आबादी वाले क्षेत्रों से गुजरते ये भारी वाहन न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि किसी बड़े हादसे की आशंका भी लगातार बढ़ा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्धारित क्षमता से अधिक माल भरकर चल रहे डंपर तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर गिट्टी और बजरी से लदे डंपरों के गुजरने के दौरान अक्सर सामग्री सड़क पर गिरती देखी जा सकती है। सड़क पर बिखरी गिट्टी के कारण बाइक और साइकिल सवारों के फिसलने की घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ललितपुर में चल

● गिट्टी-बजरी से लदे वाहनों पर नहीं लग रही लगाम

रहे निर्माण कार्यों और खनन क्षेत्रों से आने-जाने वाले डंपरों की संख्या लगातार बढ़ी है। शहर में प्रवेश करने वाले अनेक डंपरों में सुरक्षा मानकों का भी पालन नहीं किया जाता। कई वाहनों पर तिरपाल तक नहीं ढका जाता, जिससे रास्ते भर गिट्टी और धूल उड़ती रहती है।

इससे न केवल सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है बल्कि पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सोशल मीडिया पर भी आए दिन ओवरलोड डंपरों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होती रहती हैं। कई बार नागरिकों द्वारा प्रशासन और संबंधित विभागों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बावजूद व्यापक स्तर पर कार्रवाई दिखाई नहीं देती। इससे लोगों में यह धारणा बन रही है कि नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों को अप्रत्यक्ष संरक्षण प्राप्त है। विशेषज्ञों का मानना है कि ओवरलोड वाहन सड़क की गुणवत्ता को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

भारी भार के कारण सड़कें समय से पहले क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे सरकार को मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। वहीं नगरवासियों का कहना है कि परिवहन, खनन और यातायात विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों की जांच करनी चाहिए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

## एसडीएम से जमीन पर अवैध कब्जेदारी की शिकायत

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिरखौली के मजरे हजरत का पुरवा निवासी संत राम पुत्र दुबरी ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए विपक्षियों पर पुस्तैनी जमीन पर अवैध कबजेदारी की शिकायत की है। एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में संत राम पुत्र दुबरी ने आरोप लगाया है कि गांव में उसकी पुस्तैनी आबादी की जमीन पर पुराना मकान था।जो कि बरसात में गिर गया है।

जिस पर विपक्षी मो0 अफजल पुत्र तहव्वर हुसैन जो कि नयागंज, रुदौली क्षेत्र का निवासी है। उक्त भूमि पर जबरदस्ती अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मना करने पर विपक्षी आमादा फौजदारी हो जाते हैं।

## गरीब और लाचार देखकर किसान की हथिया ली जमीन

**ललितपुर।** महरौनी तहसील के ग्राम सुनवाहा में एक किसान की पुश्तैनी कृषि भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा और निर्माण कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तथा अपनी भूमि की सुरक्षा की मांग की है। थाना बानपुर के ग्राम सुनवाहा निवासी गोकुल

● ग्राम सुनवाहा में दबंगों द्वारा अवैध निर्माण कराने का आरोप

साहू पुत्र दौलत साहू ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी आराजी संख्या 2189, रकबा 1.1440 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में उसके नाम दर्ज है, जिस पर वह वर्षों से खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता आ रहा है।

पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही ईश्वर राजपूत, मदन राजपूत पुत्रगण मिठाई राजपूत तथा पप्पू अहिरवार अपने कुछ साथियों के साथ उसकी भूमि पर जबरन कब्जा करने की नीयत से पिलर खड़े कर निर्माण कार्य करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी आरोपियों द्वारा निर्माण का प्रयास किया गया था, जिस पर शिकायत करने के बाद कार्य रुक गया था, लेकिन अब दोबारा निर्माण शुरू कर दिया गया है। गोकुल साहू का कहना है कि आरोपित खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि वे रातों-रात निर्माण पूरा कर लेंगे और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। लगातार मिल रही धमकियों से उसका परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। पीड़ित किसान ने बताया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। कुछ समय पूर्व उसके एक पुत्र का निधन हो चुका है और परिवार में छह पुत्रियां हैं। कृषि भूमि ही परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन है। यदि भूमि पर कब्जा हो जाता है तो पूरे परिवार के सामने जीवनयापन का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

पीड़ित के अनुसार, उसने पूर्व में भी कई अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

इससे दबंगों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। गोकुल साहू ने 8 जून 2026 को पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने, भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## सदर तहसील में लंबी तैनाती पर उठे सवाल

**फतेहपुर।** सदर तहसील इन दिनों प्रशासनिक हलकों से लेकर आम नागरिकों तक चर्चा का विषय बनी हुई है। जिले में हाल के वर्षों में कई प्रशासनिक फेरबदल और तबादले हुए, लेकिन तहसील की कुछ व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। क्या तहसील में सभी नियमों और स्थानांतरण नीतियों का समान रूप से पालन हो रहा है।जनता से सीधे जुड़े विभागों में तहसील की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है दाखिल-खारिज नामांतरण, विरासत, प्रमाणपत्र, पेंशन और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग तहसील पहुंचते हैं। ऐसे में यदि कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठते हैं, तो उनका असर सीधे आम नागरिकों के विश्वास पर पड़ता है। लंबी तैनाती पर क्यों उठ रहे हैं सवाल स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि एक महिला कर्मचारी कथित रूप से लंबे समय से एक ही पटल पर कार्यरत हैं।हालांकि इस संबंध में आधिकारिक अभिलेखों की जांच आवश्यक है, लेकिन यदि ऐसा है तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्थानांतरण नीति के तहत समय-समय पर समीक्षा क्यों नहीं हुई।प्रशासनिक व्यवस्था में लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती को लेकर हमेशा से बहस होती रही है। शासन की नीतियों का उद्देश्य केवल तबादला करना नहीं, बल्कि पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी होता है। इसलिए किसी भी कार्यालय में वर्षों तक एक जैसी तैनाती होने पर सवाल उठना स्वाभाविक माना जाता है।जनता की शिकायतें और बढ़ती चर्चाएंतहसील आने वाले कुछ नागरिकों का कहना है कि राजस्व संबंधी मामलों में प्रक्रिया कभी-कभी अपेक्षा से अधिक समय लेती है। कई लोग यह भी मांग कर रहे हैं कि कार्यों की समयबद्ध समीक्षा और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए।हालांकि यह स्पष्ट करना जरूरी है कि इन शिकायतों और चचाओं की स्वतंत्र पुष्टि किसी आधिकारिक जांच से नहीं हुई है। फिर भी यदि बड़ी संख्या में नागरिक किसी व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैंतो प्रशासनिक समीक्षा की आवश्यकता महसूस की जा सकती है जिलाधिकारी की सख्त मंशा और जमीनी हकीकतजिला प्रशासन लगातार पारदर्शी शासन और भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था की बात करता रहा है। अधिकारियों को भी कई बार स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार कीअनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।यही कारण है कि अब लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि यदि शासन और प्रशासन की मंशा इतनी स्पष्ट है, तो तहसील से जुड़ी चचाओं और शिकायतों का समाधान किस स्तर पर और कब होगा। क्या इन मामलों की समीक्षा की गई है ? क्या किसी स्तर पर जांच हुई है।

## चोरी की लोहे की तिजोरी बरामद, तीन गिरफ्तार

अयोध्या। कैण्ट थाना पुलिस ने चोरी की लोहे की तिजोरी के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयुक्त चार वाहन भी बरामद किया है। सभी का मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है। प्रकरण में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

पुलिस कार्यालय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट संदीप कुमार सिंह की पुलिस टीम ने मऊशिवाला से गद्दोपुर की तरफ जाने वाले नहर की पुलिया के पास से अभिषेक सिंह निवासी बोधारी थाना हैदरगंज, अवनीश कुमार सिंह उर्फ शौर्य प्रताप सिंह उर्फ अवधेश सिंह निवासी रामनगर कोतवाली बीकापुर और अरविंद निषाद निवासी बोधारी थाना हैदरगंज को गिरफ्तार किया है।

संक्षेप

## एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा2 नियो और प्रो की समीक्षा बिक्री से पहले लॉन्च को ओपन ट्रायल में बदला

नई दिल्ली। भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल करते हुए एआई+ स्मार्टफोन ने घोषणा की है कि वह अपने आगामी नोवा2 नियो और नोवा2 प्रो स्मार्टफोन को बिक्री शुरू होने से पहले ही देशभर के रिव्यूअर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, टेक्नोलॉजी समुदाय के सदस्यों को उपलब्ध कराएगा, ताकि वे इन डिवाइसेज की खुलकर समीक्षा कर सकें और अपनी निष्पक्ष राय दे सकें। ऐसे समय में जब उद्योग आमतौर पर लॉन्च इवेंट्स पर केंद्रित रहता है, एआई+ स्मार्टफोन ने अलग रास्ता चुना है, जहाँ प्रचार से पहले संवाद, बिक्री से पहले फीडबैक और मार्केटिंग से पहले उपभोक्ताओं को महत्व दिया जा रहा है। ऐसे समय में जब प्रोडक्ट लॉन्च के साथ अक्सर पहले से तय और नियंत्रित संदेश पेश किए जाते हैं, एआई+ एक अलग सोच के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें लॉन्च के दिन की मार्केटिंग से ज्यादा उपभोक्ताओं के हित को प्राथमिकता दी जाती है। हमें सिर्फ तारीफ नहीं चाहिए, बल्कि उपयोगकताओं के हित में ईमानदार और निष्पक्ष फीडबैक चाहिए।

## टाटा पावर का घर-घर सोलर अभियान का शुभारंभ

सुल्तानपुर। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड का हिस्सा एवं टाटा पावर की सहायक कंपनी, टाटा पावर सोलर रूफटॉप ने अपने प्रमुख घर-घर सोलर अभियान के साथ टाटा पावर बैटरी स्टोरेज, एक एकीकृत बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य राज्य के शहरी, अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की गति को और तेज करना तथा घरों एवं समुदायों को चौबीसों घंटे विश्वसनीय एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनकी बढ़ती बिजली आवश्यकताओं को किफायती और टिकाऊ तरीके से पूरा करने में सहायता प्रदान करना है। एयर कंडीशनर, घरेलू उपकरणों, सिंचाई, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा छोटे व्यवसायों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली की खपत में हो रही वृद्धि को देखते हुए, टाटा पावर सोलारूफ का एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का सहज रूप से उत्पादन, भंडारण और उपयोग करने में सक्षम बनाएगा। साथ ही, यह बिजली बिलों तथा पारंपरिक ग्रिड बिजली पर निर्भरता को उल्लेखनीय रूप से कम करने में भी मदद करेगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे रूफटॉप सोलर बाजारों में से एक बनकर उभरा है।

## जस्ता की कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार से कमजोरी का संकेत लेकर सटोरियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से वायदा कारोबार में सोमवार को जस्ता की कीमत 60 पैसे की गिरावट के साथ 362.75 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव 60 पैसे या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 362.75 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इसमें 73 लॉट के लिए कारोबार हुए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग घटने के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा बाजार में जस्ता कीमतों में गिरावट आई।

## तांबा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में सोमवार को तांबा की कीमत 2.15 रुपये की गिरावट के साथ।,334 रुपये प्रति किग्रा रह गई। एमसीएक्स में ताांबा के जुलाई माह में डिलिवरी वाले तांबा अनुबंध की कीमत 2.15 रुपये अथवा 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ।,334 रुपये प्रति किग्रा रह गई जिसमें 4,729 लॉट के लिए कारोबार हुआ। हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की कमजोर मांग के कारण मुख्यतः वायदा कारोबार में तांबा कीमतों में गिरावट आई।

## एल्युमीनियम वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में मजबूती के रुख के बीच सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से वायदा कारोबार में सोमवार को एल्युमीनियम की कीमत 40 पैसे की तेजी के साथ 384 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई माह की डिलिवरी के लिए एल्युमीनियम के अनुबंध का भाव 40 पैसे यानी 0.1 प्रतिशत की तेजी के साथ 384 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 102 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

# सेंसेक्स में 719 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे। दुनिया के अन्य प्रमुख शेयर बाजारों में नरमी तथा कच्चे तेल के दाम में फिर से तेजी से बीएसई सेंसेक्स 719 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 244 अंक की गिरावट आई।

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 719.08 अंक यानी 0.97 प्रतिशत टूटकर 73,524.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 924.4 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 243.70 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,123 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, निफ्टी 296.55 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,117 में गिरावट आई जबकि।,249 लाभ में रहे। वहीं 171 के भाव अपरिवर्तित रहे। लेबनान में इजराइल की कार्रवाई के जवाब में ईरान के इजराइल पर किए गए मिसाइल हमलों के बाद ब्रेंट कूड की कीमत तीन प्रतिशत बढ़कर लगभग 96 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इससे मुद्रास्फीति और बाह्य क्षेत्र के दबावों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। जिंस के दाम बढ़ने से महंगाई, कमजोर मानसून रहने का अनुमान और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी से निकट भविष्य में चुनौतियां बनी रहने की संभावना है। वैश्विक स्तर पर, एआई (कृत्रिम मेधा) और सेमीकंडक्टर शेयरों में मुनाफावसूली के साथ ही स्पेसएक्स के आईपीओ से पहले नकदी बढ़ाने के लिए की गई बिकवाली ने जोखिम से बचाव को लेकर वैश्विक धारणा को और मजबूत किया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.10 प्रतिशत चढ़कर 96.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के कारण वैश्विक बाजार में अस्थिरता आई है। इससे कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई। साथ ही, वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में भी बिकवाली देखी गई है, क्योंकि निवेशक एआई की अगुवाई में तेजी के बने रहने पर सवाल उठाने लगे हैं। सेमीकंडक्टर से जुड़े सूचकांकों में भी बिकवाली का दबाव देखा गया। वास्तव में मूल्यांकन अधिक होने से निवेशकों के अब अधिक निवेश से बचने के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। हालांकि, इसे रुख में बदलाव कहना अभी जल्दबाजी होगी। एफआईआई ने शुक्रवार को 8,776.25 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# रुपया 56 पैसे टूटकर 95.74 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 56 पैसे कमजोर होकर 95.74 (अस्थायी) पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की उंची कीमतों के बीच निवेशकों के जोखिम न लेने की धारणा के कारण घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण डॉलर-रुपयप जोड़ी ने पिछले कारोबार की बढ़त को गंवा दिया। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से उछाल और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में वृद्धि ने भी निवेशकों के विश्वास को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.35 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.15 के उच्च स्तर तक गया और अंत में 95.74 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 56 पैसे कमजोर है। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने के उपायों की घोषणा के बाद रुपया 56 पैसे मजबूत होकर 95.18 पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ 100.16 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.94 प्रतिशत गिरकर 96.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा कच्चे तेल की उंची कीमतों के कारण रुपये में और गिरावट की आशंका है। डॉलर की मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। निचले स्तर पर आरबीआई का हस्तक्षेप रुपये को सहारा दे सकता है। उनका अनुमान है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की हाजिर दर 95.40 से 96.10 के दायरे में रह सकती है। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 719.08 अंक गिरकर 73,524.26 अंक पर, जबकि निफ्टी 243.70 अंक लुढ़ककर 23,123 पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 8,776.25 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

## शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 6.31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान



नयी दिल्ली। शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट से निवेशकों को 6.31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दुनिया के अन्य प्रमुख शेयर बाजारों में नरमी तथा कच्चे तेल के दाम में फिर से तेजी से शेयर बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 719.08 अंक यानी 0.97 प्रतिशत टूटकर 73,524.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 924.4 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 243.70 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,123 अंक पर बंद हुआ। इस गिरावट के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,31,440.41 करोड़ रुपये घटकर 4,55,28,758.96 (4,760 अरब डॉलर) रहा।

## सोना 1100 रुपये और चांदी 5000 रुपये टूटी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में।,100 रुपये की गिरावट दर्ज की गई और यह।,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वैश्विक बाजारों में कमजोरी, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और महंगाई को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच यह गिरावट आई।

स्थानीय सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के बंद भाव।,59,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से।,100 रुपये घटकर।,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। इसी तरह, चांदी की कीमतों में भी दबाव देखने को मिला। चांदी का भाव 5,000 रुपये टूटकर 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर आ गया। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। विश्लेषकों के मुताबिक, कीमती धातुओं में यह गिरावट हाल में देखी जा रही कमजोरी का ही विस्तार है। निवेशक अब सुरक्षित निवेश के बजाय बढ़ती ऊर्जा कीमतों से महंगाई पर पड़ने वाले असर पर कहीं अधिक ध्यान दे रहे हैं। अमेरिका में उम्मीद से बेहतर आर्थिक आंकड़े आने से महंगाई और ब्याज दरों को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस वजह से सोना और चांदी जैसे सुरक्षित निवेश विकल्पों को लेकर आकर्षण कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया, खासकर इजराइल से जुड़ी हाल की घटनाओं ने भी बाजार में अस्थिरता बढ़ाई है, जिससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना करीब एक प्रतिशत गिरकर 4,291.79 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 1.34 प्रतिशत घटकर 66.93 डॉलर प्रति औंस रही। इस बीच, वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब पांच प्रतिशत चढ़कर 97.44 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई। अमेरिका के मजबूत रोजगार आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि ब्याज दरें अभी लंबे समय तक उंची रह सकती हैं। इस धारणा से डॉलर मजबूत हुआ है।

## देश का चालू खाता अधिशेष बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 7.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। भारत का चालू खाता अधिशेष वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 7.1 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.7 प्रतिशत रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में चालू खाता अधिशेष 13.7 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.4 प्रतिशत था। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान चालू खाते पर घाटा रहा और यह 25.2 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 0.6 प्रतिशत रहा। जबकि 2024-25 में यह 22.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 0.6 प्रतिशत था। आरबीआई के वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान भारत के भुगतान संतुलन पर जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध सेवा प्राप्तियां वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बढ़कर 60.4 अरब डॉलर हो गईं, जो एक वर्ष पहले 53.3 अरब डॉलर थीं। कंप्यूटर सेवाओं और अन्य व्यावसायिक सेवाओं जैसी प्रमुख श्रेणियों में सेवाओं के निर्यात में सालाना आधार पर वृद्धि हुई है। वहीं दूसरी ओर 2025-26 की चौथी तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 83.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक वर्ष पहले की समान तिमाही में 59.3 अरब डॉलर था।

## ईंधन महंगा होने से बढ़ी किफायती व ईवी वाहनों में दिलचस्पी



नयी दिल्ली। ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के कारण उपभोक्ताओं की रुचि मई में ईंधन-किफायती और वैकल्पिक पावरट्रेन वाहनों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ी है। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन्स (फाडा) के अनुसार डीलरों ने ईंधन-किफायती और वैकल्पिक पावरट्रेन विकल्पों के बारे में लोगों द्वारा जानकारी हासिल करने की पुष्टि की है। इसका असर दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी बढ़कर 9.25 प्रतिशत होने के रूप में दिखा। फाडा के अनुसार, देश में मोटर वाहनों की कुल खुदरा बिक्री मई में सालाना आधार पर 9.55 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 25,31,067 इकाई रही। फाडा के अनुसार, मई में ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के बाद उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया उल्लेखनीय रही। डीलरों ने ईंधन-किफायती और वैकल्पिक पावरट्रेन विकल्पों के बारे में जानकारी हासिल करने के मामलों में वृद्धि की सूचना दी जिसका असर दोपहिया ईवी हिस्सेदारी के 6.11 प्रतिशत से बढ़कर 9.25 प्रतिशत होने में दिखा। उद्योग निकाय के अनुसार, जून से अगस्त की अवधि के लिए डीलरों का भरोसा मजबूत दिख रहा है, जहां 59.07 प्रतिशत डीलर अब वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। यह मध्यम अवधि की मांग को लेकर बढ़ते विश्वास का संकेत है, खासकर जब मानसून आगे बढ़ रहा है। यह रुझान दर्शाता है कि खरीफ बुवाई के साथ ग्रामीण आय बढ़ने पर मौसमी सुस्ती खत्म और मांग तेज हो सकती है। फाडा ने कहा कि ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी, लू की स्थिति और पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद मई में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री 9.55 प्रतिशत बढ़कर 25,31,067 इकाई हो गई जो पिछले साल इसी महीने 23,10,451 इकाई थी। मई में तिपहिया, यात्री वाहन और ट्रैक्टर श्रेणियों में अब तक की सर्वाधिक खुदरा बिक्री दर्ज की गई जबकि आम तौर पर इस महीने बिक्री कमजोर रहती है। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री पिछले महीने 23.25 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4,02,591 इकाई रही जो मई 2025 के 3,26,656 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 17,15,581 इकाई से 7.54 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 18,44,947 इकाई हो गई। उद्योग निकाय फाडा के अनुसार, तिपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने।,11,526 इकाई रही, जो मई 2025 की।,07,688 इकाइयों से 3.56 प्रतिशत अधिक है।

## तीन दिवसीय ड्रीम हैबिटेट समिट एक्सपो 2 अक्टूबर से



लखनऊ। वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के भारत के लक्ष्य के बीच, उत्तर प्रदेश देश की हरित अवसंरचना को गति देने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हुए उभर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज राइज यूपी के कर्टेन रेजर का शुभारंभ करते हुए उत्तर भारत के अब तक के सबसे बड़े समिट एक्सपो की औपचारिक घोषणा की।

हरित ऊर्जा और नेट-जीरो भवनों को केंद्र में रखने वाला यह तीन दिवसीय आयोजन 2 से 4 अक्टूबर, 2026 तक लखनऊ के शहीद पथ स्थित अवध शिल्प ग्राम में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का संचालन रीगल नेक्सस द्वारा किया जा रहा है। वर्ष 2025 में लगभग 45 लाख करोड़ रुपये मूल्य वाला देश का रियल एस्टेट बाजार वर्ष 2032 तक बढ़कर लगभग 100 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचने का अनुमान है, जो 13 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर को दर्शाता है। वहीं, देश का इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र भी वर्ष 2026 में 173 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2031 तक 250 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है, जिसे एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, मेट्रो कॉरिडोर और अर्बन मोबिलिटी में हो रहे निवेश से गति मिल रही है। इस राष्ट्रीय परिदृश्य में, देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल उत्तर प्रदेश इस परिवर्तन का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। विकास के इस नए चरण के लिए एक प्रमुख संवाद और निवेश मंच के रूप में परिकल्पित राइज यूपी ग्रीन टेक्नोलॉजी प्रदाताओं और सरकारी नीति-निमार्ताओं को एक ही मंच पर एकत्रित करेगा।

पेज एक का शेष

## इजराइल-ईरान

ने पश्चिमी और मध्य ईरान में सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। हालांकि, इजराइल ने भी इससे अधिक कोई जानकारी साझा नहीं की। इस बीच, सऊदी अरब में सोमवार सुबह उस क्षेत्र में मिसाइल हमले की चेतावनी को लेकर सायरन बज उठे, जहां अमेरिकी सैनिकों की तैनाती वाला एक महत्वपूर्ण एयरबेस स्थित है। सऊदी सरकारी मीडिया के अनुसार, अल-खार्ज प्रांत में यह चेतावनी जारी की गई। इसी क्षेत्र में प्रिंस सुल्तान एयर बेस स्थित है, जहां अमेरिकी बल तैनात हैं। यह अलर्ट इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद जारी किया गया। हालांकि, कुछ देर बाद सऊदी अरब ने कहा कि इलाके में मिसाइल का खतरा टल गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास सह कार्यालय व्हाइट हाउस ने इन हमलों और अमेरिका के साथ किसी संभावित समन्वय से जुड़े सवालों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## दक्षिणी फिलीपीन

चले जाएं या अंदरूनी इलाकों में सुरक्षित पहुंच जाएं। ताइवान, जापान, गुआम, पापुआ न्यू गिनी और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र के कई द्वीपीय देशों और क्षेत्रों में सुनामी की कुछ लहरें आ सकती हैं। इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी और उत्तरी मलुकु प्रांतों में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए।

## पासपोर्ट सेवा

कहा कि तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने, विवाद कम करने और राजस्व अपवंचन रोकने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपत्तियों के मूल्यांकन में एकरूपता और पारदर्शिता लाने के लिए मानकीकृत मूल्यांकन व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। इससे बाजार आधारित मूल्यांकन सुनिश्चित होगा तथा मूल्यांकन संबंधी विवादों में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से निवेश और औद्योगिक विकास का केंद्र बन रहा है। ऐसे में विधिक व्यवस्थाओं को भी वर्तमान आर्थिक और व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में स्पष्टता होने से निवेशकों का विश्वास बढ़ता है, अनावश्यक विवाद और मुकदमेबाजी कम होती है तथा कारोबार करने की सुगमता को बल मिलता है। बैठक में कॉरपोरेट पुनर्गठन, विलय, विभाजन, समामेलन, अधिग्रहण, सीमित दायित्व भागीदारी (एलएलपी), शेयरधारिता में परिवर्तन, आवासीय सहकारी समितियों तथा रेरा के अंतर्गत विक्रय करारों से जुड़े विषयों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में स्पष्ट और व्यावहारिक स्टाम्प शुल्क व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न राज्यों की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं का अध्ययन करते हुए ऐसा विधिक ढांचा तैयार किया जाए जिससे निवेश को प्रोत्साहन मिले, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस मजबूत हो, विवादों में कमी आए और राज्य के राजस्व हित भी सुरक्षित रहें।

## यूपी में 450

सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह संग बटन दबाकर क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया। इसे लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र को परिवर्तित कर स्थापित किया गया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि हम लोग सीजन में अतिवृष्टि-अनावृष्टि, आकाशीय बिजली आदि के संबंध में मेट्रोलॉजिकल व अन्य विभागों की बैठक में चर्चा करते थे कि समय पर सटीक जानकारी मिलने से सही रणनीति संभव होती है। आज केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में लखनऊ खुद को मेट्रोलॉजिकल रीजनल सेंटर के रूप में स्थापित कर रहा है। यह यूपी के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को वैज्ञानिक तरीके से आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सीएम ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के प्रति आभार भी जताया। सीएम ने कहा कि आजादी के बाद इस विषय पर अपेक्षित ध्यान न देने का परिणाम था कि अन्नदाता किसान अपेक्षित प्रगति नहीं कर पाए। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनधन की हानि को रोकने वाले प्रयास भी अधूरे रहे। लेकिन, पिछले 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में डॉ. जितेंद्र सिंह ने जो अभियान प्रारंभ किया, उसका परिणाम सभी देख रहे हैं। 12 वर्ष पहले बारिश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, आकाशीय बिजली के खतरों के बारे में जो जानकारी मिलती थी, होता उससे ठीक उल्टा था, लेकिन अब मौसम की सटीक जानकारी प्राप्त हो रही है। सीएम ने कहा कि 13 मई को आंधी-तूफान से प्रदेश के कुछ जनपदों में जनधन की काफी हानि हुई थी। बैठक में मैंने पूछा कि अर्ली वार्निंग सिस्टम क्यों काम नहीं कर रहा था। पता चला कि सिस्टम तो काम कर रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की सक्रियता का अभाव है। फिर रात में पूरे प्रदेश के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मैंने कहा कि जब आपको अलर्ट मिल रहा है तो आपको भी स्थानीय स्तर पर लोगों व संस्थाओं को अलर्ट करना चाहिए। इस बैठक के चौथे-पांचवें दिन भी आपदा आई, लेकिन तीन घंटे पहले सबके मोबाइल पर अलर्ट आना प्रारंभ हो गया। सीएम ने सहारनपुर की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां शिवालिक पहाड़ी की तलहटी में मां शाकम्भरी देवी का मंदिर है। देहरादून व शिवालिक पहाड़ियों में भारी बरसात हुई। यहां बारिश होने से एकत्र होने वाला जल बाढ़ जैसा माहौल पैदा कर देता है। उस समय मंदिर में कीर्तन चल रहा था, काफी श्रद्धालु मौजूद थे, लेकिन मौसम विभाग ने समय से सही जानकारी दी तो सभी को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया, जिससे जनधन की व्यापक हानि रुक गई।

## प्रदेश में बनेंगे

को चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे और आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार होगा। प्रमुख सचिव, आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ भारत की पारंपरिक चिकित्सा विरासत को भी मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं ताकि प्रदेशवासियों को सुरक्षित, सस्ती तथा प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर पांच नये एकीकृत आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालय के लिए पांच मंडलों में जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। देवीपाटन मंडल में गोंडा के विकास खंड वजीरगंज के ग्राम कोडर में लगभग 14.82 एकड़ भूमि, मीरजापुर मंडल में सदर तहसील के ग्राम अकोढ़ी में 13.83 एकड़ भूमि, मेरठ मंडल के लिए गाजियाबाद के मोदीनगर तहसील के ग्राम सैदपुर हुसैनपुर डलना में 11 एकड़ भूमि, आगरा मंडल में किरावली तहसील के ग्राम अकबरा में 13.5 एकड़ भूमि और बस्ती मंडल में हरैया तहसील के ग्राम जोगापुर में 15 एकड़ भूमि महाविद्यालय की स्थापना के लिए चिन्हित की गयी है। इनमें से चार मंडलों में जमीन पहले ही आयुष विभाग के नाम दर्ज है, जबकि बस्ती में भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आयुष महानिदेशक एवं मिशन निदेशक चैत्रा वी. ने बताया कि सभी पांच मंडलों में आयुष महाविद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध हो गयी है। वहीं वर्तमान में राजकीय एकीकृत आयुष महाविद्यालय एवं चिकित्सालय का नक्शा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए आयुष महाविद्यालय केवल शिक्षा संस्थान नहीं होंगे, बल्कि शोध और नवाचार के केंद्र के रूप में भी विकसित किए जाएंगे। यहां आयुर्वेदिक औषधियों, योग चिकित्सा, जीवनशैली आधारित उपचार और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे भारतीय चिकित्सा परंपरा को वैज्ञानिक आधार पर और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही मंडल में उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्रों को बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। महाविद्यालयों में आधुनिक प्रयोगशालाएं, चिकित्सालय, अनुसंधान सुविधाएं और प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जाएंगे, जिससे आयुष शिक्षा को नई गुणवत्ता और पहचान मिलेगी।

## विशाखापत्तनम

अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता पहुंचा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई। पीएम मोदी ने घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक मदद देने का एलान किया है। विशाखापत्तनम जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार यादव को बताया कि सोमवार शाम 6.30 बजे तक आठ मृतकों में से छह के शव इस्पात संयंत्र के सामान्य अस्पताल पहुंच चुके हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय पिघले लोहे का तापमान करीब 1,600 डिग्री सेल्सियस था। अत्यधिक गर्म धातु मजदूरों पर गिरने से वे इसकी चपेट में आ गए।

## राजग का

आया है, जहां उसके 80 विधायकों में से 58 ने पार्टी आला कमान के अनुभवी नेता शोभनदेब चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता नियुक्त करने के फैसले को सिरे से खारिज कर दिया और निष्कासित विधायक रिताब्रता बनर्जी को उस पद पर नामित कर दिया। विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद से तृणमूल कांग्रेस में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल सोमवार को उसके संसदीय खेमे में भी फैलती नजर आई, जब बागी सांसदों के एक समूह ने केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को समर्थन दिया, जबकि पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ अखिल भारतीय स्तर पर रणनीति तैयार करने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली में थीं।

## सांस्कृतिक धरोहर

के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। दूरस्थ गांवों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विशेष विकास कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही छात्रवृत्ति, कौशल विकास और अन्य शैक्षणिक सहायता योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## वकीलों की हड़ताल

जारी कर दो सप्ताह में शपथपत्र के साथ जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने यह भी नोट किया कि सेंट्रल बार एसोसिएशन ने दो अधिवक्ताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पांच वर्ष के लिए सदस्यता से निष्कासित किया है। मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी। दरअसल इस केस की सुनवाई करते हुए पूर्व में कोर्ट ने कैसरबाग में पुराने हाईकोर्ट परिसर के आस-पास से वकीलों व अन्य द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था, पुलिस प्रशासन और नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का अधिवक्ताओं ने विरोध किया था और न्यायिक कार्य का बहिष्कार भी किया था। इस पर कोर्ट बहुत नाराज हुई थी और जिला जज से रिपोर्ट मांगी थी।




# भारत ने अफगानिस्तान को पारी व 300 रन से हराया

## भारत की यह पारी के अंतर के आधार पर सबसे बड़ी जीत रही

एजेंसी




मुल्लांपुर। भारत ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट में तीसरे ही दिन सोमवार को एक पारी और 300 रन से हरा दिया और बायें हाथ के स्पिनर मानव सुतार का पदार्पण मैच में यादगार प्रदर्शन मेजबान के लिये इस मैच की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। पहली पारी में सुतार के छह विकेट के दम पर भारत ने अफगानिस्तान को 152 रन पर आउट कर दिया था। दूसरी पारी में अफगानिस्तान की टीम 35.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गई। भारत की यह पारी के अंतर के आधार पर सबसे बड़ी जीत रही। दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने चार और कुलदीप यादव ने तीन विकेट चटकाये।

भारत ने 2018 में अफगानिस्तान को एक पारी और 260 रन से हराया था लेकिन मेहमान टीम के लिये राहत की बात यह है कि वे इस मैच को तीसरे दिन तक खींचकर ले गए। मैच के नायक राजस्थान के श्रीगंगानगर के बायें हाथ के स्पिनर सुतार रहे। पदार्पण में एक पारी के पांच विकेट चटकाने वाले वह भारत के दसवें गेंदबाज बन गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन से भविष्य में रविंद्र जडेजा के विकल्प के तौर पर खुद को खड़ा कर दिया। भारत के पास टर्निंग पिचों पर विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं लेकिन 23 वर्ष के सुतार ने दिखा दिया कि वह सपाट पिचों पर भी विकेट ले सकते हैं। रविचंद्रन अश्विन के संन्यास और जडेजा के कैरियर के आखिरी दौर के बीच सुतार के लिये यह सर्वश्रेष्ठ समय भी है। अफगानिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारतीय स्पिनरों ने उनके गैर जिम्मेदाराना शॉट चयन का पूरा फायदा उठाया। पहली पारी की गलतियों से भी अफगान बल्लेबाजों ने सबक नहीं सीखा और दूसरी पारी में प्रदर्शन और खराब रहा। बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल (42) चाय से पहले आखिरी गेंद पर आउट हुए। इस साल दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े अटल ने वॉशिंगटन सुंदर की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में मोहम्मद सिराज को आसान कैच दिया।

रहमानुल्लाह गुरबाज (24) ने कुलदीप की गेंद पर हवाई शॉट खेला और लांग आन सीमा पर सिराज ने उनका कैच लपक लिया। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह (13) ने सुंदर की गेंद पर सुतार को कैच थमाया। सुतार ने सुबह जब पारी में पांच विकेट पूरे किये तो यह कारनामा देखने के लिये मैदान पर बमुश्किल 500 दर्शक थे। अपने पहले टेस्ट में पारी के पांच विकेट लेने वाले वह सातवें स्पिनर बने। वहीं दूसरी ओर बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने अपने करियर की पहली पारी में ही छह विकेट लेने का कारनामा किया जिससे भारत ने एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच की तीसरे दिन सोमवार को यहां लंच से कुछ देर पहले अफगानिस्तान को पहली पारी में 152 रन पर समेट दिया।

भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इस तरह से उसने अफगानिस्तान पर पहली पारी के आधार पर 412 रन की बढ़त हासिल की। अफगानिस्तान ने फॉलोऑन के बाद लंच तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 18 रन बनाए। इस तरह से भारत अभी अफगानिस्तान से 394 रन आगे है। लंच के समय सेदिकुल्लाह अटल 16 और अब्दुल मलिक दो रन पर खेल रहे थे। सुथार ने 33 रन देकर छह विकेट लिए। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 37 रन देकर तीन और ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर ने 21 रन देकर एक विकेट लिया। यह खेदजनक था कि जब टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे सुथार ने एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल की तो स्टेडियम में इसका जश्न मनाने के लिए मुश्किल से 500 लोग ही मौजूद थे। उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट मैच में एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने वाले 10वें भारतीय गेंदबाज बनकर इतिहास रचा। वह अपने पहले ही टेस्ट मैच में यह मुकाम हासिल करने वाले सातवें स्पिनर हैं।

अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के पास सुथार की बलखाती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। दूसरे दिन दोपहर में अपनी गति और धीमी पिच पर टर्न हासिल करने अपनी क्षमता से प्रभावित करने के बाद यह तो तय था कि वह पांच विकेट पूरे कर लेंगे। अफगानिस्तान की तरफ से रहमत शाह (135 गेंदों पर 60 रन) एकमात्र बल्लेबाज थे जिन्होंने कुछ संघर्ष किया। उन्होंने स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवाया।

सुथार का यह पारी में पांचवा विकेट था। रहमत और चोटिल शराफुद्दीन अशरफ (11) ने बीच में लगभग 11 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया था।

### मैंने सीखा कि टेस्ट क्रिकेट में निरंतरता ही सबकुछ है : सुथार

मुल्लांपुर। अपने पदार्पण टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के खब्बू स्पिनर मानव सुथार ने कहा कि क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में निरंतरता और धैर्य ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में भारत की पारी और 300 रन की विशाल जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सुथार को मैच में सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

सुथार ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि निरंतरता ही सब कुछ है। आपको बार-बार एक ही क्षेत्र में गेंदबाजी करनी होगी। मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें धैर्य की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा, मैंने यही सीखा है कि धैर्य के साथ अपनी योजनाओं पर कायम रहें और लगातार सही लाइन व लेंथ पर गेंदबाजी करते रहें। इस 23 साल के गेंदबाज ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए अपने सपने को सच करने जैसा है। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय अनुभव था।

# भारत को उलानबटोर ओपन में तीन स्वर्ण सहित 17 पदक

एजेंसी



उलानबटोर। भारत ने उलानबटोर ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार अंत किया जब यहां प्रतियोगिता के अंतिम दिन दीपक (61 किग्रा), सागर जगलान (74 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। रविवार को इन तीनों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत पुरुष फ्रीस्टाइल में सात पदक हासिल करने में सफल रहा।

भारत ने फ्रीस्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला कुश्ती में कुल मिलाकर 17 पदक जीते और टीम तालिका में शीर्ष तीन में शामिल रहा। दीपक ने कजाखस्तान के आसिल एताकिन को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराकर 61 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि दिनेश ने 125 किग्रा के फाइनल में कजाखस्तान के येदिगे कासिमबेक को 2-0 से हराया। सागर ने रूस के तामिर एशिनिमाएव को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर 74 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारत के लिए फ्रीस्टाइल वर्ग में सुमित (57 किग्रा), कुमार मोहित (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने चार कांस्य पदक भी जीते जिससे भारत टीम चैंपियनशिप में रूस के बाद उप विजेता रहा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, हमारी फ्रीस्टाइल टीम का उप विजेता बनना और ग्रीकोरोमन टीम का ओवरऑल चैंपियनशिप जीतना भारतीय कुश्ती के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा, विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा के बीच 17 पदक जीतना महाद्वीपीय स्तर पर हमारे खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धी क्षमता को दर्शाता है। इससे पहले भारत के ग्रीकोरोमन पहलवानों में सुनील (87 किग्रा) और नितेश (97 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि साहिल ने 60 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। भारत की ग्रीकोरोमन टीम ने 119 अंक के साथ ओवरऑल टीम खिताब जीता। महिला पहलवानों ने सात पदक जीते जिसमें मनीषा (57 किग्रा), नेहा (59 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। नीलम (50 किग्रा), हंसिका लाम्बा (55 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने प्रज्ञानानंदा को 50 लाख का पुरस्कार दिया

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को सोमवार को यहां 50 लाख रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रज्ञानानंदा ने ओस्लो में अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर खिताब जीता था।

मुख्यमंत्री ने प्रज्ञानानंदा को सम्मानित करने के बाद इस युवा ग्रैंडमास्टर के साथ शतरंज की एक बाजी भी खेली। प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में जीत को अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि मैग्नस कार्लसन सहित दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को हराना इस खिताब को विशेष रूप से यादगार बनाता है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2013 में हुई थी और इससे पहले कोई भी भारतीय खिलाड़ी इसे जीत नहीं पाया था।

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री के समर्थन से योगासन को ओलंपिक खेल बनाने की मुहिम तेज

अहमदाबाद। विश्व योगासन और योगासन भारत के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन के कारण योगासन को ओलंपिक खेल बनाने की महत्वाकांक्षा को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि योगासन का एक खेल के रूप में अच्छा भविष्य है और इसे ओलंपिक में शामिल करना वास्तविक लक्ष्य है। आर्य ने कहा, हमें अब प्रधानमंत्री का समर्थन मिल गया है। अब यह खेल बहुत तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा, आप किसी भी देश के प्रतिनिधि से बात करें, वे कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस खेल के बारे में बात की है और इससे उन्हें इसमें भाग लेने का प्रोत्साहन मिला। आर्य ने कहा, प्रधानमंत्री के बयान के बाद योगासन से जुड़े लोगों को आत्मविश्वास मिला है और अब यह विश्वास बन गया है कि यह ओलंपिक खेल बन सकता है। इसके लिए हमें अच्छी तैयारी करनी होगी। आर्य ने कहा कि योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में बढ़ावा देने में सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि योग को केवल आध्यात्मिक या स्वास्थ्य लाभ के रूप में देखा जाता था लेकिन अब यह धारणा बदल रही है।

### हिमाचल के मुख्यमंत्री ने बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम का किया उद्घाटन

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला के संजौली इलाके में एक बहुउद्देशीय स्टेडियम का उद्घाटन किया। यहां जारी एक बयान के अनुसार 3.18 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं के लिए एक ओपन मैदान, एक हॉल, एक ओपन हॉल और एक रसोईघर के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पहले चिट्टा जागरूकता वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भी किया और जीतने वाली टीम के लिए एक लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की। यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन महोत्सव शिमला के हिस्से के तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने संजौली मैदान को और बेहतर बनाने के लिए एक करोड़ रुपये, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बनाने और संजौली होली मेले को जिला स्तर का दर्जा देने की घोषणा की।

# डॉ. आनंद किशोर को मिला 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड

लखनऊ। शिक्षा, खेल एवं खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) एवं एसएनआई स्पोर्ट्स कॉरपोरेशन के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड-2026' से सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठित जिमखाना क्लब, लखनऊ में आयोजित 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड्स-2026' समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें विद्यालयी खेलों के विकास, खेल शिक्षा के प्रसार, खेल अवसंरचना निर्माण तथा खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। समारोह में शिक्षा एवं खेल क्षेत्र से जुड़े



कई प्रमुख व्यक्तित्वों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अनएडेड स्कूल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल, मॉडर्न ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक राजीव तुली और सुनील तुली, अवध ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन ऋषि गोयल एवं अन्य को सम्मानित किया गया।

### विश्व कप के जरिये एशियाई खेलों की तैयारी करेगी भारतीय तीरंदाजी टीम

अंताल्या। नये चेहरों के साथ उतर रही भारतीय तीरंदाजी टीम मंगलवार से यहां शुरू हो रहे विश्व कप तीसरे चरण के जरिये आगामी एशियाई खेलों की तैयारी शुरू करेगी। स्टार तीरंदाज दीपिका कुमारी का महिला रिकर्व टीम में नहीं होना चर्चा का केंद्र है जबकि पिछले महीने ही वह शंघाई में विश्व कप स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी। भारत ने ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया और मेजबान चीन को हराते हुए खिताब जीता था। शंघाई विश्व कप के बाद भारतीय तीरंदाजी संघ ने विश्व कप के तीसरे और चौथे चरण के साथ एशियाई खेलों के लिये भी चयन ट्रायल आयोजित किये। ट्रायल में दीपिका, उनके ओलंपियन पति अतनु दास और एशियाई खेल कंपाउंड चैम्पियन ओजस देवताले शीर्ष तीन में नहीं रहे।

# ताजिकिस्तान पर सम्मान बचाने उतरेगा भारत



एजेंसी

हिसोर (ताजिकिस्तान)। पिछले मुकाबले में ताजिकिस्तान से करारी शिकस्त झेलने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम मंगलवार को यहां इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दूसरे और अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में अपनी गिरती हुई लय पर विराम लगाने और सम्मान बचाने के इरादे से मैदान में उतरेगी। ताजिकिस्तान ने शुक्रवार को इसी मैदान पर खेले गये मुकाबले में भारत को 3-1 से हराया था। पूरे मैच के दौरान भारतीय टीम रक्षापंक्ति की गलतियों, मध्यपंक्ति में तालमेल और रचनात्मकता की कमी दिखी। इसके साथ ही आक्रमण पंक्ति भी सीमित अवसरों को भुनाने में विफल रही। भारत ने पिछले साल अगस्त में सीएएफए नेशंस कप में ताजिकिस्तान को हराया था। वह राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच खालिद जमील का पहला मुकाबला था। टीम हालांकि उस जीत से प्रेरणा लेने में नाकाम रही और पिछले महीने लंदन में खेले गए यूनिटी कप से चला आ रहा खराब प्रदर्शन जारी है।

यूनिटी कप में भारत को जमैका से 0-2 और जिम्बाब्वे से 0-1 से हार मिली थी। लगातार तीन हार झेल चुकी भारतीय टीम ने पिछले साल अगस्त से अब तक खेले गए 12 मुकाबलों में केवल तीन जीत दर्ज की हैं। भारत शुक्रवार की हार के बाद फीफा रैंकिंग में तीन स्थान फिसलकर 139वें पायदान पर पहुंच गया, जबकि ताजिकिस्तान तीन स्थान की छलांग लगाकर 100वें स्थान पर है। भारत यूनिटी कप और ताजिकिस्तान के खिलाफ पहला मैत्री मैच मोहन बागान सुपर जायंट के सात खिलाड़ियों के बिना खेला। मोहन बागान ने फीफा विंडो का हवाला देते हुए यूनिटी कप के लिए आखिरी समय में अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया था।

इसके बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को ताजिकिस्तान दौरे के दो मैत्री मैचों के लिए मोहम्मद सनान कुंडोयी, विक्रम प्रताप सिंह और मैकार्टन लुई निक्सन को ताजिकिस्तान के खिलाफ घोषित 22 सदस्यीय टीम में शामिल किया। एशियाई कप के लिए क्वालीफाइ करने में नाकाम रहने के बाद भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट आ रही है तो वहीं पिछले साल अगस्त में भारत से हार का सामना करने के बाद ताजिकिस्तान पिछले सात मैचों में अजेय है। टीम ने एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन भी हासिल कर लिया है। दोनों टीम के बीच सात मैचों में चार ताजिकिस्तान ने जीते है जबकि भारत को दो सफलता मिली है। एक मैच बराबरी पर छूटा है। मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8:30 बजे शुरू होगा।

### टीम को अब बदलाव के दौर के नजरिये से देखना बंद करना होगा : गावस्कर

मुल्लांपुर। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजी के बजाय बल्लेबाजी को भारत की सबसे बड़ी चिंता बताते हुए सोमवार को कहा कि टीम को अब बदलाव के दौर (ट्रांजिशन) की सोच से बाहर आना होगा। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन पारी और 300 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने पहली पारी में छह विकेट समेत मैच में कुल सात विकेट लिए। गावस्कर ने जियोस्टार के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव में कहा कि हर टीम में समय-समय पर खिलाड़ियों का आना-जाना और बदलाव होता है, लेकिन प्रदर्शन के स्तर को बनाए रखने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि टीम को बदलाव के दौर में बताने के बजाय टेस्ट क्रिकेट के मानकों पर परखा जाए। हर टीम में संन्यास, नए खिलाड़ियों का आना और बदलाव होते रहते हैं, लेकिन ध्यान प्रदर्शन पर होना चाहिए। गावस्कर ने कहा, भारत के हाल के टेस्ट नतीजों को देखें तो गेंदबाजों ने अपना काम काफी हद तक किया है।

# विश्व कप : भारत के सलामी बल्लेबाजों व गेंदबाजों की फॉर्म की चिंता का विषय



एजेंसी

नयी दिल्ली। आठ महीने के अंदर दूसरा आईसीसी खिताब जीतने की कवायद में लगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 12 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में परचम लहराने के लिए व्यक्तिगत प्रतिभा पर निर्भर रहना पड़ सकता है, क्योंकि उसके सभी विभागों में कुछ न कुछ कमियां हैं। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा था लेकिन तब भी उसकी टीम को बीच में संघर्ष करना पड़ा था। ऐसे में जेमिमा रोड्रिग्स ने जिम्मेदारी संभाली और भारत को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुछ समय पहले तक ऐसा लग रहा था कि भारत ने सबसे छोटे प्रारूप में लगभग सभी विभाग में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड से लगातार दो श्रृंखला हारने से उसकी कमजोरियां उजागर हो गई हैं। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना का प्रदर्शन हाल ही में अच्छा नहीं रहा है।

यही नहीं निचले क्रम के बल्लेबाज भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टीम की प्रमुख पावर हिटर ज्ऋचा घोष 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच से पहले रन बनाने के लिए जूझ रही हैं। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन भी बल्ले और गेंद दोनों से ही निराशाजनक रहा है। भारत की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी के अनुसार भारत की मुख्य समस्या बल्लेबाजी और फील्डिंग से नहीं बल्कि गेंदबाजी विभाग से जुड़ी है। उनकी चिंताएं जायज हैं क्योंकि इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 181 रन के मुश्किल लक्ष्य को आसानी से हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला जीती। चोटिल ऑलराउंडर काश्वी गौतम और अमनजोत कौर की अनुपस्थिति ने टीम का संतुलन गड़बड़ा गया है। भारतीय टीम स्पिन गेंदबाजों पर अधिक निर्भर रही है और तेज गेंदबाजी विभाग में उसके पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में नंदिनी शर्मा का अच्छा प्रदर्शन भारत के लिए सकारात्मक पहलू रहा है। इसके अलावा बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने भी अपना प्रभाव छोड़ा है।

ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल ने वापसी के बाद से ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है, लेकिन कुल मिलाकर गेंदबाजी बहुत ज्यादा आत्मविश्वास नहीं दिलाती है। रंगास्वामी ने पीटीआई से कहा, हाल में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन उनका रवैया सकारात्मक बना हुआ है। मुझे पूरा भरोसा है कि वे विजेता बनने में सफल रहेंगे।



### 25मीटर पिस्टल में राही शीर्ष, मनु दूसरे पायदान पर

देहरादून। एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय चयन ट्रायल-4 (टी4) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस ट्रायल का आयोजन भारत की एशियाई खेलों की निशानेबाजी टीम के चयन के लिए किया जा रहा है। ओलंपियन राही पूरे फाइनल के दौरान लय में नजर आईं। उन्होंने 37 निशाने के साथ शीर्ष स्थान पक्का किया। मनु भाकर 35 निशाने के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कर्नाटक की दिव्या टीएस ने 29 निशाने के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक तमिलनाडु की निवेदिता वी. नायर 24 निशाने के साथ चौथे स्थान पर रहीं। ओलंपियन रिदम सांगवान 22 निशाने के साथ पांचवें स्थान पर रहीं जबकि पंजाब की अर्शदीप कौर ने 18 निशाने के साथ छठा स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र की अभिद्न्या अशोक पाटिल 13 निशाने के साथ सातवें स्थान पर रहीं, जबकि क्वालीफिकेशन में 586 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली मध्य प्रदेश की चिंकी यादव फाइनल में नौ हिट्स के साथ आठवें स्थान पर खिसक गईं।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन : सिंधू की निगाह खिताब पर

एजेंसी



सिडनी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं। पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है। सिंधू को यहां अनुकूल ड्रॉ मिला है।

इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका सामना हमवतन इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिंधू पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में राउंड-ऑफ-16 में पहुंची थी जहां उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था। अगर सिंधू सेमीफाइनल तक पहुंचती है तो वहां उनका सामना जापान की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से हो सकता है। फाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से हो सकता है। महिला एकल ड्रॉ में ही तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चियू पिन-चियान से, जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा। अनमोल खरब को जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से, जबकि तान्या हेमंत का अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगा।

**पुरुष वर्ग में आयुष करेंगे अगुवाई**

पुरुष एकल में विश्व के 20वें नंबर के खिलाड़ी और यहां छठी वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी अपना पहला मैच क्वालीफायर के खिलाफ खेलेंगे।

एचएस प्रणय का मुकाबला इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबा से होगा, जबकि किरण जॉर्ज पहले दौर में मलेशिया के जस्टिन होह का सामना करेंगे। पुरुष युगल में इंडोनेशिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन को पहले दौर में चीनी ताइपे के ली फांग-चिह और ली फांग-जेन की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अच्युतादित्य राव डोड्डावारापू और पोचना अर्जुन रेड्डी का मुकाबला चीन के हुआंग डि और लियू यांग से होगा। महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में कोई भी भारतीय जोड़ी भाग नहीं ले रही है।

# हर साल होते है पांच लाख सड़क हादसे

## सड़क सुरक्षा के लिए नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्णः गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए नागरिकों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए जनता के व्यवहार में बदलाव लाना और यातायात कानूनों को लागू करना देश की सबसे बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। गडकरी ने कहा कि भारत में हर वर्ष लगभग पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और इनमें करीब 1.80 लाख लोगों की मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि सड़क



सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और सड़कों पर होने वाली मौतों को कम करने के लिए नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। हमारी सबसे बड़ी समस्या लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना और यातायात नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करना है। भारत में 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख से अधिक हो गई, यानी की देश में प्रतिदिन औसतन 485 लोगों की जान सड़क हादसों में गई। देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2023 के दौरान कुल 4,80,583 सड़क दुर्घटनाओं की सूचना दी गई, जिनमें 1,72,890 लोगों की जान गई और 4,62,825 लोग घायल हुए।

# पिछले 12 वर्षों में भारत में कई परिवर्तन आये : प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में उठाए गए विभिन्न कल्याणकारी कदमों पर सोमवार को प्रकाश डाला और कहा कि भारत ने कई परिवर्तन देखे हैं और इन परिवर्तनों का मूल गरीबों का कल्याण है। अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा वर्ष पूरा होने पर, मोदी ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों का उल्लेख किया और कहा कि ये सभी कदम लोगों को गरिमा और अवसर दिलाने के सरल उद्देश्य से प्रेरित हैं।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने कई परिवर्तन देखे हैं और इन परिवर्तनों के मूल में गरीबों और वंचितों का कल्याण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हमेशा अंत्योदय से प्रेरित रही है और उसका प्रयास हमेशा यह सुनिश्चित करना रहा है कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे जो दशकों से पीछे छूटे हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि यह खुशी की बात है कि गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लोगों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि इससे खामियों में कमी आई है, कार्यकुशलता में



सुधार हुआ है और शासन में विश्वास मजबूत हुआ है। इसी तरह गरीब कल्याण को आगे बढ़ाने की यह यात्रा मानव सशक्तीकरण और विकसित भारत के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में एक सामूहिक आंदोलन बन गई है। मोदी ने नौ जून 2024 को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, उनका दूसरा कार्यकाल 30 मई 2019 को शुरू हुआ।

# देश में 58 करोड़ जन धन खातों से करोड़ों लोग औपचारिक बैंकिंग से जुड़ेः सीतारमण

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि 58 करोड़ से अधिक जन धन खातों ने करोड़ों भारतीयों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, जन धन योजना के तहत कल्याणकारी योजनाओं, कम लागत वाले बीमा और पेंशन के लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर भारतीय के लिए गरिमा, अवसर एवं सशक्तीकरण की गारंटी है। सीतारमण ने कहा कि गरीबी और अभाव के खिलाफ लड़ाई में भारत वैश्विक स्तर पर अलग पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत 28 अगस्त, 2014 को की गई थी। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल में से एक है। इस योजना के तहत 56 प्रतिशत खाताधारक महिलाएं हैं। वहीं 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये लाभार्थियों के खातों में लगभग 45 लाख करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए हैं। अब भारत की 94 प्रतिशत वयस्क आबादी के पास बैंक खाता है। इस योजना के तहत खोले गए खातों में शून्य बैलेंस की सुविधा, मुफ्त रुपे कार्ड, दुर्घटना बीमा और ओवरड्राफ्ट की सुविधा मिलती है। इसने लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ने में मदद की है जिससे उनके जीवन में बदलाव आया है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

## संक्षेप

### यूक्रेन ने रूस और क्रीमिया के तेल ठिकानों को निशाना बनाया

कीव। यूक्रेन की सेना ने रूस और उसके कब्जे वाले यूक्रेनियाई इलाकों में स्थित तेल ठिकानों को निशाना बनाया। यूक्रेन और रूस के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूक्रेन ने रूस को युद्ध की आर्थिक कीमत चुकाने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत इन हमलों को अंजाम दिया।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेनाओं ने सोमवार की सुबह तक मॉस्को क्षेत्र, पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी रूस, उसके नियंत्रण वाले क्रीमिया और काला सागर और आज़ोव सागर इलाके में यूक्रेन की ओर से किये गए 310 ड्रोन हमलों को नाकाम कर दिया। यूक्रेन की वायु सेना के मुताबिक रूस ने उसपर 155 ड्रोन हमले किये जिनमें से 124 को नाकाम कर दिया गया। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने कहा कि यूक्रेन की सेना ने रविवार रात रूस के क्रास्नोदार क्राई क्षेत्र पर हमला किया। उन्होंने बताया कि यह हमला नोवोरोस्सियस्क के पास स्थित ग्रुशोवाया तेल परिवहन अड्डे किया गया, जो दक्षिणी रूस में तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के सबसे बड़े परिवहन केंद्रों में से एक है। रूस के क्षेत्रीय अधिकारियों ने पुष्टि की कि यूक्रेन के एक ड्रोन हमले से तेल सुविधा केंद्र में आग लग गई। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है।

# जयपुर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, धार्मिक स्थल टूटेंगे

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) शहर के एक क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के लिए उसकी सीमा में आने वाले धार्मिक स्थलों को हटाने के उद्देश्य से सोमवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चला रहा है जिसके तहत दो मंदिर और एक मस्जिद समेत पांच धार्मिक ढांचों को हटाया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार, एहतियात के तौर पर प्रशासन ने शहर के कई इलाकों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी हैं। शहर के जगतपुरा स्थित नंदपुरी अंडरपास क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 3,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। अभियान के तहत रेलवे लाइन के समानांतर सड़क को 80 फुट तक चौड़ा किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, सड़क की निर्धारित सीमा में आने वाले पांच धार्मिक ढांचोंएक मस्जिद, दो मंदिर, एक सत्संग भवन और एक मजार को इस कार्वाई के दौरान हटाया जाएगा। जयपुर उत्तर और जयपुर पूर्व पुलिस जिलों में रविवार रात 12 बजे से सोमवार रात 12 बजे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी।

# भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि सहयोगी और साझेदार के रूप में देखना चाहिए : चीन

बीजिंग। चीन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिस्पर्धी या प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि सहयोगी और साझेदार के रूप में देखना चाहिए और दोनों देशों को यह समझना चाहिए कि वे एक-दूसरे के विकास और तरक्की के लिए अवसर हैं, न कि खतरा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने चीन-भारत संबंधों पर की गईं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की टिप्पणियों और दोनों देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखने के लिए रूस के प्रयासों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए यहां संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

पुतिन ने बृहस्पतिवार को पीटीआई समेत दुनिया की प्रमुख समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ हुई बातचीत के दौरान वे टिप्पणियां की थीं। लिन ने कहा कि फिलहाल चीन-भारत सीमा पर स्थिति सामान्य रूप से स्थिर है और दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिस्पर्धी या प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि सहयोगी और साझेदार के रूप में देखना चाहिए और दोनों देशों को यह समझना चाहिए कि वे एक-दूसरे के विकास और तरक्की के लिए अवसर हैं, न कि खतरा। उन्होंने कहा कि चीन और भारत को इस सोच पर कायम रहना चाहिए कि दोनों देश प्रतिस्पर्धी या प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि सहयोगी साझेदार हैं और दोनों देश एक-दूसरे के विकास के लिए अवसर हैं, न कि खतरा। पीटीआई समेत दुनिया की प्रमुख समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ व्यापक बातचीत के दौरान पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, दोनों की प्रशंसा की।

# मानसून के सक्रिय होने के कारण केरल में भारी बारिश की चेतावनी



तिरुवनंतपुरम। केरल में सोमवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय रहा और राज्य भर में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जो अलग-अलग हिस्सों में 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक की अत्यधिक भारी बारिश की आशंका होने पर जारी किया जाता है। तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम और वायनाड जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस अलर्ट के अनुसार इन क्षेत्रों में छह सेंमी से 11 सेंमी तक भारी बारिश होने की संभावना है। मंगलवार के लिए आईएमडी ने मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है वही पथनमथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, त्रिशूर और पलक्कड़ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है क्योंकि केरल के तटों और उनके आसपास के क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 60 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवाएं चल सकती हैं। सोमवार के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग ने तिरुवनंतपुरम जिले के लिए तीन घंटे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जिसमें 50 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं और गरज और बिजली के साथ छिटपुट स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए सावधानी के तौर पर राज्य भर में कई पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया गया है।

# इंडिया गठबंधन ने प्रधान का इस्तीफा मांगा, सीजेआई को लिखेगा पत्र

नयी दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सोमवार को एकजुटता प्रदर्शित करते हुए सोमवार को लाखों युवाओं के भविष्य के साथ विश्वासघात करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और कहा कि वह वोट लूट को लेकर जल्द ही प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को पत्र लिखेगा।

गठबंधन ने यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में करीब ढाई घंटे की बैठक के बाद केंद्र सरकार सरकार से गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों तथा जनसरोकारों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की बुलाने की मांग भी की। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के नेताओं ने यह सहमति भी जताई कि वे हर दो महीने पर बैठक करेंगे और उनकी अगली बैठक आगामी अगस्त महीने में हैदराबाद में होगी। इस बैठक में चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा नीट-



यूजी और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली से जुड़े विवाद, देश की आर्थिक स्थिति के साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विषय पर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) की सुप्रिया सुले समेत 22 दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख एवं राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस बैठक में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े थे। बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता एवं जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास, भाकपा महासचिव डी. राजा, भाकपा (माले) लिबरेशन के दीपांकर भट्टाचार्य, निर्दलीय राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल और कई अन्य दलों के नेताओं ने भाग लिया।

# माझी के हेलीकॉप्टर को पुरी में आपात स्थिति में उतारा गया

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के हेलीकॉप्टर को सोमवार शाम खराब मौसम के कारण पुरी में आपात स्थिति में उतारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। माझी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग के साथ मयूरभंज जिले के बारीपाड़ा में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद भुवनेश्वर लौट रहे थे कि तभी मौसम अचानक बिगड़ गया। मुख्यमंत्री और हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। वे कुछ देर बाद भुवनेश्वर के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पायलट ने पुरी के समांग स्थित अस्थायी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतार दिया।

## इंटरटेनमेंट...

# 'वाराणसी' में रामायण से जुड़ा 30 मिनट लंबा सीक्वेंस




मुंबई। फिल्म में भगवान राम बनकर कुंभकर्ण से युद्ध करेंगे महेश बाबू। एसएस राजामौली की 'वाराणसी' लगातार चचाओं में बनी हुई है। अब फिल्म से जुड़ी एक और अपडेट सामने आ रही है कि फिल्म में भगवान राम और कुंभकर्ण के बीच युद्ध का सीन दिखाया जाएगा। इससे पहले जानकारी आई थी कि फिल्म में रामायण से जुड़ा 30 मिनट लंबा सीक्वेंस होगा।

फिल्मी फोकस द्वारा आयोजित एक इवेंट में राजामौली के पिता और फिल्म के लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने फिल्म के बारे में अपडेट साझा की। जब उनसे फिल्म के 30 मिनट लंबे सीक्वेंस के बारे में पूछा गया कि यह पौराणिक है या राजनीतिक, तो उन्होंने कहा 'यह राम और कुंभकर्ण के बीच युद्ध है, आपने ट्रेलर में देखा होगा, है ना? आपने राम और कुंभकर्ण को

**❍ महेश, रुद्र के अलावा भगवान राम के किरदार में भी नजर आएंगे**

देखा। आपने भगवान हनुमान की पूंछ और उस पर रथ देखा। मैं उसी की बात कर रहा हूं। यह सीन हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देने वाला होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या फिल्म टाइम ट्रैवल पर आधारित है और यह विचार किसका था? इस पर उन्होंने कहा कि 'हमें अब इस बारे में और बात नहीं करनी चाहिए। 'वाराणसी' में महेश, रुद्र के अलावा भगवान राम के किरदार में भी नजर आएंगे।

# महंगाई से ज्यादा बुरा हाल सैयां का है : रघुवीर यादव



मुंबई। बॉलीवुड एक्टर, सिंगर और थियेटर आर्टिस्ट रघुवीर यादव जयपुर में आयोजित बच्चों की क्यूरियो थिएटर वर्कशॉप के समापन पर आए। उन्होंने कहा- थिएटर केवल अभिनय की कला नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पाठशाला है। बच्चों को बचपन से ही रंगमंच, संगीत और कला से जोड़ दिया जाए तो उनका व्यक्तित्व निखरता है। फिल्म पीपली लाइव के फेमस गाने 'महंगाई डायन खाय जात है' का गाना आज भी लोगों को काफी पंसद है। इस पर उन्होंने कहा- महंगाई

**❍ पंचायत सीरीज पर बोले- आधी शूटिंग हो चुकी, बच्चों को थिएटर से जोड़े**

तो मेरे बचपन से बढ़ती ही चली आ रही है। गाने में 'सैयां' पर ज्यादा जोर दिया था। महंगाई से ज्यादा बुरा हाल तो सैयां का है।

अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट पंचायत के नए सीजन पर कहा कि अभी इसकी शूटिंग चल रही है। एक्टर ने अपने करियर और निजी जीवन से जुड़ी कई बात भास्कर के साथ साझा की।

# 'कृष 4' बंद होने की खबरों पर राकेश रोशन बोल

मुंबई। बॉलीवुड के चर्चित प्रोजेक्ट्स में शामिल 'कृष 4' एक बार फिर सुर्खियों में है। पिछले कुछ महीनों से खबरें थीं कि फिल्म के बजट और निर्माण को लेकर ऋतिक रोशन और यशराज फिल्म्स के बीच मतभेद चल रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ऋतिक अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'कृष 4' के लिए करीब 500 करोड़ रुपए का बजट चाहते हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसे 350 करोड़ रुपए के भीतर रखना चाहते हैं। अब इन अटकलों पर फिल्ममेकर राकेश रोशन ने प्रतिक्रिया दी है।

**❍ फिल्म को लेकर कोई समस्या नहीं, ऋतिक द्वारा ?500 करोड़ की मांग को गलत बताया**

उन्होंने कहा कि ऋतिक द्वारा 500 करोड़ रुपए की मांग किए जाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। मिड-डे को दिए इंटरव्यू में राकेश रोशन ने कहा कि यह कहना गलत है कि ऋतिक ने फिल्म के लिए 500 करोड़ रुपए का बजट मांगा है। उन्होंने इन खबरों को 'नॉनसेंस' यानी बकवास बताया। राकेश के मुताबिक, बड़ी और दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरने वाली फिल्म बनाने में समय लगता है।

# करिश्मा ने बताई वेब सीरीज 'ब्राउन' की चुनौतियां

मुंबई। करिश्मा कपूर बोलीं- आज का समय कंटेंट और किरदारों का है, जहां कलाकारों को खुद को नए तरीके से एक्सप्लोर करने का मौका मिलता है। करिश्मा कपूर अब ओटीटी पर अपने नए अवतार में नजर आ रही हैं। शुरूआत में मैंने इस प्रोजेक्ट के लिए साफ मना कर दिया था। कहानी और किरदार पसंद आए थे लेकिन 50-60 दिन कोलकाता में शूटिंग करने को लेकर मैं सहज नहीं थी। उस दौरान जी स्टूडियोज की टीम बार-बार मुझसे मिलती रही। मैं महबूब स्टूडियो में शूट कर रही थी, तब भी वे पहुंचे। आखिरकार मैंने 20 मिनट निकालकर निर्देशक अभिनय देव और टीम से बात की। रीटा ब्राउन के किरदार के बारे में




सुनते ही मेरा नजरिया बदल गया और मैंने तुरंत हां कह दिया। रीटा मुझसे बिल्कुल अलग है। वह अल्कोहलिक है, चेन स्मोकर है और दवाइयों पर निर्भर रहती है। हमारा मकसद एक ऐसी महिला को दिखाना था जो अंदर से पूरी तरह टूट चुकी है। हमने मेकअप तक का इस्तेमाल नहीं किया। लगातार सिगरेट पीने की वजह से उसके होंठ तक खराब दिखाए गए हैं। यह मेरे

**❍ कॉप रीटा की भूमिका मेरे करियर में सबसे चुनौतीपूर्ण और सीख देने वाली रही**

करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और सीख देने वाली भूमिका रही। यह कोई टिपिकल फिट और एक्शन से भरपूर पुलिस अधिकारी नहीं है। शुरूआत में रीटा इतनी अनफिट है कि ठीक से दौड़ भी नहीं पाती। हमने दिखाया है कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से कितनी टूटी हुई है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है और मर्डर मिस्ट्री खुलती है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com